






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 269

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 13 जुलाई, 2024

# यूपी के 800 गांव बाढ़ में डूबे

## दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर 3 फीट तक पानी, बद्रीनाथ रूट पर लैंडस्लाइड, 4 हजार श्रद्धालु फंसे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

तेज बारिश के कारण नेपाल-यूपी बॉर्डर के करीब 7 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महराजगंज के करीब 800 गांव में 20 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। यूपी की कई नदियां उफान पर हैं। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर शाहजहांपुर में करीब 2 से 3 फीट पानी भर गया है। इस कारण हाईवे का एक हिस्सा बंद कर दिया गया है। गाड़ियों को डाइवर्ट करके निकाला जा रहा है। शाहजहांपुर के मेडिकल कॉलेज में भी पानी भरने के बाद मरीजों को शिफ्ट कर दिया गया था। उधर, उत्तराखंड में लगातार पांच दिन से हो रही बारिश और भूस्खलन के कारण 200 सड़कें बंद हैं। सबसे खराब हालात बद्रीनाथ रूट पर है, जहां 22 जगह लैंडस्लाइड से चार धाम यात्रा मार्ग 3 दिन से बंद है। 4 हजार श्रद्धालु सड़कों पर फंसे हैं।



### उत्तराखंड: लैंडस्लाइड के कारण बद्रीनाथ रूट पर लंबा जाम

बद्रीनाथ रूट पर लैंडस्लाइड के कारण दोनों तरफ लंबा जाम लगा है। सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतारें दूर से ही दिख जाएंगी। हालांकि, प्रशासन की टीमें तेजी से मलबा हटा रही हैं। बद्रीनाथ में एक दिन पहले उप चुनाव की वोटिंग हुई थी। यहां से लौट रही 36 पोलिंग पार्टियों को गुरुवार को मलबे के बीच से पैदल निकाला गया। बद्रीनाथ से आने-जाने वाले ज्यादातर श्रद्धालु जोशीमठ में फंसे हुए हैं। इसके चलते पूरा इलाका हाउसफुल है। यहां के होटलों ने भी किराया बढ़ा दिया है। यात्रियों ने बताया कि जिस होटल में पहले 1 से 2 हजार रुपए ले रहे थे, वहां 4 से 5 हजार रुपए ले रहे हैं। रेस्टोरेंट वालों ने भी खाने के दाम बढ़ा दिए हैं। इसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन से भी हुई। हालांकि, एसडीएम जोशीमठ चंद्रशेखर वशिष्ठ का कहना है कि हमने होटल एसोसिएशन से बात की है। लगातार अनाउंसमेंट भी करा रहे हैं, ताकि कोई ज्यादा किराया न ले। श्रद्धालुओं को तकलीफ न हो।

### शाहजहांपुर में दिल्ली-लखनऊ हाईवे बंद, ट्रैक्टर तक डूबा

यूपी में नदियां उफान पर हैं। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर शाहजहांपुर में करीब 2 से 3 फीट पानी भर गया। हाईवे के एक हिस्से को बंद कर दिया गया है। पहाड़ों में हो रही बारिश से नेपाल-यूपी बॉर्डर के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज के करीब 800 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इन जिलों में करीब 20 लाख से अधिक की आबादी प्रभावित है। शाहजहांपुर के मेडिकल कॉलेज में भी पानी भरने के बाद मरीजों को शिफ्ट कर दिया गया था। यहां खन्नौत के बाद गर्रा नदी खतरे के निशान से 100 सेमी ऊपर बह रही है। हरदोई में बाढ़ में दूल्हा एक किलोमीटर तक पैदल चला। बलरामपुर में प्राइमरी स्कूल में 3 फीट पानी भर गया। इसमें बच्चे नहाते हुए दिखाई दिए।

### मुंबई में बारिश, इंडिगो ने कहा, फ्लाइट्स लेट हो सकती हैं

मुंबई में देर रात और सुबह तेज बारिश के कारण सड़कों और रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया। ट्रेन और फ्लाइट सर्विस भी प्रभावित हुई हैं। इंडिगो एयरलाइंस ने भी एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि फ्लाइट्स के टेक-ऑफ में देरी हो सकती है।

### महाराष्ट्र: मुंबई में तेज बारिश, यलो अलर्ट जारी

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मुंबई और पालघर के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। यहां आज दिनभर भारी बारिश की संभावना है। ठाणे और नवी मुंबई (रायगढ़) में ऑरेंज अलर्ट है। मुंबई में पिछले हफ्ते से भारी बारिश का दौर जारी है। इस कारण कई निचले इलाकों में जलजमाव और ट्रैफिक जाम देखने को मिल रहा है। ट्रेन और फ्लाइट सर्विस भी प्रभावित हुई हैं। इंडिगो एयरलाइंस ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि फ्लाइट्स में देरी हो सकती है। पैसेंजर्स अपनी फ्लाइट की स्थिति पर लगातार नजर रखें।

### उत्तर प्रदेश: शाहजहांपुर के 70 गांवों में बाढ़, लोगों ने घर छोड़े

उत्तर प्रदेश के कई जिलों में नदियों में बाढ़ आ गई है। शाहजहांपुर में एनडीआरएफ को रेस्क्यू के लिए लगाया गया है। पीलीभीत के डैम से छोड़े पानी के बाद गर्रा नदी उफान पर है। इससे शाहजहांपुर के 70 गांवों में बाढ़ आ गई है। यहां 4 से 5 फीट तक पानी भर गया है। लोग अपना घर छोड़ चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि 2008 के बाद ऐसी बाढ़ आई है।

### आगे कैसा रहेगा मौसम...

- 13 जुलाई को गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, केरल में भारी बारिश का अनुमान है।
- पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा में कल से 14 जुलाई तक तेज बारिश होगी।
- असम, मेघालय समेत नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में कल से 15 जुलाई तक तेज बारिश का दौर जारी रहेगा।
- 14 और 15 जुलाई को आंध्र प्रदेश में तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है।
- पंजाब, हरियाणा, दिल्ली में कल से 14 जुलाई तक बारिश का अनुमान है।
- पंजाब, हरियाणा दिल्ली और जम्मू में बहुत तेज बारिश का कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

### आज 17 राज्यों में भारी बारिश का अनुमान

मौसम विभाग ने आज कुल 17 राज्यों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। इनमें गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, मेघालय और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि इनमें से कुछ राज्यों (गोवा, महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, लक्षद्वीप, अंडमान-निकोबार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार) में तूफान और बिजली भी गिर सकती है। कर्नाटक के तटीय इलाकों में मछुआरों को समुद्र में ज्यादा न जाने की एडवाइजरी जारी की है।

# 60 हजार शिक्षक-कर्मचारियों की मुराद हुई पूरी

## योगी सरकार ने शिक्षकों के लिए नई या पुरानी में कोई एक पेंशन चुनने का विकल्प जारी कर दिया




- गुरुवार को वित्त विभाग की तरफ से पुरानी पेंशन का आदेश जारी किया गया
- यह वर्ग लंबे समय से पुरानी पेंशन की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा था
- शिक्षकों की ओर से भरा गया यह विकल्प अंतिम होगा, इसके बाद वह कोई बदलाव नहीं कर सकेंगे

**जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने शिक्षकों के लिए नई या पुरानी में कोई एक पेंशन चुनने का विकल्प जारी कर दिया है। इससे सीधे तौर पर प्रदेश के 60 हजार शिक्षक और कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। यह वर्ग लंबे समय से पुरानी पेंशन की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा था। मामला सड़क से अदालत तक गूंजा था। पुरानी पेंशन की मांग को लेकर लंबे समय से यूपी में चल रहे आंदोलनों के बीच 60 हजार शिक्षक-कर्मचारियों की यह मुराद पूरी होने वाली है। गुरुवार को वित्त विभाग की तरफ से पुरानी पेंशन का आदेश जारी किया गया है। इस आदेश में शिक्षकों को ऑप्शन के तौर पर नई और पुरानी पेंशन दोनों विकल्प दिए गए हैं। शिक्षकों की ओर से भरा गया यह विकल्प अंतिम होगा। इसके बाद वह कोई बदलाव नहीं कर सकेंगे।

### विपक्ष ने अपने घोषणापत्र का हिस्सा बनाया था

पिछले कुछ सालों से यूपी समेत देश की सियासत में पुरानी पेंशन की मांग एक बड़ा चुनावी मुद्दा रहा है। कांग्रेस ने कुछ विधानसभा चुनावों में अपने घोषणापत्र का हिस्सा भी बनाया था। इसके बाद छत्तीसगढ़ और राजस्थान में इसे लागू करने की कवायद भी शुरू की गई थी। 2022 के विधानसभा चुनाव में यूपी में अखिलेश ने भी इसे मुद्दा बनाया था। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी विपक्ष ने इसे अपने घोषणापत्र का हिस्सा बनाया था। यही नहीं,इसके बाद से नई पेंशन स्कीम को और व्यावहारिक बनाने के लिए सरकार की ओर से भी वादे किए गए।

### लगातार पुरानी पेंशन में शामिल किए जाने की मांग कर रहे थे

अब उत्तर प्रदेश में 60 हजार शिक्षक-कर्मचारी पुरानी पेंशन के दायरे में शामिल होने जा रहे हैं। प्रदेश में नई पेंशन स्कीम 1 अप्रैल 2005 से लागू की गई थी। इसके लिए अधिसूचना 28 मार्च 2005 को लागू हुई थी। विशिष्ट बीटीसी और अन्य भर्तियों के जरिए चयनित लगभग 60 हजार शिक्षक और कर्मचारी ऐसे थे, जिनकी नियुक्ति तो 2006 में हुई थी, लेकिन इसका विज्ञापन नई पेंशन की अधिसूचना जारी होने के पहले निकला था, इसलिए वह विज्ञापन के आधार पर लगातार पुरानी पेंशन में शामिल किए जाने की मांग कर रहे थे।

### केंद्र सरकार ने ऐसे मामलों में पिछले साल ही पुरानी पेंशन देने का आदेश जारी कर दिया था

शिक्षकों का तर्क था कि चूंकि उनकी नियुक्ति का विज्ञापन अधिसूचना के पहले का है, इसलिए वह पुरानी पेंशन के हकदार हैं। इसको लेकर सड़क से लेकर अदालत तक लड़ाई चली थी। केंद्र सरकार ने ऐसे मामलों में पिछले साल ही पुरानी पेंशन देने का आदेश जारी कर दिया था। यूपी में 25 जून को हुई कैबिनेट की बैठक में योगी आदित्यनाथ सरकार ने अधिसूचना के पहले के विज्ञापन से नियुक्त शिक्षकों-कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने की इजाजत दे दी। 28 जून को इसका शासनादेश भी जारी दिया गया। इसके बाद गुरुवार को वित्त विभाग ने इसका आदेश जारी कर शिक्षकों को विकल्प भरने के लिए कह दिया है। विकल्प के आधार पर उनको पुरानी पेंशन के सभी लाभ दिए जाएंगे। यानी अब इन 60 हजार शिक्षक-कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन का रास्ता साफ हो गया है।

# मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने किए रामलला के दर्शन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला व हनुमंतलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इससे पहले अपराह्न 3:15 बजे वे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरे। वहां से व्यापक सुरक्षा प्रबंधों के मध्य वे सरयू तट स्थित पर्यटन विभाग के होटल गए। जहां थोड़ी देर विश्राम के बाद वे सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी पहुंचे। यहां करीब 20 मिनट तक पूजा-अर्चना के बाद राममंदिर के लिए रवाना हुए। रामलला के दरबार में उन्होंने करीब 15 मिनट तक पूजा-अर्चना की। उन्होंने राममंदिर की भव्यता को भी निहारा। उन्हें मंदिर निर्माण के कार्यों के बारे में भी बताया गया। करीब ढ़ाई घंटे तक वे अयोध्या में रहे और शाम को 5-30 बजे चौधरी चरण सिंह घाट स्थित हैलीपैड से हेलीकॉप्टर से वापस चले गए।

### छत्तीसगढ़ के सीएम आज आएंगे अयोध्या

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने मंत्रिमंडल के साथ शनिवार को अयोध्या आएंगे। सीएम सुबह 11 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। यहां से सड़क मार्ग से रामलला के दर्शन के लिए जाएंगे। सीएम और उनकी कैबिनेट शाम पांच बजे तक रामनगरी में रहेगी। उनका स्वागत जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ भाजपा के जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ पदाधिकारी करेंगे।

## सीएम का अफसरों को निर्देश, फरियादियों की सुनिये, संवाद और यथोचित कार्रवाई कीजिए

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। पीड़ितों ने पुलिस, कब्जा, स्थानांतरण आदि मुद्दों को लेकर सीएम से अपनी वेदना रखी, जिस पर सीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फरियादियों की सुनिये, फिर संवाद कर यथोचित कार्रवाई कीजिये। हर उचित मामलों में पीड़ित की संतुष्टि जरूरी है। जन-जन की सुरक्षा, समृद्धि एवं खुशहाली की भावना के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं। एक शिक्षक ने अपनी निजी परेशानी को बताते हुए स्थानांतरण का आग्रह किया, जिस पर उनके आवेदन को कार्रवाई के लिए शिक्षा निदेशालय भेज दिया गया।

# राहुल गांधी स्मृति ईरानी के बचाव में आए

## कहा, उनके खिलाफ अपमानजनक भाषा ठीक नहीं, बंगला खाली करने पर ट्रोल किया जा रहा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

स्मृति ईरानी समेत चार पूर्व केंद्रीय मंत्रियों ने 11 जुलाई को लुटियंस दिल्ली में अपने सरकारी बंगले खाली कर दिए हैं। यह खबर सामने आने के बाद से लगातार सोशल मीडिया पर स्मृति ईरानी को ट्रोल किया जा रहा था। यह देखकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा नेता स्मृति ईरानी का बचाव किया है। राहुल ने X पर एक पोस्ट में लिखा- जीवन में हार-जीत तो होती रहती है। मैं सभी से अपील करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी और नेता के लिए अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल और बुरा व्यवहार करने से बचें। लोगों को अपमानित करना कमजोरी की निशानी है, ताकत की नहीं। स्मृति ईरानी ने अमेठी सीट से दूसरी बार लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा ने 1.5 लाख से ज्यादा वोटों से हराया। कांग्रेस के समर्थकों ने उनकी हार को अपमानजनक हार कहा। बंगला खाली करने को लेकर एक बार फिर स्मृति कांग्रेस समर्थकों के निशाने पर आ गईं। जिसके चलते उनके बचाव राहुल गांधी ने यह पोस्ट की।




### पहले चुनाव हारने, फिर बंगला खाली करने को बनाया मुद्दा

2024 लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार के 17 केंद्रीय मंत्री चुनाव हार गए। इनमें सबसे ज्यादा चर्चा स्मृति ईरानी की हार की रही। पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी सीट से कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा ने 1.5 लाख से ज्यादा वोटों से हार गईं। जबकि 2019 लोकसभा चुनाव में स्मृति ने राहुल गांधी को हराया था। मोदी सरकार के नए नियुक्त मंत्रियों को सरकारी आवास दिए जाने हैं। जिसके लिए एक बैठक भी बुलाई गई थी। इसी कड़ी में पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने 28 तुगलक क्रिसेंट वाला सरकारी बंगला खाली कर दिया। इस पर कांग्रेस समर्थकों ने ईरानी को ट्रोल करना शुरू कर दिया।

### जुलाई पहले हफ्ते तक खाली करना था बंगला

लोकसभा भंग होने के एक महीने के अंदर सरकारी बंगला खाली करना होता है। राष्ट्रपति ने 5 जून को 17वीं लोकसभा भंग की थी, ऐसे में पूर्व सांसदों को सरकारी घर खाली करने के लिए 5 जुलाई तक का ही समय था। चर्चा यह भी है कि केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल को 3, कृष्ण मेनन मार्ग बंगला दिए जाने की संभावना है, जो पहले पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पास था।

**कानपुर एक्सप्रेस**



**कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11**

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

# इस साल जापान और मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा उत्तर प्रदेश: सीएम योगी आदित्यनाथ

- सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश आम महोत्सव- 2024 का शुभारंभ किया
- सीएम योगी ने कहा, जो आम होगा, वही राजा भी
- बोले सीएम, अमेरिका में 900 रुपए किलो बिक रहा लखनऊ का दशहरी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश इस साल जापान और मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा। 160 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि लखनऊ का दशहरी अमेरिका को निर्यात किया जा रहा है। भारत में दशहरी का दाम 60 से 100 रुपए के बीच है लेकिन यही दशहरी जब अमेरिका के मार्केट में पहुंचा तो इसका दाम 900 रुपए किलो हो गया है। यानी अगर हम ड्यूटी टैक्स, कार्गो और एयर फेयर का दाम भी जोड़ लें तो एक किलो आम अमेरिका भेजने की लागत 250-300 रुपए तक आ रही होगी तब भी एक किसान एवं बागवान को एक किलो आम पर 600 रुपए की बचत होगी। सीएम योगी ने शुक्रवार को अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश आम महोत्सव- 2024 का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 7-8 वर्षों से उत्तर प्रदेश सरकार आम महोत्सव आयोजित कर रही है। इस आयोजन में सरकार अपने प्रगतिशील किसानों और बागवानों को सम्मानित करती है। उत्तर प्रदेश के उत्पादित आम को हम न केवल देश में बल्कि दुनिया की मार्केट में पहुंच सके इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि हमारी सामान्य भाषा में जिस फल का नाम आम होता है उस फल में प्रत्येक नागरिक की पहुंच का सहज अनुमान लगाया जा सकता है, वह आम है इसलिए सबके लिए सुलभ भी है और सबके लिए सरल भी है और सबके लिए उपयोगी भी है। अतः जो आम होगा, वही राजा भी होगा और इसीलिए फलों के राजा के रूप में आम को हम सबने महत्व दिया है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बागवान केवल 3-15 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 58 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन करते हैं। देश के कुल आम उत्पादन का 25 से 30 प्रतिशत आम उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश में होता है। पिछले वर्ष उद्यान विभाग की टीम मास्को गई थी। इसमें लखनऊ और अमरोहा के किसान गए थे। वहां पर टीम ने आम महोत्सव का आयोजन किया था, जिसमें किसानों को आर्डर भी मिला था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने भारत सरकार के सहयोग से प्रदेश के किसानों के लिए सहारनपुर, अमरोहा, लखनऊ और वाराणसी में चार पैक हाउस बनाए हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आम उत्पादन में देश में अग्रणी है लेकिन अब हमें बढ़ती हुई आबादी के अनुरूप क्वांटिटी और क्वालिटी दोनों को बनाए रखने के लिए लगातार काम करना होगा। दुनिया के मार्केट में उत्तर प्रदेश का आम छा जाए इसके लिए हमें इस प्रकार के महोत्सव के माध्यम से जो जानकारी मिले उसको हमें अपने यहां प्रारंभ करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आम की कहां से निर्यात करने की संभावनाएं बन सकती हैं और किन-किन देशों के लिए बन सकती है, हमें उन देशों तक अपनी पहुंच को बनाना ही पड़ेगा। सीएम योगी ने कहा कि आपको इस बात के लिए आश्वस्त करता हूं कि डबल इंजन की सरकार आपके हितों के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करेगी। देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान और बागवानों के पशुपालकों के हितों के संवर्धन के लिए जिस प्रकार की योजनाएं बनाई हैं वह एक किसान की एक बागवान की आमदनी को कई गुना बढ़ाने में मददगार होगी।

### 120 किस्म के विशेष आम की लगी प्रदर्शनी

कार्यक्रम में सीएम योगी ने आम प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। विभिन्न प्रजातियों व उनके उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी में 120 किस्म के विशेष आम रखे गए हैं। साथ ही आम ट्रक को हरी झंडी भी दिखाई, जिसमें भरे आम विभिन्न देशों को निर्यात होंगे। इसके अलावा उन्होंने प्रगतिशील आम के किसानों को सम्मानित किया और आम स्मारिका का विमोचन किया। 12-14 तक चलने वाले इस महोत्सव में आम खाने की प्रतियोगिता और प्रशिक्षण सेमीनार का आयोजन किया गया है।

### विभिन्न प्रदेशों के किसान हुए शामिल

महोत्सव में लगभग 700 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में आम की आम महोत्सव में यूपी के साथ ही मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, राजस्थान समेत कई राज्यों के आम के किसान पहुंचे हैं। इसके साथ ही अलग अलग राज्यों के उद्यान प्रतिनिधि और आम की खेती करने वाले विशेषज्ञ भी पहुंचे हैं।

# कैंप लगाकर योजनाओं से पात्रों को कराएं लाभान्वितः डीएम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास खण्ड मानिकपुर की ग्राम पंचायत अमचुर नेरुआ के प्राथमिक विद्यालय नेरुआ सोसाइटी में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन कर गांव की समस्या गांव में समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम एके भारती के अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम वासियों से कहा कि ग्रामों में जन चैपाल लगाकर शासन की योजनाओं का आपको लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस गांव में कैंप लगाकर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाए। साथ ही जिन लोगों के गोल्डन कार्ड नहीं बने हैं, उनके गोल्डन कार्ड बनवाए जाएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी मानिकपुर तथा तहसीलदार से कहा कि जो भूमि सम्बन्धी मामले हैं उनका सीमांकन तथा निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कन्या सुमंगला योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। सचिव व प्रधान से कहा कि गांव की कन्याओं का इसका लाभ अधिक से अधिक दिया जाए।

ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि पाठा में पानी की समस्या गर्मी के समय अधिक होती है तो उसके लिए जो बरसात का पानी बहकर बाहर चला जाता है खासकर बरदहा नदी का पानी को रोके जाने की कार्य योजना बनाई जाए ताकि पाठा के लिए यह वरदान साबित हो। साथ ही कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में गांव की गलियां जो खोद दी गई है उनको बनवाया जाए।

इसके बाद जिलाधिकारी तथा ब्लॉक प्रमुख ने विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, तहसीलदार अखिलेश कुमार, डीसी एनआर एलएम ओम प्रकाश मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, उप निदेशक कृषि राजकुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी आभा सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मोहनलाल सिंह, सचिव वीरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान प्रिया द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## 15 को धरना प्रदर्शन करेंगे शिक्षक संघ

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की समस्त ब्लॉक इकाइयों द्वारा शुक्रवार को विद्यालय समय के बाद अव्यावहारिक विभागीय आदेश और विभागीय असंवेदनशीलता तथा न्यायपूर्ण हक को लेकर शिक्षकों की मांग को समर्थन देने के लिए शिक्षकों से आनलाइन उपस्थित के लिए लिखित सहमति, असहमति ली गयी। जिस पर ब्लॉक के समस्त शिक्षकों द्वारा आनलाइन उपस्थिति के लिए अपनी लिखित असहमति दी गयी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने बताया कि ब्लॉक के समस्त शिक्षकों द्वारा आनलाइन उपस्थिति के लिए अपनी लिखित असहमति दी गयी। इसके बाद सैकडों शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशकों के साथ सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करते हुये जिला कार्यसमिति को अग्रिम आंदोलनात्मक रणनीति बनाने के लिए ब्लॉक कार्यसमिति द्वारा प्रस्ताव प्रेषित किया गया। समस्त ब्लॉक कार्यसमितियों के प्रस्ताव का अनुमोदन जिला कार्यसमिति द्वारा करते हुये 15 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करते हुये ज्ञापन देने का प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों से अपील है कि यह आंदोलन आपका है।

# डीएम ने ली पौधारोपण सम्बन्धी बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में शुक्रवार को पौधारोपण के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 5 जून को पेड लगाया गया एवं नाम दिया गया एक पेड मां के नाम। इसी क्रम में मुख्यमंत्री की अपेक्षानुसार जनपद की हरियाली एवं बढते प्रदूषण तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा हरित आवरण में वृद्धि के लिए जन आंदोलन के माध्यम से 20 जुलाई तक नामित नोडल प्रभारी व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पौधारोपण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जो पौधा रोपण किया जा रहा है, उसकी सेल्फी मेरी लाइफ ऐप पर डाउनलोड भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य वन नीति में व्यापक स्तर पर जन सामान विशेष कर महिलाओं, विद्यार्थियों, कृषकों, दिव्यांग जनों, दृष्टिबाधित, पूर्व सैनिकों, समाज के अल्प आय वाले व्यक्तियों एवं वनों के समीप रहने वाले ग्राम वासियों के सहयोग से वानीकी कार्य को जन सहभागिता के रूप में चलाए जाने का जरूरत है। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जनपद में गड्ढों की खुदाई की रिपोर्ट आ गई है, उसी की सापेक्ष वन भूमि, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, निजी भूमि, कृषि, शिक्षण संस्थानों के साथ ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में 7420520 पौधा रोपण किया जाना है। उन्होंने बताया कि पौधा रोपण नजदीकी पौधशाला से नजदीकी ग्राम पंचायत व संस्थाओं को पौधा वितरण भी किया जाएगा। साथ ही कहा कि जनपद के चिन्हित स्थल पर 948 पौधे विरासत के रूप में लगाए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से पौधा रोपण के कार्य योजना के बारे में जानकारी ली। साथ ही निर्देशित किया कि समय से पौधा ऊठान कराए, जिसमें सभी प्रजातियों के पौधे रहना चाहिए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जो चारागाह, गौशालाओं की जमीन है, उस पर भी पौधा रोपण कर फोटोग्राफ्स भी प्रेषित करें। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में सहजन के वृक्षों को अधिक से अधिक लगाएं। उन्होंने कृषि उप निदेशक को निर्देशित किया कि किसान सम्मान निधि प्राप्त लाभार्थियों से भी पौधा रोपण कराए। पुलिस विभाग को सभी थानों में एवं जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि पट्टा धारकों से पौधा रोपण कराए।

साथ ही ट्री गार्ड भी लगवाए। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलदार को निर्देशित किया कि जो नगर विकास की जमीन चिन्हित सूची उपलब्ध कराए ताकि उन स्थल पर पौधा रोपण कराया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सभी सीएचसी, पीएचसी व हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों पर भी पौधारोपण कराए। उन्होंने सभी विभागों से कहा कि महत्वपूर्ण अवसर है। विगत वर्षों में पर्यावरण में परिवर्तन हुआ है। इसको देखते हुए आप लोग अधिक से अधिक पौधा रोपण कराए। साथ ही सभी लोग कार्य योजना बनाकर गड्ढे खुदवा कर पौधा रोपण कराए। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसमें व्यक्तिगत रुचि लेकर प्रयास कराए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही इसको बचाने का भी महत्वपूर्ण प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक बल्क के रूप में पौधा रोपण कराएंगे तो इसकी देखरेख अच्छी हो जाएगी।

# जिला जज ने किया राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के तत्वावधान एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा निर्गत कार्य योजना के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। जनपद न्यायाधीश ने बाल अपचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी। जिसमें बाल अपचारियों के शिक्षा के सम्बन्ध में जानकारी की गयी। बाल अपचारियों द्वारा समूह गान का सुन्दर प्रस्तुतिकरण किया गया। बालकों के लिए विभिन्न संचालित कौशल विकास योजनाओं की जानकारी ली, उनके रहन सहन आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा व्यवस्था सुदृद्ध किए जाने पर बल दिया व बालकों को संयमित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारतीय, किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शिनी, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, उप जिलाधिकारी न्यायिक मो जसीम, संस्था प्रभारी बी बीर सिंह एवं किशोर न्यायबोर्ड की सदस्य अर्चना श्रीवास्तव व शिवशंकर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल एसेसमेन्ट कैम्प में 12 दिव्यांग छात्र-छात्राओं के बनाए गए प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



बेसिक शिक्षा विभाग जनपद में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत जनपद के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी प्रकार के दिव्यांग छात्र-छात्राओं के दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक दिवसीय मेडिकल एसेसमेन्ट कैम्प का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय बरगढ विकास खण्ड मऊ में हुआ। जिसमे पूर्व में 55 नामांकन के सापेक्ष 28 छात्र-छात्राओं का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया था। साथ ही शेष 27 में से 20 का नामांकन करते हुये 20 में से 12 दिव्यांग छात्र-छात्राओं के प्रमाण पत्र बनाये गये एवं 2 को हायर सेन्टर रिफर किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बी के शर्मा ने बताया कि जनपद में कई वर्ष बाद ऐसे मेडिकल एसेसमेंट कैम्प का आयोजन हुआ, जिसमें पूर्ण चिकित्सक दल उपस्थित रहा। जिसके लिये जिलाधिकारी द्वारा पत्राचार कर जनपद में अनुपलब्ध विशेषज्ञ चिकित्सको की व्यवस्था बांदा से करवाई गई।

जिससे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद में दिव्यांग छात्र-छात्राओं को दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनवाने के लिए एक दिवसीय मेडिकल एसेसमेन्ट कैम्प का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय बरगढ किया गया। जिसमें बरगढ एवं गाहुर दो संकुलों के पूर्व में नामांकित 55 छात्र-छात्राओं, जिनमें 28 के प्रमाण पत्र पूर्व में ही बनाये जा चुके है। शेष 27 में 20 दिव्यांग छात्र-छात्राओ के नामांकन आज करवाये गये, जिनका परीक्षण डॉ संतोष कुमार आर्थोपेडिक सर्जन के नेतृत्व में, डा रामनरेश राजपूत ईएनटीसर्जन, डॉ अरूण आर्या आई सर्जन, डॉ नरेन्द्र पटेल साइकिट्रिशियन, डॉ रिजवाना साइकोलाजिस्ट एवं डॉ शिवशरन सिंह आडियोलाजिस्ट द्वारा किया गया।

जिसमे चिकित्सक दल द्वारा 20 के सापेक्ष 1 वीआई, 4 एमआर, 1 ओएच, 5 सीपी एवं 1 एचआई बच्चो सहित कुल 12 छात्र-छात्राओं के प्रमाण पत्र बनाये गये। जबकि 2 बच्चों को उच्च मेडिकल संस्थान में परीक्षण के लिए रिफर किया गया। शेष को चिकित्सक दल ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए अयोग्य पाया।

इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी राम जी मिश्रा, खण्ड शिक्षा अधिकारी केडी पाण्डेय, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा संदीप कुमार सिंह, स्पेशल एजुकेटर गुडिया त्रिपाठी, संजय पाण्डेय, चन्द्रकेश, ध्यान सिंह आदि मौजूद रहे।

# 20 से 23 जुलाई तक जानकीकुण्ड चिकित्सालय में होगा जटिल अस्थि रोग निदान शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

परमहंस संत रणछोड दास महाराज द्वारा स्थापित संस्थान श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित जानकीकुण्ड चिकित्सालय में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में 35 वें जटिल अस्थि रोग निदान शिविर का आयोजन हो रहा है। शिविर में डॉ मनोज पटेल एवं उनकी टीम एवं जानकी चिकित्सालय के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ महेश होसामने द्वारा संस्थान में मरीजों को सेवाएं प्रदान की जाएगी। डॉ मनोज पटेल एवं उनकी टीम 20 से 23 जुलाई तक अपनी सेवाएं देंगे। इस दौरान जटिल अस्थि रोग के निदान के लिए ऑपरेशन भी किए जाएंगे। शिविर में पोलियो द्वारा हुए विकलांग व घुटनों का प्रत्यारोपण रीढ की हड्डी का ऑपरेशन आधुनिक विधि द्वारा एवं हड्डियों की टूट-फूट इत्यादि का इलाज एवं ऑपरेशन किए जाएंगे।

श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ बी के जैन ने बताया कि पहले काफी लोग पोलियो कि बीमारी से ग्रसित रहते थे, जिसको लेकर ट्रस्ट बोर्ड ने चित्रकूट और चित्रकूट के आस पास के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए 1987 में पहला पोलियो शिविर लगाया गया। भारत सरकार ने देश को पोलियो मुक्त करने के लिए वैक्सीनेशन और पोलियो ड्रॉप के माध्यम से देश मार्च 2014 में पोलियो मुक्त देश घोषित हो गया। पोलियो मुक्त देश के बाद से इस शिविर को जटिल अस्थि रोग निदान शिविर के नाम से लगाया जाता है, जिससे यहां के लोगों को हड्डी सम्बन्धी बीमारियों से निजात दिलाई जा सके।

# कानपुर-मानिकपुर व खजुराहो-कानपुर को आने जाने वाली ट्रेनें तीन दिन रहेंगी ठप

**✻ कानपुर-चित्रकूट धाम इंटरसिटी भी नहीं चलेगी तीन दिन**

जन एक्सप्रेस। भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर)




यमुना साउथ बैंक से खैरार जंक्शन के बीच रेलवे के दोहरीकरण लाइन के ट्रायल के चलते इस मार्ग से गुजरने वाली ट्रेनों को रद्द किया गया है। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रेल प्रशासन ने आम लोगों को सूचित करते हुए बताया है कि झांसी मंडल में रागौल,भरुआ सुमेरपुर,यमुना साउथ बैंक स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण का कार्य चल रहा है। वहीं खैरार से भीमसेन क्षेत्र के रागौल एवं यमुना साउथ बैंक स्टेशनों पर किए जा रहे नॉनइंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इसलिए रेल गाड़ियों का निरस्तीकरण करने का निर्णय लिया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के सेक्शन इंजीनियर केके सिंह व रेलवे मदद एप के अनुसार कानपुर से मानिकपुर जाने वाली व मानिकपुर से कानपुर की तरफ आने वाली पैसिंजर ट्रेन 14 से 17 जुलाई तक रद्द रहेगी। जबकि कानपुर से खजुराहो जाने वाली ट्रेन 14 से 17 जुलाई तक रद्द रहेगी। वहीं खजुराहो से कानपुर आने वाली वाली ट्रेन 15 से 17 जुलाई तक रद्द रहेगी। कानपुर से चित्रकूट धाम जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस व चित्रकूट धाम से कानपुर आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 14 से 17 जुलाई तक ठप रहेगी। जबकि दुर्ग से चलकर कानपुर आने वाली बेतवा एक्सप्रेस 16 जुलाई को नहीं आएगी। वहीं कानपुर से दुर्ग को जाने वाली बेतवा एक्सप्रेस 17 जुलाई को नहीं जाएगी। लखनऊ से जबलपुर जाने वाली ट्रेन चित्रकूट एक्सप्रेस 15 जुलाई को नहीं जाएंगी। जबकि जबलपुर से लखनऊ आने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस 16 जुलाई को नहीं आएगी। उत्तर मध्य रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर जावेद अख्तर ने यात्रियों से सहयोग की अपील की है कि दोहरीकरण की बन रही लाइन के ट्रायल के चलते इन ट्रेनों को रद्द किया गया है। जिससे असुविधा के लिए खेद है।

## बहनोई ने साले-ससुर व पत्नी को मारपीट कर किया घायल

**जन एक्सप्रेस/भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बहनोई द्वारा बहन के साथ मारपीट करने की सूचना पाकर पहुंचे भाई व पिता को बहनोई ने अपने परिजनों के साथ मिलकर जमकर मारा पीटा। घायल भाई पिता व बहन को एंबुलेंस की मदद से पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के बाद भाई की तहरीर पर उसके बहनोई व दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कमल सिंह पुत्र जयराम सिंह निषाद निवासी बम्हरौली घाट थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन शिमला देवी निवासी पत्योरा के फोन पर दी गयी पति गंगाप्रसाद द्वारा गालीगलौज व मारपीट की सूचना पर पिता के साथ पत्योरा गांव अपनी बहन के घर पहुंचा तो बहनोई गंगाप्रसाद पुत्र छब्बा निषाद तथा नीरज कुमार व विजय कुमार पुत्र भूरा निषाद ने मिलकर गालीगलौज कर लाठी डण्डे से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। मारपीट मे उसे व पिता तथा बहन के शरीर में चोटें आयी हैं। तीनों घायलों को एंबुलेंस से पीएचसी में भर्ती कराया गया।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कोचिंग में परीक्षार्थियों के परिणाम घोषित

जन एक्सप्रेस। कालपी



डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन के द्वारा आयोजित टैलेंट हंट परीक्षा का परिणाम घोषित किया है। इसका उद्देश्य कालपी के छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करना है।

मालूम हो कि फाउंडेशन के द्वारा बीते 30 जून को टैलेंट हंट परीक्षा ग्रीन वैली इंटर कालेज कालपी में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में मे पास होने वाले परीक्षार्थीयों का साक्षात्कार शिक्षाविदों की मौजूदगी में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कोचिंग सेंटर पर लिया गया। परीक्षा मे पास होने वाले 40 विद्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए कोचिंग सेंटर पर बुलाया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. फरहान दीवान की निगरानी मे शाम 4 बजे साक्षात्कार शुरु हुआ। साक्षात्कार लेने वाले शिक्षको मे प्रिंसिपल महमूद खान, शबाहत हुसैन, आसिफ कुरैशी शामिल रहे। साक्षात्कार के दौरान विद्यार्थियों मे एक नई उमंग देखी गई। परीक्षार्थियों ने बताया के वह मेहनत से कोचिंग मे पढ़ाई करेंगे जिससे उनका एडमीशन अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के आलावा अन्य विश्वविद्यालयों मे हो सके।

साक्षात्कार के दौरान फाउंडेशन के सदस्य नूर मुहम्मद अशरफी, निज़ाम फैज़ी, शमीमुउल हसन,इम्तेयाज़ अली, शाहरुख सर, फ़ैज अंसारी, मौलाना इमरान, मुकीम आलम और जियाउर्रहमान व अन्य लोग भी मौजूद रहे। साक्षात्कार के बाद टैलेंट हंट परीक्षा का परिणाम भी घोषित कर दिया गया है जिसमे कक्षा 9 के 16 और कक्षा 11 के 15 विधार्थीयों का चयन किया गया है। फाउंडेशन इन 31 विधार्थीयों को 100प्रतिशत स्कॉलरशिप देगी।

## क्लीनिक संचालक ने युवती के साथ की छेड़खानी

**जन एक्सप्रेस/भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के पत्योरा गांव में क्लीनिक चलाने वाला एक युवक पानी लेने के बहाने घर में घुसकर युवती से छेड़खानी की। युवती के चाचा ने युवक के खिलाफ छेड़खानी सहित एससी/एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पत्योरा निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि फतेहपुर जनपद के चांदपुर थानाक्षेत्र के औरा गांव निवासी विजय निषाद गांव में क्लीनिक संचालित करता है। वह पहले उसके घर में ही क्लीनिक चलाता था। जिससे उसके परिवार के सदस्यों से भलीभांति परिचित था। आरोप लगाया कि बीते 8 जुलाई को विजय उसकी भतीजी को रात में 11ः00 बजे फोन करके पानी लेने के बहाने दरवाजा खुलवा कर घर में घुस आया और उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। भतीजी के शोर मचाने पर भतीजा मौके पर पहुंचा तो युवक जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने चाचा की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## पुलिस अधीक्षक ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन्स चित्रकूट में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के दौरान अधिकारी, कर्मचारी का टर्न आउट जांच किया गया। साथ ही परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी गयी। साथ ही आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया गया।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **05.08.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | निविदा सूचना संख्या | 06602024 दिनांक 12.07.2024 |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम : वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वित्य लखनऊ के अधीन आरबीएल–यूटीआर अनुभाग में प्रीकास्ट पैनल और प्रीकास्ट कॉलम के साथ आरसीसी सीमा दीवार आदि के साथ सुरक्षा बाड़ लगाने का प्रावधान का कार्य। | |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 17,70,16,906.82 |
| 3 | धरोहर राशि | Rs. 10,35,100.00 |
| 4 | कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र की तिथि से 10 माह |
| 4 | निविदा डालने का प्रारंभ | 22.07.2024 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 05.08.2024 15:00 बजे |
| 7 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2122/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मां-बेटे की हत्या के आरोपी पिता-पुत्रों सहित पांच को हुआ आजीवन कारावास

**✻ न्यायाधीश ने फैसला के साथ सवा-सवा लाख का लगाया जुर्माना**

जन एक्सप्रेस। उरई

न्यायालय में ट्रायल पर चल रहे मां बेटे की हत्या के मामले में आरोपी पिता पुत्रों सहित पांच को हुआ आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

शासकीय अधिवक्ता महेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बागी निवासी भगवती प्रसाद ने बताया की वह उरई में रहकर जिला जजी में वकालत करता है। उसकी पत्नी मुन्नी देवी और पुत्र कुलदीप गांव में रहकर मकान बनवा रहे थे। बीती 17 अगस्त 2018 की रात दोनों को खाना खाकर कमरे में लेट गए तभी देर रात को घर के पीछे छत से चढ़कर गाव के ही ज्ञान प्रकाश अपने दो लड़कों अनुराग उर्फ अंशु और उसका भाई कृष्णा सहित परिवार के ही शशांक उर्फ लालू और अनुपम तिवारी उर्फ बाबा के साथ घर में घुस गए थे। जिनकी आवाज़ सुनकर मां बेटे जग गए थे और उन्होंने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया।

शोर शराबा मचाने पर पांचों आरोपियों ने एक राय होकर मां बेटे को धारदार हथियार मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद घर में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित चालीस हजार रूपये लूट कर भाग गए थे। पुलिस ने लूट हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को आला कत्ल के गिरफ्तार कर लिया था। बल्कि आरोपियों की निशानदेही पर लूट के जेवरात सहित रूपये बरामद कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ डकैती कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। जिसमें ट्रायल के दौरान 15 लोगों की गवाही हुई और शुक्रवार को सुनवाई पूरी हुई। जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस गवाहों बयान और सबूतों के आधार पर अपर जिला जज डॉ अवनीश कुमार ने पांचों आरोपियों को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई और सभी पर सवा-सवा लाख रुपए का जुर्माना लगाया।

## कांग्रेस के मोहम्मद फैज़ानुल हक को बने ज़िला उपाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति पर कांग्रेस के संगठन महासचिव अनिल यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी घोषित की। इसमें मोहम्मद फैज़ानुल हक को ज़िला उपाध्यक्ष व प्रभारी प्रशासन नियुक्त किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने कहा कि पार्टी में सक्रिय लोगों को जिम्मेदारियां दी जा रही है।बता दे कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र शुक्ला ने पिछले 8 सालों से शहर कांग्रेस कमेटी में महासचिव व सचिव की जिम्मेदारी निभा रहे युवा नेता मोहम्मद फैज़ानुल हक कांग्रेस कमेटी का जिलाउपाध्यक्ष/ जिला प्रशासन नियुक्त होने पर युवा कांग्रेसियों मे ऊर्जा का संचार हुआ है। युवा नेता मोहम्मद फैज़ानुल हक ने कहा कि मुझे जो जिला संगठन के द्वारा जिम्मेदारी सौपी गई है।



# राजकीय मेडिकल कॉलेज में वृहद वृक्षारोपण पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। उरई

राजकीय मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को पर्यावरण सुरक्षा को लेकर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य डॉ. अरविन्द त्रिवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं चिकित्साधिकारी डॉ. जितेन्द्र मिश्रा के द्वारा किया गया। **एक पेड़ माँ के नाम** की मुहीम के तहत पर्यावरण बचाव के उद्देश्य एवं अपने आस-पास के परिसर को सुंदर बनाने के उद्देश्य से चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत् चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।एक पेड़ माँ के नाम÷ की मुहीम के तहत पर्यावरण बचाव के उद्देश्य एवं अपने आस-पास के परिसर को सुंदर बनाने के उद्देश्य से चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत् चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. अरविन्द त्रिवेदी ने पर्यावरण सुरक्षा से मानव जाति को होने वाले लाभों के बारे में बताया तथा उनके द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत लगभग 2000 पौधे लगाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया। चिकित्सा महाविद्यालय के उप-प्रधानाचार्य डा. आरएन कुशवाहा एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रशान्त निरंजन ने सभी से पर्यावरण को स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से पौधों को लगाने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में चरक सांगवान, डॉ. हरमूर्ति सिंह, डा. सिमिथ यादव, डा. संजीव गुप्ता, डॉ उमा महेश्वरी तथा छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं (धूलभरी आँधी) एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर छुटपुट बूंदाबादी होने के आसार हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 37.0 (+1.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.0 (+0.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 84 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 74 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.6 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 1.6

- कृषि मौसम वैज्ञानिक






# मुहर्रमः शानो शौकत से निकला शाह बिरादरी (जोगी) का आलम

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शुक्रवार को मोहर्रम की पांचवी तारीख थी, इमाम हुसैन की शहादत की याद में शाह बिरादरी (जोगी) का आलम का जुलूस पूरी शान ओ शौकत के साथ निकाला गया।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पांच मोहर्रम को इमाम हुसैन की शहादत की याद में शाह बिरादरी (जोगी) का आलम पूरी शान ओ शौकत के साथ थाना बजरिया क्षेत्र स्थित जुगियाना पार्क से हर वर्ष की भाँति उठाया गया। इस जुलूस में लाखों की संख्या में शाह बिरादरी (जोगी) समाज के लोग शामिल हुए।




आयोजन कर्ताओं की मानें तो आलम जुलूस 155 वर्षों से भी अधिक समय से उठाया जा रहा है। यह शाह बिरादरी का जुलूस रफीक चौधरी के नेतृत्व में निकाला गया। जुलूस जुगियाना पार्क कर्नलगंज बजरिया से होता हुआ यतीम खाना चौराहा, दादा मियां चौराहा,नई सड़क, कुली बाजार, कोपरगंज चौराहा, हलीम कॉलेज चौराहे, के कदीमी रास्तों से होते हुए जोगियाना पार्क में पहुंचकर समाप्त हुआ।

### घंटा लोग जुलूस का करते रहे दीदार

जुलूस में दर्जनों हरे,सफेद इस्लामिक परचम(झंडा) भी शामिल थे! ऊंट और घोड़े मोहर्रम के रंगों से सजे हुए थे जुलूस में इमाम हुसैन की याद में चांदी की ताजिया भी शामिल थी महिलाओं ने अपने घर से ही आलम के दर्शन किए। अकीदतमंदो ने स्टेज लगाकर मुहर्रम का तबर्रुक (प्रसाद) का वितरण कर जुलूस का इस्तकबाल किया। जुलूस में बकरीदी चौधरी,रईस,शरीफ, नईम ,हफीज,शाह बिरादर (जोगी) के साथ साथ मनोज गुप्ता संजय पाल राकेश सिद्धार्थ तमाम लोग मौजूद थे।

### घोड़े पर सवार बच्चे बने आकर्षण का केंद्र



मोहर्रम के इस जुलूस में घोड़े पर सवार हो कई छोटे-छोटे बच्चे भी निकले। इस दौरान लोग उन्हें निहारते रह गए।

### मेले में पहुंचीं जुड़वा बहने भी बनी आकर्षण का केंद्र

मेले में जुलूस का दीदार करने पहुंची दो जुड़वा बहने भी आकर्षण का केंद्र रहीं। जब उनसे बात की गई तो एक ने अपना नाम शिरीन और दूसरी ने अपना नाम कोनेन बताया। इन बच्चियों ने बताया कि वह इफ्तिखाराबाद में निवास करती है अपने परिजनों के साथ मेले में शामिल होने आई हुई थीं।

### लात घूँसे भी चले

जुलूस डिप्टी का पड़ाव चौराहे से होकर जिस समय गुजर था। इस दौरान निशान के साथ चल रहे लगभग दो दर्जन युवक आपस में लड़ गए। जमकर आपस में खूब लात घूंसे भी चलाए। लगभग 10 से 12 मिनट लोगों को उन्हें छुड़ाने में लग गए तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। जुलूस में शामिल संभ्रांत नागरिकों की माने तो जुलूस के दौरान इस टाइप के मामले हो ही जाते हैं।

# प्रतिभागियों को दी गई यूट्यूब सम्बन्धी जानकारियां



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा 'यूट्यूब जर्नलिज्म' विषय पर हाइब्रिड मोड पर दस दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स चलाया जा रहा है।

जिसके अंतिम दिन शुक्रवार को यूट्यूब के फ्यूचर ट्रेंड्स एवं कैरियर ऑपर्च्युनिटीज के विषय पर विशेषज्ञ के रूप यूट्यूबर किशन चंद ने प्रतिभागियों को बताया कि रोजाना कंटेंट बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड करने वाले डिजिटल क्रिएटर के लिए इस दुनिया में बहुत ही कैरियर ऑपच्युंनिटीज है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे अपना यूट्यूब चैनल बनाकर शॉर्ट वीडियोज़, ब्रेकिंग न्यूज बुलेटन, वी-लॉग, ब्रांड स्टोरी टेलिंग के वीडियोज़ बनाने के साथ-साथ लाइव प्रोग्राम भी दिखा सकते हैं व किसी एक विषय पर आधारित चैनल बनाकर दर्शकों की संख्या में बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कंटेंट व वीडियोज़ के बारे में टिप्स और ट्रिक्स के बारे में बताते हुए कहा कि चैनल पर नियमित गुणवत्तापूर्ण कंटेंट अपलोड करके अच्छी कमाई की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज यूट्यूब पत्रकारिता की ओर मुख्यधारा की पत्रकारिता भी परिवर्तित हो रही है ताकि वह कोई समाचार पत्र हो या चैनल सभी वीडियो कंटेंट के लिए यूट्यूब का ही प्रयोग कर रहे हैं इसलिए आने वाले समय में डिजिटल मीडिया में कंटेंट क्रीएटर, वीडियो एडिटर, एंकर, ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपना बेहतरीन कैरियर बना सकते हैं। कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. दिवाकर अवस्थी ने बताया कि इस वैल्यू एडेड कोर्स के दौरान प्रतिभागियों ने यूट्यूब जर्नलिज्म के साथ ही वीडियो एडिटिंग, एडवांस वीडियो एडिटिंग, ओबीएस से लाइव स्ट्रीमिंग, कंटेंट स्ट्रेटजी एंड प्लानिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन एण्ड एनालिटिक्स, मोनेटाइजेशन, कोलेबोरेशन और नेटवर्किंग, लीगल व एथिकल के विषय में प्रयोगात्मक प्रशिक्षण प्राप्त किया। यूट्यूब की दुनिया में काम करने वाले प्रसिद्धि यूट्यूबर्स ने प्रैक्टिकल कराकर सभी को सिखाया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि आज समाज में विमर्श स्थापित करने में यूट्यूब पत्रकारिता का अहम योगदान हो गया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में परंपरागत मीडिया की अपेक्षा इस मीडिया के द्वारा एक नई क्रांति उभरकर सामने आ रही है, और इसकी लोकप्रियता भी तेजी से बढ़ रही है।

यदि समय रहते इसका सही उपयोग नहीं सीखा गया, तो हम बहुत पीछे रह जाएंगे। विभागाध्यक्ष डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि इस कोर्स के माध्यम से छात्रों को बदलते दौर के साथ डिजिटल पत्रकारिता और यूट्यूब पत्रकारिता की गुणवत्ता और बारीकियों को समझने का भरपूर अवसर मिला।

सत्र के अंत में प्रतिभागियों ने यूट्यूब से जुड़े सवालों को विशेषज्ञ से पूछा। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ओमशंकर गुप्ता ने किया। इस मौके पर डॉ. जितेंद्र डबराल, डॉ. रश्मि गौतम, प्रेमकिशोर शुक्ला, सागर कनौजिया, विभाग के शोधार्थी व ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, माल लेकर फरार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र में चोरी का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक बंद पड़े घर में घुसे चोरों ने ना ही तो कोई अन्य सामान चुराया और चुराया तो सिर्फ बाथरूम व घर के अंदर लगी ढाई लाख रुपये की टोटी । वही जब घर में हुई चोरी की जानकारी मकान के मालिक को मिली तो पीड़ित ने चोरी की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बताते चलें कि लखनपुर अवधपुरी रोड निवासी हरीशंकर यादव ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि जी.टी रोड से कुछ दूरी पर उन्होंने एक मकान का निर्माण एक माह पूर्व करवाया था। मकान उनकी पत्नी कुमुद यादव के नाम पर है। मकान का निर्माण पूरा करने के बाद से वह नवनिर्मित मकान में गए नहीं थी। शुक्रवार को उनका बेटा नवनिर्मित मकान को देखने के लिए वह पर गया तो उसने देखा कि उसके घर का दरवाजा बाहर से तोड़ दिया गया है। जब वह मकान के अंदर गया तो उसने देखा कि घर के अंदर रखा अन्य सामान तो सुरक्षित था। लेकिन सभी कमरों के बाथरूम के दरवाजे खुले थे

और बाथरूम के अंदर के सभी टोटीयां चोरी हो गई थी। जिसकी जानकारी मिलते ही मैं भी मौके पर पहुंचा और आसपास के लोगों से पूछताछ की पर कोई भी जानकारी मिल नहीं सकी। हरीशंकर यादव ने बताया कि मकान में वह परिवार के साथ जल्द ही रहने आने वाले थे।जिसके चलते उन्होंने घर को पूर्ण सुविधायुक्त बनवाया था और लगभग पूरे घर व बाथरूम में लगभग ढाई लाख रुपए की टोटीयां भी लगवाई थी।

वही थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# पिछेती अरहर की वैज्ञानिक खेती पर जारी की एडवाइजरी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह द्वारा वैज्ञानिकों को जारी निर्देश क्रम में शुक्रवार को विश्वविद्यालय के दलहन अनुभाग के प्रो. एवं दलहन वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश मिश्रा ने किसानों के लिए पिछेती अरहर की वैज्ञानिक खेती करें किसान होगा अधिक लाभ विषय पर एडवाइजरी जारी की । डॉ. मिश्रा ने बताया कि अरहर हमारे देश की प्रमुख दलहनी फसल है जिसकी मुख्य रूप से खरीफ के मौसम में जुलाई में बुवाई की जाती है। उन्होंने



कहा कि अरहर फसल दलहन उत्पादन के साथ-साथ 150 से 200 किलोग्राम वायुमंडलीय नाइट्रोजन का स्थिरीकरण कर मृदा उर्वरता एवं उत्पादकता में वृद्धि करती है। व असिंचित एवं शुष्क क्षेत्रों में अरहर की खेती लाभकारी सिद्ध हो सकती है। डॉ. अखिलेश मिश्रा ने बताया कि 100 ग्राम अरहर की दाल से 343 किलो कैलोरी ऊर्जा, कार्बोहाइड्रेट 62.78 ग्राम, फाइबर 15 ग्राम, प्रोटीन 21.7 ग्राम तथा विटामिंस जैसे थायमीन (बी1) 0.64 3 मिलीग्राम,रिबोफै विविन (बी2)0.187 मिलीग्राम, नियासिन (बी3)2.965 मिलीग्राम, तथा खनिज पदार्थ जैसे कैल्शियम 130 मिलीग्राम, आयरन 5.23 मिलीग्राम, मैग्नीशियम 183 मिलीग्राम, मैग्नीज 1.791 मिलीग्राम, फास्फोरस 367 मिलीग्राम, पोटेशियम 1392 मिलीग्राम, सोडियम 17 मिलीग्राम एवं जिंक 2.76 मिलीग्राम आदि पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में मिलते है जो मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी है। डॉ. मिश्रा ने किसानों को अरहर की उन्नतशील प्रजातियो जैसे नरेंद्र अरहर-2, आजाद अरहर, अमर, पूसा-9,बहार, मालवीय -13, मालवीय- 6 एवं आई पी ए- 203 के विषय में बताया । उन्होंने किसानों को अरहर की खेती वैज्ञानिक विधि से करने के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसान वैज्ञानिक विधि से अरहर की खेती करते हैं तो असिंचित क्षेत्रों में 12 से 16 कुंतल प्रति हेक्टेयर तथा सिंचित क्षेत्रों में 22 से 25 कुंतल प्रति हेक्टेयर अरहर का उत्पादन होता है।

# केस्को के अकाउंटेंट ने ट्रेन के आगे आकर दे दी जान

**✻ पत्नी बोली केस्को एमडी जेल भिजवाने की दे रहे थे धमकी।**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

केस्को मे एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत व्यक्ति ने शुक्रवार को ट्रेन के सामने आकर जान दे दी। मृतक सुबह 10:00 बजे घर से दवा लेने के लिए निकला लेकिन 1 घंटे बाद कोका-कोला क्रॉसिंग पर ट्रेन के आगे कूद गया। हादसे में उनकी मौत हो गई पुलिस ने जेब से मिले कार्ड से पहचान की और परिवार को सूचना दी। पत्नी और परिवार के अन्य लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे पत्नी ने कहा उसके पति केस्को में अकाउंटेंट का काम करते थे उनका 15 दिन पहले ट्रांसफर हो गया था ट्रांसफर के बाद उन पर 36 साल का रिकॉर्ड हैंड ओवर करने का एमडी दबाव बन रहे थे। जेल भिजवाने की धमकी भी दे रहे थे इससे वह परेशान रहते थे पत्नी ने दोषी अफसरो पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

नजीराबाद के लाजपत नगर में रहने वाले विनय कुमार मल्होत्रा 54 वर्ष केस्को एमडी ऑफिस में अकाउंटेंट क्षेत्र में क्लर्क थे घर में पत्नी पूजा और दो बेटे सार्थक और दिव्यांश हैं पत्नी पूजा ने बताया कि वह एमडी ऑफिस में 36 साल से कम कर रहे थे अकाउंट का पूरा काम देखते थे। 15 दिन पहले उनका ट्रांसफर परेड बिजली घर में हो गया उन्होंने चार अलमारी का रिकॉर्ड बनाकर सौंप दिया था लेकिन कई पुराने फाइलें मिल नहीं रही थी पत्नी का आरोप है कि केस्को एमडी ने धमकी दी थी अगर रिकॉर्ड नहीं मिला तो फिर दर्ज करवा कर जेल भिजवा देंगे इससे वह अंदर से टूट गए और सुसाइड कर लिया।



### बेटा-बहू चार्टर्ड अकाउंटेंट, नोएडा में कर रहे हैं नौकरी

पत्नी पूजा ने बताया कि उनका बड़ा बेटा सार्थक चार्टर्ड अकाउंटेंट यानी का है नवंबर 2023 में घूमती निवासी फलक से शादी हुई थी वह भी का है दोनों नोएडा के मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी करते हैं शादी के बाद बहू का पैर टूट जाने के चलते बेटा और बहू हनीमून मनाने नहीं जा सके इसके चलते बीते सप्ताह बेटा सार्थक अपनी पत्नी के साथ हनीमून पर बाली घर से शुक्रवार को ही बेटे और बहू को कानपुर लौटना था इससे पहले पिता ने सुसाइड कर लिया।

### वीआरएस लेने का लिया था फैसला

पत्नी ने बताया पति विनय ने 6 महीने पहले वर्ष के लिए आवेदन किया था लेकिन पता चला कि अभी वीआरएस लेने पर पेंशन नहीं बनेगी इसके लिए 6 महीने का इंतजार करना होगा 10 दिन बाद वह समय पूरा हो रहा था। पत्नी पूजा ने केस्को एमडी सैमुअल पाल एंड विकास शुक्ला भला और एक डिप्टी सीईओ पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है पत्नी ने बताया कि इन्हीं अफसर की प्रताड़ना से पति ने सुसाइड किया है इन सब के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए उधर केस्को में विनय की मौत की खबर फैलते ही अफसर भी सकते में आ गए कोई भी अफसर जवाब देने के लिए तैयार नहीं है।

# दिव्यांगों को डीसीपी साउथ ने सीएम आफिस जाने से रोका, मुकदमे कराए दर्ज

जन एक्सप्रेस कानपुर नगर

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने दिव्यांग उत्पीड़न के खिलाफ कल शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क से मुख्यमंत्री आवास तक पदयात्रा निकालने का प्रयास किया ।लेकिन पुलिस ने आगे बढने से रोक दिया। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग कर रहे थे, पुलिस जांच के बाद कार्यवाही की बात कर रही थी। ए.सी.पी. स्वरूप नगर ने ए.सी.पी. बाबुपुरवा से बात की और पीडित दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला को बाबूपुरवा भेजा। ए.सी.पी.बाबुपुरवा ने राजेश कुमार शुक्ला का फ्लैट गिराने की धमकी दी इस खबर से दिव्यांगजन में रोष व्याप्त हो गया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। पदयात्रा की शुरूआत कर दी। पुलिस ने दिव्यांगजन को डराने के लिये पी ए सी बुलाने का आदेश दे दिया । मामला गरम होता देख डी.सी.पी. साऊथ रवीन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे और पीडितों की रिपोर्ट दर्ज करने का आस्वाशन दिया। तब मामला शान्त हुआ और राष्ट्रीय



दिव्यांग पार्टी के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने पदयात्रा निरस्त करने की घोषणा की।

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि जिनको न्याय करने का अधिकार दिया गया है वो भ्रष्टाचार के चलते दिव्यांगजनों के साथ अन्याय कर रहे हैं। सभी पीडित दिव्यांगजन के मामले में निष्पक्ष जांच हो जाय तो पीड़ितों के खिलाफ कार्यवाही करने वाले थाना प्रभारी गलत साबित होंगे।

वीरेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया कि थानों में भ्रष्टाचार के चलते दिव्यांगजनो को न्याय नहीं मिल रहा है। सैकड़ों दिव्यांगजन न्याय के लिये भटक रहे हैं।

कुछ लोगों ने धनबल, बाहुबल व राजनैतिक प्रभाव के चलते पुलिस को अपना गुलाम बना रखा है। थानों कि पुलिस न्याय करने की बजाय भ्रष्टाचार में लिप्त है। आन्दोलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, अल्पना कुमारी, वैभव दीक्षित, सत्येन्द्र कुमार जिला अध्यक्ष बिजनौर, मनोज कुमार त्यागी, गुड्डी दीक्षित, तृप्ति खरे, अनुराधा गुप्ता, सीमा कुशवाहा, गोमती, याशमीन, सरला, राम आसरे पाण्डेय, अंजली आदि शामिल थे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डिजिटल उपस्थिति को लेकर संयुक्त मोर्चा ने की बैठक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक व कर्मचारियों की तत्कालीन समस्याओं को लेकर शुक्रवार को जनपद के विभिन्न संगठनों के संयुक्त मोर्चा की बैठक जूनियर हाईस्कूल परम पुरवा कानपुर नगर के परिसर में हुई। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा कर्मचारी एसोसिएशन कानपुर नगर के मंडल अध्यक्ष परवेज आलम ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं व डिजिटल उपस्थित को लेकर 15 जुलाई को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोविंद नगर कानपुर को दिया जाएगा।



### एक माह से चल रहे प्रशिक्षण शिविर का समापन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर कानपुर में उन्नति फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे पर्सनालिटी/स्किल डेवलमेंट के एक माह से चल रहे प्रशिक्षण कोर्स का समापन शुक्रवार को किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से संस्थान के कार्यदेशक श्रवण कुमार शुक्ला, प्लेसमेंट प्रभारी प्रमोद कुमार पाण्डेय व उन्नति फाउंडेशन की समस्त टीम उपस्थित रही। संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य अमित कुमार पटेल ने बताया की इस प्रकार के और भी अन्य कोर्स बहुत ही जल्द संचालित किये जाएगे जिससे बच्चो के स्किल में सुधार होगा।



### शातिर लुटेरे का पुलिस ने किया हाफ एनकाउंटर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना कल्याणपुर पुलिस टीम की शुक्रवार सुबह शातिर अपराधियों से मुठभेड़ हो गई, इस दौरान पुलिस टीम की एक गोली अपराधी के पैर में लगी तो वह घायल होकर गिर पड़ा। इस दौरान पुलिस ने उसके दूसरे साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए दोनों शातिर कई बड़ी-बड़ी लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। डीसीपी पश्चिम विजय कुमार ढुल ने बताया कि रावतपुर सहित कल्याणपुर में लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस गस्त लगातार जारी है। सुबह चेकिंग के दौरान कल्याणपुर शिवली रोड पर बिना नंबर बाइक सवार दो युवकों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। भागने के दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्यवाही में चौबेपुर निवासी अंशु गुप्ता के पैर में पुलिस की गोली लगी है। वहीं कल्याणपुर निवासी दूसरे आरोपी राहुल उर्फ करिया को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। अंशु पर पूर्व में चार गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। हिरासत में लिए गए आरोपियों द्वारा थाना पनकी क्षेत्र में एक महिला से मोबाइल लूटा गया था सीसीटीवी में इनकी फुटेज कैद हुई थी। महिला का लूटा हुआ मोबाइल आरोपियों के पास से बरामद हुआ है। वहीं आरोपियों के पास से दो अन्य मोबाइल एक तमंचा, एक खोखा, तीन जिंदा कारतूस मिले हैं। जिनके विषय में पूछताछ जारी है। लूट की अन्य घटनाओं के खुलासे के लिए भी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### शातिर लुटेरे का पुलिस ने किया हाफ एनकाउंटर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना कल्याणपुर पुलिस टीम की शुक्रवार सुबह शातिर अपराधियों से मुठभेड़ हो गई, इस दौरान पुलिस टीम की एक गोली अपराधी के पैर में लगी तो वह घायल होकर गिर पड़ा। इस दौरान पुलिस ने उसके दूसरे साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए दोनों शातिर कई बड़ी-बड़ी लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। डीसीपी पश्चिम विजय कुमार ढुल ने बताया कि रावतपुर सहित कल्याणपुर में लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस गस्त लगातार जारी है। सुबह चेकिंग के दौरान कल्याणपुर शिवली रोड पर बिना नंबर बाइक सवार दो युवकों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। भागने के दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्यवाही में चौबेपुर निवासी अंशु गुप्ता के पैर में पुलिस की गोली लगी है। वहीं कल्याणपुर निवासी दूसरे आरोपी राहुल उर्फ करिया को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। अंशु पर पूर्व में चार गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। हिरासत में लिए गए आरोपियों द्वारा थाना पनकी क्षेत्र में एक महिला से मोबाइल लूटा गया था सीसीटीवी में इनकी फुटेज कैद हुई थी। महिला का लूटा हुआ मोबाइल आरोपियों के पास से बरामद हुआ है। वहीं आरोपियों के पास से दो अन्य मोबाइल एक तमंचा, एक खोखा, तीन जिंदा कारतूस मिले हैं। जिनके विषय में पूछताछ जारी है। लूट की अन्य घटनाओं के खुलासे के लिए भी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। घायल अंशु को सीएससी में इलाज के लिए भेजा गया है।

### रिक्शा चालक ने पत्नी को पीटा, फिर गला दबाकर की हत्या

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता को पति ने अवैध संबंधों का विरोध करने पर जमकर पीटा और फिर गला दबाकर मार डाला। वही घटना की जानकारी जब पड़ोसियों को हुई तो पड़ोसियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। हत्या की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और हत्या आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना कल्याणपुर क्षेत्र के कश्यप नगर निवासी सुरेश अपनी पत्नी विनीता कश्यप (26), बेटा शिवांकित (8) व एक बेटी प्रीति (3) के साथ रहता है। सुरेश रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है। सुरेश की विनीता से शादी 12 वर्ष पहले हुई थी। शादी के कुछ वर्षों के बाद से ही दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। मृतिका विनीत के भाई ओम प्रकाश ने अपने जीजा पर आरोप लगाते हुए बताया कि सुरेश का मोहल्ले में रहने वाली औरत के साथ अवैध संबंध था। जिसके कारण दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। कल रात को भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। जिसके बाद सुरेश ने उसकी बहन के साथ मारपीट करी और फिर गला दबा कर हत्या कर दी। ओमप्रकाश ने बताया कि देर रात भांजे ने फोन पर सूचना दी थी की मम्मी उठ नहीं रहे हैं। वही पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए चंद घंटे के अंदर ही आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका की मां ने अपने दामाद के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# ऑनलाइन उपस्थिति के खिलाफ शिक्षकों का हल्ला बोल, कहा– मांगें पूरी करो

* रायबरेली शिक्षक समन्वय समिति के आवाहन पर विकास भवन में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन
* भारी बारिश भी नहीं डिगा सकी शिक्षकों का हौसला हजारों की संख्या में विरोध जताने पहुंचें

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

ऑनलाइन उपस्थिति के खिलाफ शिक्षकों का लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। गुरुवार को शिक्षक समन्वय समिति के आवाहन पर भारी बारिश के बाद भी हजारों शिक्षकों ने पहुंचें ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जताया। शिक्षक विकास भवन में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए डीएम कार्यालय पहुंचें। 18 सूत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। शिक्षकों ने कहा कि हम ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन सरकार पहले हम लोगों की मांगों पर ध्यान दें।

भारी बारिश में भीगते शिक्षकों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश जूनियर शिक्षक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समर बहादुर सिंह ने कहा कि भारी बारिश, ठंडक और गर्मी में मौसम की हर प्रतिकूल स्थिति को झेलते हुए शिक्षक लगातार पढ़ाने का कार्य कर रहा है। लेकिन अधिकारी अपनी हाजिरी नहीं लगवा रहे हैं, उनकी जगह पर शिक्षकों की उपस्थिति ऑनलाइन लगवाने पर बहुत सख्ती दिखा रहे हैं। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि हम लोगों की मांग है कि हमें ई0एल0, हॉफलीव की सुविधा दी जाए। डीजी की तरफ से ऑनलाइन उपस्थिति के लिए 18 जून को जारी की गई नियमावली को तत्काल निरस्त किया जाए।




प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने कहा कि अधिक दबाव पड़ेगा तो इंचार्ज प्रधानाध्यापक अपना पद छोड़कर सिर्फ अब अध्यापन का ही काम करेंगे। हम लोगों लगातार 17140–18150 वेतनमान की विसंगति को दूर करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार का ध्यान उस पर नहीं जा रहा है। महामंत्री शैलेष यादव ने कहा कि अधिकारियों के दबाव पर हम लोग भी सिर्फ और सिर्फ पढ़ाने का काम करेंगे। सारे ऐप को डिलीट करते हुए सिर्फ विभाग के नियमों के हिसाब से ही काम किया जाएगा।

एस0सी0एस0टी0 शिक्षक संघ के रोहित चौधरी ने कहा कि कैशलेस चिकित्सा का लाभ राज्य कर्मचारियों की भांति बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को भी प्रदान किया जाए। अवकाश के दिनों में कार्य करने पर देय प्रतिकर अवकाश की व्यवस्था अन्य विभागों की भांति बेसिक शिक्षा विभाग में भी लागू की जाये। शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष अजित सिंह और अजय प्रताप सिंह ने कहा कि राज्य कर्मचारियों की भांति शिक्षकों को भी प्रतिवर्ष 31 अर्जित अवकाश प्रदान किया जाएं। उन्होंने कहा हम लोग लगातार अपने ??साथियों को न्यूनतम 25 हजार रूपये मानदेय दिए जाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन नहीं दिया जा रहा है। शिक्षणेत्तर संघ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने कहा कि टाइम एंड मोशन स्टडी आदेश 14 अगस्त 2020 में निर्धारित विद्यालय अवधि ग्रामीण परिवेशीय वातावरण के प्रतिकूल है । अतः बेसिक शिक्षा के ग्रामीण परिवेशीय विद्यालयों का शिक्षण समय प्रकृति के अनुकूल ग्रीष्मकाल में 7-12 तथा शीतकाल में प्रातः 9 से 3 बजे तक किया जाए। महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष सरिता नागेंद्र ने कहा कि यह आदेश पूरी तरह से सरकार की छवि खराब करने का काम कर रहा है, जब तक हम लोगों की मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक हम लोग हाजिरी नहीं देंगे। विरोध–प्रदर्शन का संचालन अजय सिंह और महामंत्री सियाराम सोनकर ने किया।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 में अधिसूचित धान, उर्द,ज्वार,अरहर,मुंगफली, केला,पान, मिर्च पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। खरीफ वर्ष 2024 के लिए फसलवार प्रस्तावित बीमित धनराशि एवं प्रीमियम की दरों पर उन्होंने चर्चा करते हुए कृषि उपनिदेशक को निर्देश देते हुए कहा कि सूखा, बाढ़, ओला, भूस्खलन, तूफान, चक्रवात, जलभराव, आकाशीय बिजली आदि से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए किसानों को फसलों का बीमा कराने के लिए जागरूक किया जाए। इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यक्रम संकल्प-भ्ग के अंतर्गत 21 जून से 04 अक्टूबर 2024 तक 100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है ष100 क्ंले ब्ंउचंपहदेष् बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर जनपद स्तर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के दिशा निर्देशानुसार विकास खण्ड राही के ब्लाक सभागार में मातृत्व लाभ योजना सप्ताह के थीम के अंतर्गत बालिकाओं और महिलाओं को सेंटर मैनेजर आस्था ज्योति काउंसलर श्रद्धा सिंह व संरक्षण अधिकारी वीरेंद्र पाल एवं सबला परिवार परामर्श केंद्र से दीपिका द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही स्पॉन्सरशिप योजना निराश्रित पेंशन एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना को विस्तार से बताया गया। वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत सम्बन्धी अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई, एवं उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090 की जानकारी भी प्रदान की गई। दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने, बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया गया।

# केनरा बैंक द्वारा अयोध्या के चन्द्रबली सिंह इंटर कॉलेज में डिजिटल पुस्तकालय का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या।**

केनरा बैंक के द्वारा अयोध्या के चंद्रबली सिंह इंटर कॉलेज में अत्याधुनिक डिजिटल पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। यह महत्वपूर्ण पहल, बैंक के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में छात्रों के लिए शैक्षिक संसाधनों और अवसरों को बढ़ाना है।डिजिटल पुस्तकालय का उद्घाटन केनरा बैंक प्रधान कार्यालय बेंगलूरु के महाप्रब रवि प्रकाश जायसवाल के द्वारा किया गया।

इस उपलक्ष में अयोध्या क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रमुख श्री विकास भारती भी प्रस्तुत रहे। समारोह में विशिष्ट अतिथि वेद प्रकाश गुप्ता विधायक-अयोध्या अमल गुप्ता विधायक प्रतिनिधि-अयोध्या शिवेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख संघ-अयोध्याऔर मुरारी सिंह प्रबंधक चौधरी इंटरप्राइजेज, नई दिल्लीभी मौजूद रहे।डिजिटल पुस्तकालय उन्नत तकनीक और ई-पुस्तकों, पत्रिकाओं और इंटरैक्टिव शिक्षण उपकरणों के व्यापक संग्रह से सुसज्जित है। इसे



छात्रों को ज्ञान और अध्ययन के संसाधनों के भंडार तक पहुँच प्रदान करने, डिजिटल बाधा को दूर करने और निरंतर सीखने और विकास की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रवि प्रकाश जायसवाल , महाप्रबंधक, केनरा बैंक प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ÷डिजिटल लाइब्रेरी में हमारा निवेश समाज को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारा मानना है कि डिजिटल संसाधनों तक पहुँच से चंद्रबली सिंह इंटर कॉलेज के छात्रों के लिए सीखने और विकास के नए आयाम खुलेंगे।

# ऑनलाइन हाजिरी में बड़ा फर्जीवाड़ा

**जन एक्सप्रेस । भेलसर**

* काम पर एक भी मजदूर नहीं, दर्जनों में लगी हाजिरी

भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण योजना को ग्राम प्रधान व तकनीकी सहायक पलीता लगा रहे है।आलम यह है कि रुदौली ब्लॉक के एक ग्राम पंचायत में लगातार एक जैसी हाजिरी लगने पर दर्जनों में सहायक अपर आयुक्त ने मौके पर पहुंचे जमीनी हकीकत देख आयुक्त भी दंग रह गए। चार दर्जन मनरेगा मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी लगी थी पर मौके पर एक भी मजदूर काम पर नही मिल सके मामले का खुलासा तब हुआ जब सहायक विकास अधिकारी (मनरेगा) अयोध्या ने निरीक्षण किया।

जानकारी के मुताबिक बताया जाता है कि ग्राम पंचायत आशुमऊ में सप्ताह भर से लगातार चार दर्जन से अधिक मनरेगा मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी लग रही थी।लगातार एक जैसी हाजिरी देख सहायक उपायुक्त (मनरेगा) अयोध्या नीरज कुमार ने बुधवार को ग्राम पंचायत आशुमऊ पहुंचे जहां पर जमीनी हकीकत देख आयुक्त के पैरो तले जमीन खिसक गई।एपीओ ने मौके पर रोजगार सेवक संजय दयाल से संपर्क किया और मजदूरों के विषय में जानकारी ली। रोजगार सेवक ने एपीओ (मनरेगा) को बताया कि हाजिरी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लगाते है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महिला मेट बना रखा है। वही मनरेगा की हाजिरी लगा रहे हैं। नाराज सहायक आयुक्त (मनरेगा) ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तकनीकी सहायक व ग्राम पंचायत सचिव को फटकार लगाते हुए सुधार लाने की हिदायत दी।ग्राम पंचायत सचिव अरुण वर्मा ने बताया कि कल का मास्टर रोल जीरो करा दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक बताया जाता है कि इस ग्राम पंचायत की निरीक्षण एक साल पहले पूर्व मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया था। उस दौरान भी लेबर को लेकर भारी कमियां उजागर हुई थी जिसमे तकनीकी सहायक सहित को कड़ी फटकार लगाई थी।बावजूद ग्राम पंचायत में फर्जी वाडा बंद नहीं हो सका बुधवार को बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ जिसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है।

मामले को लेकर कोई भी अधिकारी मीडिया से कतराते नजर आए जिससे यह कहना गुरेज नहीं है कि चल रहे इस फर्जीवाडे बराबर की हिस्सेदारी है।मीडिया की बात पर अमल करने के बजाय जिले के कर्मचारी शिकायती पत्र माग रहे है। जबकि सैकड़ों शिकायत कूड़े के ढेर में धूल खा रही है।

## ओ लेवल व सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 05 अगस्त तक करें ऑनलाइन आवेदन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक /युवतियों के लिए 'ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना ऑनलाइन संचालित है। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था **नीलिट** से मान्यता प्राप्त एवं निदेशालय द्वारा चयनित **ओ** लेवल/सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराने वाली संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों जिनके माता-पिता/अभिभावक की वार्षिक आय रुपए 1.00 लाख तक है, द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, की बेवसाइट https://backwardwelfare-up.gov.in पर दिए गए लिंक एवं obecomputertraining.upsdc.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 05 अगस्त, 2024 तक किया जा सकता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अभ्यार्थी की न्यूनतम शैक्षिक अर्हता इंटरमीडिएट निर्धारित है।

प्रशिक्षणार्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो तथा वह किसी शिक्षण संस्थान से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहा हो। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिंट आउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों/विवरणों को संलग्न करते हुए उसकी हार्डकॉपी 02 प्रतियों में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन रायबरेली के कार्यालय में 05 अगस्त, 2024 के सायं 05:00 बजे तक उपलब्ध कराए जाने पर ही आवेदन मान्य किया जायेगा।

# पीएम सूर्य घर योजना को जन–जन तक पहुंचाएं: सीडीओ

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

* विकास योजनाओं में न बरतें कोताही, समयानुसार व गुणवत्तापूर्ण कार्य पर जोर

शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ यूपिनेडा के सभी इम्पैनल्ड वेन्डर्स के साथ समीक्षा किया गया। बैठक का उद्देश्य पी एम सूर्य घर योजना के प्रगति की समीक्षा किया गया। जिसमे मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने सभी बीडीओ और एडीओ पंचायत, पी ओ नेडा, पी ओ डूडा, डीसी मनरेगा, नाबार्ड बैंक जिला प्रबंधक, एलडीएम बड़ौदा आदि को निर्देशित किया कि इस महत्वपूर्ण योजना को शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में ÷पी एम सूर्य घर÷ योजना को पहुंचाने हेतु लक्ष्य का निर्धारण आवश्यक है। पी ओ नेडा अयोध्या प्रवीण नाथ पांडेय ने बताया कि जिले में कई तरह के जागरूकता कार्यक्रम जैसे सोलर सखी , बूथ कैंप लगाकर योजना की जानकारी दी रही है। मुख्य अधिकारी ने वेंडर द्वारा किए कार्य की समीक्षा और योजना के क्रियान्वन में आ रही समस्या और उसेक निवारण का आश्वासन दिया। जिससे योजना में और तेजी लाया जा सके। बैठक में बिजली विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे और उनसे कार्य में आ रही समस्या को त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया गया। जिससे ज्यादा से ज्यादा योजना को लोगो तक पहुंचाया जा सके।

बैठक में वसुधा फाउंडेशन से तन्यता एवं देवारती, जितेंद्र द्विवेदी (डायरेक्टर सोलेक्सा सर्विसेज प्रा लि), विभूति (श्री राम एंटरप्राइजेज) हरी प्रसाद (एग्जाजोल), पवन यादव (कृष्णा एंटरप्राइजेज), होरजन एंटरप्राइजेज आदि उपस्थिति रहे।

# ओडीएफ प्लस मॉडल गांव बनाए जाने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

शुक्रवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर गौरीगंज में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वितीय चरण अन्तर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल गांव बनाए जाने के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।वित्तीय वर्ष 2024-25 में ओडीएफ प्लस मॉडल गांव बनाये जाने हेतु चयनित 287 ग्राम पंचायतों के समस्त ग्राम प्रधान,सचिव ग्राम पंचायत,विकास खण्ड के खण्ड प्रेरकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला का उद्घाटन जिलाधिकारी निशा अनंत एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।कार्यशाला का संचालन मनोज कुमार त्यागी जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा करते हुए ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस ग्राम के रूप में कैसे विकसित किया जाय,के



बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। साथ ही राज्य स्तर से कार्यशाला में सुशील पाण्डेय राज्य सलाहकार,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ने ओडीएफ प्लस गांव का अर्थ एवं उसकी श्रेणियों के साथ-साथ कचरे का उचित प्रबन्धन कैसे किया गया,इस बिन्दु पर समस्त प्रतिभागियों का उन्मुखीकरण किया।कार्यशाला में जनपद स्तर से आरपी सिंह,जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ने कार्यशाला के मुख्य उद्देश्यों के बारे में बताया।और जिला परियोजना प्रबन्धक द्वारा ग्राम प्रधानों को पीडीआई के बारे में जानकारी दी गई।कार्यशाला के संचालन में नीलम सिंह एवं हर्ष उपमन्यु द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।कार्यशाला में उपस्थित समस्त ग्राम प्रधानों से जिलाधिकारी ने ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाये जाने हेतु कहा गया कि ग्राम पंचायत की स्वच्छता कार्य योजना तैयार कराते हुए यथाशीघ्र ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम घोषित करायें।

## भारतीय जादू कला ट्रस्ट के तत्वावधान में जादूगरों का समागम 13 और 14 को

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** राम मंदिर में 200 से अधिक नामचीन जादूगर एक साथ प्रदर्शन कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं। बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल के भी जादूगर इस प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए पहुंच रहे हैं। भारतीय जादू कला ट्रस्ट के तत्वावधान में जादूगरों का समागम 13 और 14 जुलाई को रामघाट क्षेत्र स्थित मंत्राप मंडपम में आयोजित होने जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत को विकसित करना, समाज में फैले जादू के विषयक अन्धविश्वास को दूर करना है। जादूगर कुमार ने गुरुवार को कहा कि भारत सरकार से निवेदन है कि इस जादू कला को भी अन्य कलाओं की तरह ललित कला का स्तर प्रदान करें। देश भर के गण?मान्य जादूगर एक साथ सुबह छह बजे श्रीरामलला के दर्शन के उपरांत चमत्कारिक रूप से जादू के माध्यम से श्रीरामलला का बैनर प्रकट करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत वैदेही बल्लभ शरण करेंगे। अमृत विचार से बातचीत के दौरान जादूगर जुगनू, सुनील शर्मा, वी सम्राट, अनुभव, अंकुश, विशु आदि मौजूद रहे।

# कश्यप समाज की ओर से माँ मढ़ी देवी मन्दिर में भंडारा सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

कश्यप समाज कल्याण समिति रायबरेली की ओर से शहर के प्रसिद्ध माँ मढ़ी देवी मन्दिर में गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी महर्षि कश्यप जी महराज की पूजा-अर्चना, दीप प्रज्जवल एवं आरती कर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। समिति के संरक्षक पूर्व प्रधान समरजीत कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज की ओर माँ मढ़ी देवी मन्दिर में पूजा अर्चना एवं भंडारे के आयोजन की बहुत पुरानी परम्परा है। उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय संगठन मंत्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि मढ़ी देवी के मन्दिर में लोग जो मन्नतें मानते है, वे पूरी होती है, ऐसा लोगों का विश्वास है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि मढ़ी देवी मन्दिर जनपदवासियों की आस्था का प्रतीक है। समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप ने कहा कि माँ मढ़ी देवी की भक्ती से आत्मबल मजबूत होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से चन्द्र प्रकाश कश्यप, बबलू कश्यप, घुमेश कश्यप, मनोज कुमार सहित कश्यप समाज के साथ-साथ शहर के गणमान्य नागरिक एवं तमाम समाजसेवी संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा से कॅरियर का चुनाव आसान: डॉ0 विनय कुमार

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में कॅरियर सेंसिटिविटी इन यूथ विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के बतौर मुख्य वक्ता इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के डॉ0 विनय कुमार यादव रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॅरियर का चुनाव करते समय जागरूक रहना आवश्यक है। इससे रोजगार की प्राप्ति में आसानी होगी। इसके लिए विद्यार्थियों को पढ़ाई पर ध्यान देना जरूरी है। अच्छी शिक्षा लेने से अच्छे पद की प्राप्ति संभव है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के आने से हम



सभी के समक्ष तकनीकी चुनौती बढ गई हैं। कॅरियर की दृष्टि से आज सभी को डिजिटल टेक्नोलॉजी से पारंगत होना होगा। कार्यक्रम में उन्होंने छात्र छात्राओं के कॅरियर संबंधी प्रश्नों का समाधान किया।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 राकेश कुमार ने किया। इस दौरान प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, डॉ0 राना रोहित सिंह, डॉ0 निमिष मिश्रा, डॉ0 आशुतोष पांडेय, डॉ0 आशीष पटेल, डॉ0 दीपा सिंह, डॉ0 प्रियंका सिंह, डॉ0 रविन्द्र भारद्वाज सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## दुर्घटना से घायल को जिला अस्पताल किया रिफर

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर पेट्रोल पंप के सामने एक विद्यालय की गाड़ी के चपेट में आने पर बाइक सवार जीशान खान पुत्र अल्ताफ अहमद 25 वर्षीय निवासी पलिया गोवा थाना पूरा कलंदर जो सुल्तानपुर से फैजाबाद अपने घर जा रहे थे। की एक विद्यालय की गाड़ी के पीछे से बैक होते समय चपेट में आ जाने पर शुक्रवार को लगभग ढाई बजे शरीर में गंभीर चोटें आई। जिनके साथ बाइक पर बैठे अब्दुलहई खान पुत्र मोहम्मद यूनुस खान उम्र 45 वर्ष पता उपरोक्त को भी हल्की–फुल्की छोटे आई हैं। बाइक में काफी नुकसान होने से दुर्घटना स्थल के पास वाले घर पर बाइक को रख दिया गया है। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस 108 से सी एच सी बीकापुर लाया गया जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर अनुराग गुप्ता द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने गिनाई उपलब्धियां

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

जिला पंचायत के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में उन्होंने तीन वर्ष में जिला पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम की पुण्य धरा के ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है।

पीएम नरेन्द्र मोदी तथा सीएम योगी आदित्यनाथ की शीर्ष प्राथमिकता में ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए जिला पंचायत द्वारा तीन वर्षों में 77.877 किमी सड़क का नवीनीकरण कराया गया है जिससे ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन सुगम हो सके। उन्होनें बताया कि तीन वर्षों में 16.52 किमी सड़को का नवनिर्माण कराया गया है। 19.881 किमी सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। 45.546 किमी खडंजा रोड का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जलनिकासी के लिए तीन वर्षों में 23.054 किमी आरसीसी नालों का निर्माण कराया गया है। जल संरक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया है।

सरोवरों के चारों ओर पौधे रोपित किया गए है। जिससे सरोवरों के आस पास का क्षेत्र हरा-भरा रहे। ग्रामीण क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर प्रकाश की उत्तम व्यवस्था के लिए 5807 एलईडी लाइटें लगवाई गई है तथा और स्थानों पर लाइटें लगवाई जा रही है। जिला पंचायत के पार्कों का सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया गया है।

उन्होंने ने बताया कि जनसहयोग से जिला पंचायत कार्यालय में भारत रत्न पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेई की



प्रतिमा लगवाई गई। जिसका अनावरण डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या द्वारा किया गया।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि जिला पंचायत द्वारा विगत तीन वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के सराहनीय कार्य किए गए हैं। विधायक राम चन्दर यादव ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में अयोध्या है। जिला पंचायत द्वारा किए गए कार्यो से ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को सुगमता हुई है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि जिला पंचायत का तीन वर्ष का कार्यकाल प्रशंसनीय रहा है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा जिला पंचायत ग्रामीण क्षेत्र में लगातार सुविधाओं का विकास करा रहा है। पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा ग्रामीण में आवागमन की सुविधाओं के विकास के लिए जिला पंचायत लगातार कार्य कर रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान जिपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र उपस्थित थे।

## लोकतांत्रिक परंपरा में मतदाता ही सर्वोपरि होता है: पूर्व सांसद लल्लू सिंह

भारतीय जनता पार्टी विधानसभा स्तर पर मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। बीकापुर विधान सभा का मतदाता अभिनंदन पार्टी कार्यालय सहादतगंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध मतदाताओं को रामनामा पहना कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक परम्परा में मतदाता ही सर्वोपरि होता है। मतदाताओं द्वारा ही चुने प्रतिनिधियों द्वारा देश की दिशा का निर्धारण होता है। उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# अवैध खनन वाले क्षेत्रों की सैटेलाइट से निगरानी कराएगी योगी सरकार

- नई तकनीक के जरिए अवैध खनन पर करारी चोट की तैयारी में सरकार
- अवैध खनन वाले वाहनों को ट्रैक करने के लिए वीटीएस प्रणाली लागू करने की तैयारी
- ईंट भट्ठों को भी रिमोट सेंसिंग के जरिए चिह्नित करेगी सरकार
- खनन क्षेत्रों का ड्रोन से भी होगा सर्वे, प्रवर्तन कार्यों के लिए यूनिफॉर्म का भी प्रस्ताव



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश में अवैध खनन की शिकायतों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर रुख अख्तियार किया है। सीएम के निर्देश पर भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग बड़े स्तर पर टेक्नोलॉजी के उपयोग से अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने की तैयारी में है। इसके लिए सैटेलाइट से अवैध खनन वाले क्षेत्रों की निगरानी की जाएगी। साथ ही अवैध खनन में लगे वाहनों को वीटीएस प्रणाली के जरिए ट्रैक किया जाएगा। यही नहीं ईंट भट्ठों को भी रिमोट सेंसिंग के जरिए चिह्नित किया जाएगा। विभाग के अधिकारियों के अनुसार अवैध खनन/परिवहन की रोकथाम के लिए तकनीकी सुदृढ़ीकरण को लेकर कई प्रस्ताव तैयार हैं। इनमें व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम (वीटीएस) और रिमोट सेंसिंग सबसे महत्वपूर्ण हैं। वीटीएस के जरिए उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों की रियल टाइम ट्रैकिंग संभव हो सकेगी। यह भी सुनिश्चित किया जा सकेगा कि वाहन पर ई-अभिवहन प्रपत्र तब ही जारी हो, जब वह वाहन खनन क्षेत्र के लिए जियो फेंस एरिया में प्रत्यक्ष उपस्थित हो। वीटीएस प्रणाली को लागू करने के लिए यूपीडेस्को से प्रस्ताव प्राप्त हो गया है। इसके अलावा अन्य तकनीकी संस्थाओं से भी प्रस्ताव मांगा गया है।

### इन्फोर्समेंट की कार्रवाई के दौरान वर्दी में होंगे कर्मचारी

अवैध खनन/परिवहन की रोकथाम के लिए रिमोट सेंसिंग का भी सहारा लिया जाएगा। इसमें विभाग द्वारा पहले ही निदेशालय स्तर पर रिमोट सेंसिंग लैब को स्थापित किया जा चुका है। इसके जरिए नए खनन क्षेत्रों के पहचान के लिए सैटेलाइट इमेजरी तैयार की जाएगी। साथ ही अवैध खनन का चिह्नांकन किया जाएगा। यही नहीं ईंट भट्ठों को भी रिमोट सेंसिंग के माध्यम से चिह्नित किया जाएगा। प्रदेश में 15444 ईंट भट्ठे पंजीकृत हैं। साथ ही ड्रोन सर्वे के जरिए खनन क्षेत्रों के सर्वे तथा खनन के स्वीकृत क्षेत्रों का पर्यवेक्षण भी किया जाएगा। विभाग इन्फोर्समेंट की कार्रवाई के लिए वाहनों की संख्या भी बढ़ाने की तैयारी में है। अबतक प्रदेश के 55 जिलों में ही इन्फोर्समेंट के कार्य के लिए वाहन रखने की स्वीकृति है। जल्द ही इसे प्रदेश के सभी जिलों के लिए स्वीकृत करने का प्रस्ताव भेजा गया है। यही नहीं इन्फोर्समेंट की कार्रवाई के दौरान कर्मचारियों के लिए यूनिफॉर्म की भी व्यवस्था की जाएगी।

# गोमती नदी में आई बाढ़ से तराई इलाकों में लोग परेशान

- बाढ़ से धान की बेंड, भिन्डी,तरोई, लौकी, मक्का, बाजरा अन्य फसले हुई बर्बाद, किसानों में मायूसी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सुल्तानपुर बहादुरपुर अकडरियां कलां , अकड़रिया खुर्द, लासा,हीरापुरवा ,दुघरा अन्य गांवों में गोमती नदी में आई बाढ़ का पानी लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। आपको बता दे कि गोमती नदी में पिछले 1989 से लेकर अब तक बाढ़ का सिलसिला लगातार जारी हैं। जहां उत्तर प्रदेश में कई सरकारी आईं और गई लेकिन इस बाढ़ से तराई इलाकों के गांवों को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। आपको बताते चले कि पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश एवं छोड़ा गया पानी गोमती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता रहा है जिससे तराई इलाकों के गांवों जैसे सुल्तानपुर, बहादुरपुर, अकड़रिया कलां, अकड़रिया खुर्द, दुघरा ,कठवारा अन्य गांवों इस बाढ़ के पानी से पीड़ित है। वहीं लासा गांव जाने वाली सड़क पानी में डूबीं है बहादुरपुर जाने वाले गांव के निवासियों को अब पानी में होकर ही सड़क पर चलना पड़ रहा है लोगों का कहना है कि इस पानी से हमको कब राहत मिलेगी, वहीं स्कूल जाने वालों बच्चों के लिए भी या अपनी मुसीबत बना हुआ है, रोज सुबह स्कूल जाते वक्त माता-पिता वह परिजन अपने बच्चों को इस पानी में गुज़र कर स्कूल भेजने आते हैं। वहीं छुट्टी के टाइम लेने भी जाना पड़ता है। इस बाढ़ के पानी से तमाम बीमारियां फैलने का खतरा भी गांव वालों पर बना हुआ है। जिसमें संचारी रोग व अन्य रोग शामिल है। वहीं शादी विवाह का सीजन होने के कारण कई शादी तय होने से बाढ़ आ जाने से उनकी शादी में विघ्न बढ़ता भी दिखाई दे रहा है और कुछ लोगों का कहना है की बाढ़ का पानी भरा है आखिर बारात कैसे होगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय का मनाया गया स्थापना दिवस

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने उत्तर प्रदेश में कृषि और सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने मे नाबार्ड के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि नाबार्ड ने अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में सफलता प्राप्त की है और वर्तमान में यह भारत की ग्रामीण विकास यात्रा का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है। उन्होंने नाबार्ड की कार्य संस्कृति और उसके अधिकारियों की प्रशंसा की और सहकारी समितियों के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों को धैर्यपूर्वक सुनने और उनके समाधान प्रदान करने पर जोर दिया। श्री राठौर ने शुक्रवार को गोमती नगर, लखनऊ स्थित राष्ट्रीय कृषि एवं ग्राम विकास बैंक नाबार्ड उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय के 43वां स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे, जिसका विषय सहकारिता से सशक्तिकरण रहा। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है जब उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाए। उन्होंने प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य में सहकारी समितियों और पैक्स को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया।

### कुमार विनीत बने चीनी मिल्स संघ के एमडी

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने आज उत्तर प्रदेश चीनी मिल्स संघ के प्रबंध निदेशक के पद पर तैनाती कर दी है। आईएएस अफसर कुमार विनीत को उत्तर प्रदेश चीनी मिल संघ के एमडी बनाया गया है। कुमार विनीत अभी तक चुनाव आयोग अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर तैनात थे।उन्हें अब शुगर फेडरेशन के दायित्व सौंपा गया है।

### महिलायें बन रही स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर: केशव

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा व सतत् मार्गदर्शन में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं व बच्चों के जीवन स्तर में निरन्तर सुधार हो रहा है और इस दिशा में सरकार द्वारा बहुत सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। देश व प्रदेश में पोषण आधारित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिनका प्रत्यक्ष असर भी दिखाई दे रहा है।आधी आबादी को पूरा अधिकार दिलाने के लिए सरकार निरन्तर व निर्बाध रूप आगे बढ़ कर कार्य कर रही है। परिणामस्वरूप महिलाओं की आमदनी बढ़ने साथ ही महिलाओ व बच्चों के पोषण स्तर में लगातार सुधार हो रहा है।राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य नेतृत्व व मार्गदर्शन में किये गये भरसक प्रयासों से ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियों की आमदनी तो बढ़ी ही है, उनमें उत्साह की अभूतपूर्व अभिवृद्धि हुयी है।बी सी सखी, बैंक सखी, विद्युत सखी आदि अलग-अलग स्वरूप में काम कर न केवल अपने व अपने परिवार के उत्थान की ओर अग्रसर है, बल्कि देश व समाज के उत्थान में भी योगदान दे रही है।इनके कार्य क्षेत्र व सुविधाओ मे और अधिक इजाफा किया जा रहा है।राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि 38844 बीसी सखी द्वारा 25502 करोड़ ?से अधिक की धनराशि का लेन-देन करते हुये 68.43 करोड़ से अधिक का लाभांश अर्जित किया गया है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों की 15521 महिलाओं को विद्युत सखी के रूप में चयन किया गया है, जिसमें 10269 सक्रिय विद्युत सखियों द्वारा 867 करोड़ का बिल कलेक्शन करते हुए रू 13 करोड़ से अधिक धनराशि का कमीशन अर्जित किया गया है। समूहों के माध्यम से बुन्देलखण्ड में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी का संचालन किया जाना महिलाओं की आत्मनिर्भरता का ऐतिहासिक प्रयास है।

### जद यू के प्रदेश अध्यक्ष ने पूनम सिंह को सौपी महिला और प्रशांत को युवा विंग की कमान

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूत एवं सक्रिय करने के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने आज लखनऊ निवासी महिला नेत्री पूनम सिंह को महिला जनता दल यूनाइटेड का प्रदेश अध्यक्ष, बाराबंकी निवासी युवा नेता प्रशांत सिंह को युवा जनता दल यूनाइटेड का प्रदेश अध्यक्ष, लखनऊ निवासी एवं अधिवक्ता उच्च न्यायालय दिवाकर सिंह को पार्टी का प्रदेश प्रवक्ता तथा गाजीपुर निवासी पार्टी के पूर्वांचल के वरिष्ठ नेता विनीत तिवारी को पार्टी का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने आशा व्यक्त किया है कि यह लोग पार्टी प्रदेश संगठन को मजबूत एवं सक्रिय करने में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे और प्रदेश में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा और पार्टी के प्रदेश संगठन को सुचारु रूप से संचालित करने में सहूलियत मिलेगी।इनके पार्टी में शामिल होने पर पार्टी के वरिष्ठ नेता मानेन्द्र सिंह, डॉ भरत गंगवार, अवधेश सिंह, संजय सिंह पटेल, प्रशांत सिंह,आनन्द कुमार सिंह,पूनम सिंह, ममता सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, सुभाष पाठक, भैया हरिशंकर पटेल,डिएम सिंह गहरवार,देव कुमार साकेत,पटेल अभिषेक चौधरी,संजय कुमार सिंह, दिवाकर सिंह, विनीत तिवारी,कुंवर अजय सिंह,अमर सिंह कटियार, सर्वेश राय, प्रवीण चौधरी,देवेन्द्र सिंह,डॉ राजेश वर्मा,देवेन्द्र सिंह बाल्हार, अरविन्द कुमार चित्तोडिया, शशि कान्त राही,राजेश वर्मा,शिव मंगल सरोज, गोकुल प्रसाद वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, जितेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है।


### 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल के कुशल मार्ग दर्शन एवं आबकारी आयुक्त के आदेश के क्रम में लखनऊ में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 लखनऊ एवं थाना माल पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बहरौरा व अऊमऊ अंतर्गत थाना माल में दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान सघन तलाशी में लगभग 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। शराब को कब्जे में लेते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कुल 02 अभियोग पंजीकृत किये गये।

# महाकुंभ में भी लागू होगा 'डिजिटल अटेंडेंस' सिस्टम, एआई बेस्ड फेशियल रिकग्नीशन मोबाइल ऐप बनेगा माध्यम

## महाकुंभ मेला-2025 में सेवाएं देने वाले सरकारी कर्मचारियों की उपस्थिति का रियलटाइम एसेसमेंट करने की दिशा में योगी सरकार ने उठाया बड़ा कदम

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड सिस्टम का खासतौर पर महाकुंभ के लिए होगा विकास, यूपीडेस्को ने शुरू की तैयारी
- फेशियल रिकग्नीशन समेत विभिन्न सुविधाओं से युक्त होगा मोबाइल ऐप, इसी ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे कर्मचारी
- 8 महीने के प्रोजेक्ट पीरियड के लिए शॉर्ट टर्म नोटिस किया गया जारी, यूपीडेस्को में पहले से इंपैनल्ड कंपनियों को मिलेगा मौका
- 4 चरणों में सिस्टम के विकास की प्रक्रिया होगी पूरी, महाकुंभ व प्रयागराज में कार्यरत विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों को ऐप से जोड़ा जाएगा



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार ने महाकुंभ मेला-2025 के आयोजन को लेकर विभिन्न प्रकार की तैयारियां शुरू कर दी हैं। 14 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले महाकुंभ मेले के आयोजन में अब 6 महीने का ही समय शेष रह गया है। विश्व भर से इस विराट आयोजन में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों की तैनाती होगी। ऐसे में, उनकी दैनिक उपस्थिति को सुनिश्चित करने और रियल टाइम एसेसमेंट करने के लिए योगी सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लेने जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, महाकुंभ मेले में सेवाएं देने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए डिजिटल अटेंडेंस सिस्टम का विकास किया जाएगा जो फेशियल रिकग्नीशन बेस्ड मोबाइल ऐप के जरिए काम करेगा। इस ऐप को एंड्रॉयड व आईओएस फॉर्मेट पर कार्य करने के लिए विकसित किया जाएगा। यह योजना 8 महीने के प्रोजेक्ट पीरियड के लिए संचालित होगी, जिसके विकास के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण की जरूरतों के हिसाब से उत्तर प्रदेश सिस्टम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) ने तैयारी शुरू कर दी है। यूपीडेस्को ने महाकुंभ मेला-2025 में सेवाएं देने वाले विभिन्न सरकारी महकमों के कर्मचारियों-अधिकारियों के रेगुलर अटेंडेंस के लिए एआई बेस्ड मोबाइल ऐप के विकास की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए शॉर्ट टर्म नोटिस यूपीडेस्को द्वारा जारी किया गया है। यूपीडेस्को में पहले से इंपैनल्ड कंपनियों को चयनित कार्यावंटन होगा जिसके बाद उसे सिस्टम व ऐप के डेवलपमेंट, टेस्टिंग, ऑपरेशन व मेंटिनेंस प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा। इस प्रक्रिया को 4 चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में किक ऑफ प्रेजेंटेशन व टीम मोबलाइजेशन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस प्रक्रिया को कार्यावंटन के बाद 7 दिनों के भीतर पूरा करना होगा। वहीं दूसरे चरण में डिजायन, डेवलपमेंट, इंप्लिमेंटेशन, कॉन्फिगरेशन व तथा एप्लिकेशन की टेस्टिंग प्रक्रिया को भी पूर्ण किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए 15 दिन का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रक्रिया में इंसेप्शन रिपोर्ट, प्रोजेक्ट प्लान, सॉफ्टवेयर रिक्वायरवमेंट स्पेसिफिकेशन (एसआरएस), कैपेसिटी बिल्डिंग प्लान, केस टेस्टिंग, कॉन्फिगरेशन रिपोर्ट, डिप्लॉयमेंट, टेस्टिंग व कमीशनिंग प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।

### गो लाइव रिपोर्ट व यूएटी प्रक्रिया पूरी होने पर रोलआउट होगा ऐप

मोबाइल ऐप के विकास के बाद डिप्लॉयमेंट, टेस्टिंग व कमीशनिंग प्रक्रिया को पूरा करने के बाद गो लाइव रिपोर्ट व यूजर एक्सेप्टेंस टेस्टिंग (यूएटी) प्रक्रिया पूरी होने के बाद ऐप रोलआउट होगा। कार्यावंटन के बाद 25 दिनों के भीतर निर्धारित एजेंसी को इस प्रक्रिया को पूरा करने की डेडलाइन रखी गई है। इसके बाद, चौथी प्रक्रिया के तौर पर रेगुलर ऑपरेशन व मेंटिनेंस प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इस प्रक्रिया को मासिक या फिर आवश्यकता अनुसार पूरा किया जाएगा। साथ ही, पाक्षिक तौर पर प्रॉग्रेस रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी। इश्यू लॉगिंग व रिजोल्यूशन रिपोर्ट के आधार पर भी कार्रवाई की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। कस्टमाइज्ड एमआईएस रिपोर्ट, एटेंडेंस मॉनिटरिंग रिपोर्ट तथा नोटिफिकेशन व अलर्ट रिपोर्ट प्रक्रिया को भी पूर्ण किया जाएगा।

### प्रत्येक विभाग द्वारा एक नोडल अधिकारी करेंगे उपस्थिति सुनिश्चित

प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा विभिन्न मेला/सरकारी विभागों के कर्मचारियों को स्टाफ/पर्यवेक्षकों के रियल टाइम एसेसमेंट के लिए यूपीडेस्को से सिस्टम विकास की प्रक्रिया को पूरा कराया जा रहा है। मोबाइल फोन पर इंस्टॉल किए गए मोबाइल ऐप के माध्यम से नामांकन करने और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए यह प्रक्रिया पूरी की जा रही है। महाकुंभ मेले के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त अटेंडेंस सिस्टम पहले से मौजूद डेटाबेस से ली गई छवि की चयनित चेहरे की विशेषताओं की तुलना के माध्यम से लाइव वातावरण से किसी व्यक्ति की स्वचालित पहचान और सत्यापन में मदद करेगा। प्रत्येक विभाग द्वारा एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा जो अपने-अपने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मॉनिटरिंग करेगा।

# 35 नहीं, अब रोपित होंगे 36 करोड़ से अधिक पौधे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रकृति व परमात्मा की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश को हरा-भरा बनाए रखने के लिए योगी सरकार की पहल पर सब मिलकर कार्य करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ की पहल पर उत्तर प्रदेश में 20 जुलाई को %पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान-2024% महापर्व के रूप में मनाया जाएगा। योगी सरकार ने सबका साथ और सबके प्रयास की बदौलत इस वर्ष 36.46 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य दिया था, जिसके सापेक्ष वन विभाग ने 36.50 करोड़ पौधरोपण व उनके संरक्षण की तैयारी की है। प्रदेश के हरित क्षेत्र को 9 से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 फीसदी तक ले जाना है। इसके लिए जनसहयोग भी जरूरी है। वहीं प्रदेशव्यापी अभियान में सभी विभागों व मंडलों के लिए भी लक्ष्य निर्धारण किया गया है। योगी सरकार का यह भी निर्देश है कि हर किसी को उच्च गुणवत्ता के पौधे सुलभता से मिल सकें, इसके लिए भी विधिवत तैयारी हो। योगी सरकार सभी के सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त करेगी। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ ही सकुशल पौधरोपण को लेकर विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। वन विभाग की तरफ से पहले 35 करोड़ का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन विगत दिनों हुए बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 36.46 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य दिया। वहीं इसे संशोधित करने के बाद वन विभाग ने 20 जुलाई को 36.50 करोड़ पौधरोपण की तैयारी की है। इसके लिए वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन की ओर से 14.29 करोड़, ग्राम्य विकास विभाग को 13 करोड़, कृषि को 2.80 करोड़, उद्यान विभाग 1.55 करोड़, पंचायती राज को 1.27 करोड़, राजस्व को 1.05 करोड़, नगर विकास को 44.97 लाख, उच्च शिक्षा को 22.54 लाख, रेशम को 14.19 लाख, लोक निर्माण को 14.93 लाख, रेलवे को 12.66 लाख व जलशक्ति को 13.41 लाख, बेसिक शिक्षा को 15.43 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 19.91 लाख, उद्योग (एमएसएमई) को 15.55 लाख, औद्योगिक विकास विभाग को 7.73 लाख, माध्यमिक शिक्षा विभाग को 11.63 लाख, गृह को 10 लाख, पशुपालन को 7.26 लाख, ऊर्जा को 5.60 लाख, सहकारिता को 7.60 लाख, आवास विकास को 8.38 लाख, प्राविधिक शिक्षा को 8.06 लाख, श्रम को 2.69 लाख, परिवहन विभाग को 2.53 लाख से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है।

### 18 मंडलों में भी लगेंगे पौधे, सर्वाधिक लखनऊ मंडल में

अभियान के तहत सभी 18 मंडलों में भी पौधे लगाए जाएंगे। सबका लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। सबसे अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लखनऊ मंडल को दिया गया है। लखनऊ मंडल में चार करोड़ एक लाख 73 हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। कानपुर मंडल में 2.96 करोड़, चित्रकूट में 2.89 करोड़, झांसी में 2.82 करोड़, मीरजापुर में 2.62 करोड़, अयोध्या में 2.39 करोड़, देवीपाटन में 2.14 करोड़, प्रयागराज में 2.07 करोड़, बरेली में 1.91 करोड़, वाराणसी में 1.76 करोड़, मुरादाबाद में 1.83 करोड़, आगरा में 1.68 करोड़, गोरखपुर में 1.65 करोड़, आजमगढ़ में 1.30 करोड़, अलीगढ़ में 1.22 करोड़, मेरठ मंडल में 1.16 करोड़, बस्ती में 1.11 करोड़ व सहारनपुर मंडल में 90.23 लाख पौधे लगेंगे। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग भी होगी।

# सहकारिता विभाग को मिला 07.60 लाख वृक्षारोपण हेतु लक्ष्य

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सहकारिता राज्य मंत्री स्वतत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने आज यूपी कॉपरेटिव बैंक के सभागार में वृक्षारोपण अभियान के तहत सहकारिता विभाग को 07.60 लाख वृक्षारोपण हेतु आवंटित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा तैयार की जा रही रणनीति की वीडियो कॉन्फ्रिन्सिंग के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ लगाने का आवाह्न किया हैं प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इसी क्रम मे पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं जन अभियान-2024 का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेश के समस्त विभागों को पौधारोपण का लक्ष्य आवटिंत किया गया है। बृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत सहकारिता विभाग के अधिकारी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करें इसमे जन-प्रतिनिधियों की भी सहभागिता भी सुनिश्चित करें। रोपित पौधों को बचाने के लिए जन-जागरूकता उत्पन्न करें।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–उ0रे0/वाणिज्य–मण्डल |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14260-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.07.2024 at 12:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20402-SLR-F2-LKO-BSB-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.07.2024 at 12:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20415-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.07.2024 at 12:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22467-SLR-F2-BSB-GNC-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.07.2024 at 13:00 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22688-SLR-F2-BSB-MYS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 27.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.07.2024 at 13:10 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12429-SLR-F2-LKO-NDLS-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.07.2024 at 13:20 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22417-SLR-F1-BSB-NDLS-22-6 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.07.2024 at 13:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.07.2024 at 13:40 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहॉं पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2115/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## प्रधानमंत्री के खिलाफ बैल बुद्धि अभियान चला कर कांग्रेस ने बालक बुद्धि का परिचय दिया है

**हम आपको बता दें कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बैल बुद्धि करार देते हुए सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अभियान चलाया हुआ है जिसे कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता आगे बढ़ा रहे हैं। भले कांग्रेस ने यह अभियान प्रधानमंत्री की ओर से राहुल गांधी को बालक बुद्धि बताये जाने के जवाब में चलाया हो लेकिन उसे ध्यान रखना चाहिए कि प्रधानमंत्री पद की एक गरिमा होती है। संभव है कि कांग्रेस के बैल बुद्धि अभियान के जवाब में भाजपा भी कोई अभियान शुरू करे। लेकिन सवाल यह है कि इस सबसे क्या हासिल होगा?**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बीच की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है। यह प्रतिद्वंद्विता चुनावों के दौरान तीखे हमलों में भी तब्दील हो जाती है। लेकिन जनता इसे सामान्य रूप में ही लेती है क्योंकि यह अपेक्षित ही है कि राजनीतिक विरोधी एक दूसरे पर हमले करेंगे ही लेकिन चिंताजनक स्थिति तब पैदा होती है जब राजनीतिक हमले शालीनता और लोकतांत्रिक मर्यादाओं की लक्ष्मण रेखा को लांघ जाते हैं। कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पर जिस तरह के हमले किये जा रहे हैं वह राजनीति में शिष्टाचार खत्म होने का संकेत तो है ही साथ ही इससे यह भी प्रदर्शित हो रहा है कि कांग्रेस को मोदी को लगातार तीसरी बार मिला सरकार चलाने का जनादेश नहीं भाया है। कांग्रेस को समझना होगा कि देश का प्रधानमंत्री किसी एक दल का नेता नहीं होता बल्कि वह समस्त भारतीयों का प्रधानमंत्री होता है। प्रधानमंत्री पद पर बैठा व्यक्ति दुनिया में भारत का चेहरा होता है। प्रधानमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति से भले कितने भी वैचारिक और राजनीतिक मतभेद हों लेकिन उसका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही प्रधानमंत्री पर राजनीतिक हमले करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि देश के संवैधानिक पद का कोई अपमान नहीं हो जाये। लेकिन खेद की बात यह है कि देश पर सर्वाधिक समय तक राज करने वाली और देश को सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री देने वाली कांग्रेस प्रधानमंत्री के पद का लगातार अपमान करने में लगी हुई है। हम आपको याद दिला दें कि जब-जब गांधी परिवार के पास प्रधानमंत्री पद रहा तब-तब ही कांग्रेस ने इसका सम्मान किया। इतिहास उठा कर देखेंगे तो पाएंगे कि लाल बहादुर शास्त्री से लेकर नरेंद्र मोदी तक...कांग्रेस को यह पचा ही नहीं कि कैसे कोई गैर-गांधी परिवार का व्यक्ति देश पर राज कर रहा है। पिछला उदाहरण डॉ. मनमोहन सिंह का है। जब डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तब उनके पास सारे अधिकार ही नहीं थे। मंत्री उनकी बात नहीं सुनते थे और सारे बड़े फैसले सोनिया गांधी करती थीं। इसके बाद जबसे नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तबसे कांग्रेस ने उनके खिलाफ निचले और निजी स्तर पर हमले करने का अभियान चलाया। मोदी पर कांग्रेस के हमलों का जवाब जनता चुनावों में देती रही लेकिन इस बार के लोकसभा चुनावों में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सीटें क्या घटीं, कांग्रेस के हमले और निचले स्तर पर चले गये हैं। हम आपको बता दें कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बैल बुद्धि करार देते हुए सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अभियान चलाया हुआ है जिसे कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता आगे बढ़ा रहे हैं। भले कांग्रेस ने यह अभियान प्रधानमंत्री की ओर से राहुल गांधी को बालक बुद्धि बताये जाने के जवाब में चलाया हो लेकिन उसे ध्यान रखना चाहिए कि प्रधानमंत्री पद की एक गरिमा होती है। संभव है कि कांग्रेस के बैल बुद्धि अभियान के जवाब में भाजपा भी कोई अभियान शुरू करे। लेकिन सवाल यह है कि इस सबसे क्या हासिल होगा? संभव है कि सोशल मीडिया पर ऐसे अभियानों को ज्यादा लाइक्स और रिपोस्ट मिल जायें लेकिन क्या ऐसे ही अभियानों से लोकतंत्र को मजबूत किया जा सकता है। आज के नेताओं को अपने पूर्ववर्तियों से सबक लेना चाहिए जिन्होंने तमाम मतभेदों के बावजूद एक दूसरे के खिलाफ निजी हमले कभी नहीं किये और लोकतंत्र की गरिमा को बनाये रखा। बहरहाल, प्रधानमंत्री के खिलाफ बैल बुद्धि अभियान चला कर कांग्रेस ने वाकई बालक बुद्धि का परिचय दिया है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**विज्ञान-प्रौद्योगिकी और 'पीपुल-टु-पीपुल कॉन्टैक्ट' यानी आम लोगों के स्तर पर आपसी संबंध को आगे बढ़ाने पर रजामंदी को इसी नजरिये से देखा जाना चाहिए। इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों की वजह से आने वाली दिक्कतों को दूर करना। भुगतान की टिकाऊ व्यवस्था पर जोर इसकी एक बानगी है। अच्छी बात यह भी रही कि ईंधन के मामले में भारत को स्थिरता प्रदान करने में रूसी योगदान की प्रधानमंत्री मोदी ने खुलकर सराहना की, जो उचित भी था, क्योंकि अब हम खाड़ी देशों के बजाय सबसे अधिक तेल रूस से ही आयात करने लगे हैं। भारत-रूस की मैत्री का व्यापक महत्व है। यह पुराना मित्र देश का भारत की ताकत रहा है।**

# भारत-रूस मित्रता को जीवंतता देने का सार्थक प्रयास



ललित गर्ग

**नेहरु युग से ही भारत-रूस के बीच घनिष्ठ संबंध रहे हैं। दोनों देशों की संस्कृति, संगीत, कला, साहित्य के बीच भी गहरा आत्मीय लगाव रहा है। भारतीय फिल्में रूस में बड़े चाव से देखी जाती रही है। कश्मीर के मसले पर भारत जब-जब अलग-थलग पड़ता रहा, तब तब रूस ने भारत का साथ दिया।**

भारत-रूस की मैत्री को नये आयाम देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रपति पुतिन ने न केवल मैत्री के धागों एवं द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूती दी है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को नये शिखर देने का प्रयास किया है। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के लिये एक नए सोच के साथ नये सफर का आगाज है। एक ऐसे समय में, जबकि यूक्रेन-रूस युद्ध को पश्चिमी देशों के विरोध के कारण रूस दुनिया में अलग-थलग है, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में पहले विदेश यात्रा के लिये रूस का चयन करके जता दिया है कि भारत-रूस की मैत्री अक्षुण्ण है और किसी भी तरह के दुनिया के दबाव में यह दोस्ती कमजोर नहीं पड़ने वाली है। भारत ने जहां मैत्री को प्रगाढ़ बनाने की दिशा में उल्लेखनीय उपक्रम किये हैं, वहीं अपने मित्र देश को युद्ध के खिलाफ और शांति के पक्ष में अपना स्पष्ट रुख भी जताया है। मोदी की इस यात्रा की एक बड़ी निष्पत्ति यह है कि रूस में अब दो नये वाणिज्यिक दूतावास खुलने जा रहे हैं, जिससे हमारी आर्थिक गतिविधियां तेजी से एवं ज्यादा बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस रूस यात्रा को लेकर पश्चिमी देशों ने विरोध जताया है। लेकिन प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट किया कि भारत के लिए रूस की मैत्री बहुत महत्वपूर्ण है। भारत अपने मैत्री-मूल्यों को किसी भी दबाव में कमतर नहीं होने देगा। भले ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इस यात्रा पर अपनी निराशा जाहिर करते हुए इसे शांति प्रयासों को झटका तक बता चुके हो या अमेरिका ने भी यात्रा को लेकर अपनी चिंता जता दी हो। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अपनी युद्ध विरोधी सोच के चलते ही यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से रूस नहीं गए थे। दोनों देशों के बीच होने वाली सालाना द्विपक्षीय शिखर बैठक भी 2022 के बाद से नहीं हो पाई थी। इससे रूस के कुछ हलकों में यह धारणा बनने लगी थी कि भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रभाव में रूस से दूरी बनाए रखना चाहता है। दुनिया में बन रही इस नई धारणा को तोड़ना जरूरी था, इसी दृष्टि से इस यात्रा के पीछे जहां द्विपक्षीय रिश्तों को संदेहों और अविश्वासों से मुक्त करने का ध्येय था, वहीं अंतरराष्ट्रीय हलकों में यह स्पष्ट संदेश भेजना था कि भारत को किसी तरह के दबाव के जरिए इस या उस पक्ष में झुकाना संभव नहीं है। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने भी राष्ट्रपति पुतिन के साथ



**भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान भी जब पाकिस्तान के पक्ष में अमेरिका भारत पर लगभग आक्रमण करने ही वाला था, तब रूस द्वारा भारत के पक्ष में भेजी गई सैन्य सहायता ने ही अमेरिका को अपने कदम पीछे खींचने पर मजबूर किया था।**

बातचीत में इसका जिक्र किया कि उनके रूस आने पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हैं। दुनिया भर में इस यात्रा को गहरी उत्सुकता से देखा जा रहा है। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात को ध्यान में रखें तो यह कोई अचरज वाली बात भी नहीं है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों का जोर इस बात पर रहा है कि भारत रूस से अपनी करीबी खत्म करे। भारत अब एक स्वतंत्र ताकत है, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, बड़े शक्तिशाली देशों के लिये भी भारत एक बाजार है। इसलिये भारत किसी भी दबाव में न आते हुए शुरू से ही यह स्पष्ट कर रखा है कि वह अपने राष्ट्रहित पर आधारित स्वतंत्र विदेश नीति पर कायम रहेगा। रूस समर्थकों ने भले ही यह दर्शाना चाहा हो कि मोदी की यात्रा से भारत ने पश्चिम को चुनौती दी है और इससे पश्चिमी देश 'ईर्ष्या से जल रहे हैं', परंतु असल में भारत ऐसा कोई मंतव्य नहीं रखता है। यह यात्रा अनेक कारणों एवं दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण रही, यात्रा के दौरान दोनों देशों में सहयोग बढ़ाने के समझौते तो हुए ही, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मित्र राष्ट्र को मैत्रीपूर्ण सलाह देते हुए पूरी बेबाकी से कहा, 'युद्ध के मैदान से कोई हल नहीं निकलता।' यह प्रधानमंत्री मोदी का वैसा ही बयान है जैसा दो साल पहले समरकंद में पुतिन से बातचीत के दौरान उन्होंने दिया था कि 'यह युद्ध का दौर नहीं है'। असल में भारत हमेशा से शांति के उजालों एवं युद्ध के अंधेरों से मुक्ति का ही समर्थक रहा है। भारत की स्पष्ट मान्यता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। भारत ने बम-बंदूक के बजाय शांति-वार्ता के जरिये समाधान की बात दोहराई। मोदी ने साहस एवं निर्भयता से पुतिन को दो टूक कहा था कि यह युग युद्ध का नहीं। चूंकि भारतीय प्रधानमंत्री की मास्को यात्रा के मौके पर ही रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में बच्चों के अस्पताल को भी निशाना बनाया, इसलिए उन्होंने बिना किसी संकोच यह भी कह दिया कि युद्ध या संघर्ष अथवा आतंकी हमलों में जब मासूम बच्चों की मौत होती है तो हृदय छलनी हो जाता है। देखना यह है कि यूक्रेन युद्ध पर भारतीय प्रधानमंत्री की फिर से खरी बात पर रूसी राष्ट्रपति कितना ध्यान देते हैं, लेकिन भारत को रूस के साथ अपनी मित्रता जारी रखते हुए यह स्पष्ट करते रहना होगा कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध को यथाशीघ्र समाप्त होते हुए देखना चाहता है। यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्व शांति के भी हित में है। इसी के साथ भारत ने अपने मित्र देश को अपनी तकलीफ को साझा करते हुए यह एहसास दिलाने की भी कोशिश की गई कि चीन के साथ उसकी नजदीकी परोक्ष रूप से पाकिस्तान को उत्साहित करती है, जो भारतीय जमीन पर आतंकी गतिविधियों को खाद-पानी मुहैया कराने का काम करता है। रूस भारत के सहयोग के लिये तत्पर रहता है, इसबार भी यह खबर भी सुकून देने वाली है कि रूस ने भारत के आग्रह पर न केवल रूसी सेना के सपोर्ट स्टाफ के रूप में भारतीयों की नियुक्ति रोकना स्वीकार कर लिया है बल्कि नियुक्त किए जा चुके युवाओं को स्वदेश भेजने पर भी मान गया है। इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा सफल कूटनीति के एक उत्तम उदाहरण के रूप में याद रखी जाएगी। भारतीय हितों की वकालत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विश्व मानवता की बात करना इसी रणनीति का हिस्सा था। अन्य पहलू है, इस द्विपक्षीय रिश्ते में कौन-कौन से नए क्षेत्र शामिल किए जा सकते हैं।

## एक्सप्रेस कविता

*आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूँ ,*
*उजाले दिन की एक खूबसूरत शाम दूँ।*
*पैगाम है मेरे तेरे नाम न जाने कितने ,*
*प्यार में तेरे उन्हें रंगीन अंजाम दूँ।*
*हकीकत बड़ी कठोर,बेदिल,बेरहम है,*
*मौशिकी का तुझे,एक खनकता जाम दूँ।*

*आज मिले हैं, कल शायद जुदा भी होंगे,*
*गमगीनी में तुझे,विदाई खुले-आम दूँ।*
*मोहब्बत की कई दास्ताने अमर हुई है,*
*आओ इन शब्दों से आज नया पैगाम दूं।*
*इश्क तेरे नाम से शुरू, वही से खत्म ।*
*तू ही बता संजीव इसे क्या नाम दूं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*झूठ बोलकर आप एक बार तो सफलता प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन बारबार नहीं जब झूठ का पता चलता है तो ऐसे लोगों को शर्मसार होना पड़ता है*

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 15:05 तक |
| नक्षत्रः | हस्त 19:14 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | शिव, (अहोरात्र) तक |
| सूर्योदयः | 05:34 |
| सूर्यास्तः | 19:19 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 09:00-10:43 |
| विक्रमी संवत्ः | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:02-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### लगे खेलने खेल !

*है अभी शुरुआत ये ।*
*लगे खेलने खेल ।।*
*रहा यही यदि हाल ।*
*होगा कैसे मेल ?*
*सारे चतुर खिलाड़ी ।*
*रहे हैं पासा फेंक ।।*
*है गद्दी का मामला ।*
*मतभेद भी अनेक ।।*
*होंगे कैसे एकजुट ?*
*है वही सवाल ।।*
*हो रही ना शांति ।*
*बस केवल बवाल ।।*
*एकता की बात थी ।*
*होते दरकिनार ।।*
*झलक रहा है बहुत कुछ ।*
*करते जो व्यवहार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मानसून में हेल्दी स्किन पाने के लिए लगाएं अनार का फेस मास्क और स्क्रब, दूर होंगी कई समस्याएं

**बारिश** के दिनों में त्वचा को हेल्दी बनाए रखने के लिए एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। दरअसल, इस मौसम में भले ही बारिश की वजह से गर्मी से राहत मिल जाती है लेकिन वातावरण में नमी बढ़ जाती है। जिसके कारण त्वचा ऑयली, चिपचिपी होने लगती है और मुंहासे निकल आते है। त्वचा से जुड़ी इन समस्याओं को कम करने के लिए अक्सर लोग तरह-तरह के ट्रीटमेंट्स लेते हैं, लेकिन इनका कुछ खास असर त्वचा पर दिखाई नहीं देता है। ऐसे में इन समस्याओं को कम करने के लिए एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर अनार से बने फेस मास्क और स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं।



**अनार का फेस मास्क कैसे बनाएं?:** अनार से बना फेस मास्क ऑयली त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद साबित होता है। इसे बनाने के लिए एक चौथाई कप अनार के दाने, 2 चम्मच दही और 1 चम्मच शहद चाहिए होगा। सबसे पहले अनार के बीजों को मिक्सर में पीसकर पेस्ट बना लें। इस अनार के पेस्ट को एक बाउल में निकालें और इसमें दही और शहद मिलाकर फेस मास्क का पेस्ट तैयार करें। अनार से बने इस फेस मास्क को चेहरे और गर्दन पर लगाएं और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर ताजे पानी से धो लें।

**अनार से फेस स्क्रब कैसे बनाएं?:** स्क्रब बनाने के लिए 3 चम्मच अनार के बीज, 2 चम्मच शहद, 1 चम्मच चीनी और 1 चम्मच नारियल का तेल चाहिए होगा। सबसे पहले अनार के बीजों को हल्का सा पीस लें ताकि दरदरा पेस्ट तैयार हो जाए। अनार के दरदरे पिसे पेस्ट में शहद, चीनी और नारियल तेल मिलाएं। इस मिश्रण को हल्के हाथों से गोल-गोल घुमाते हुए चेहरे और गर्दन पर मसाज करें और फिर 5-10 मिनट के लिए छोड़ दें। समय पूरा होने पर ताजे पानी से स्क्रब को साफ करें।

**अनार फेस मास्क और स्क्रब के फायदे:** अनार में अच्छी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं और त्वचा को जवां बनाए रखते हैं। नियमित रूप से अनार का फेस मास्क लगाने से त्वचा पर दिखने वाले उम्र के लक्षण कम होते हैं। कई तरह के विटामिन्स और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर अनार के बीज कोलेजन उत्पादन को बढ़ाने में मदद करते हैं, जिससे त्वचा हेल्दी होती है। अनार का फेस मास्क लगाने से त्वचा की रंगत में सुधार होता है, जिससे त्वचा ग्लोइंग नजर आती है। अनार में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट की अच्छी मात्रा होती है, जो दाग-धब्बों को कम करने में मदद करते हैं। अनार स्क्रब के इस्तेमाल से त्वचा पर मौजूद डेड स्किन सेल्स दूर होती है, जिससे त्वचा सॉफ्ट और चिकनी बनती है। अनार का फेस मास्क और स्क्रब त्वचा को गहराई से हाइड्रेट करता है, जिससे त्वचा हाइड्रेटेड और हेल्दी नजर आती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# तार्किक पाठ्यक्रम समय की मांग



प्रियंका सौरभ

**यह मानसिकता कमजोर है, और केवल कुछ को हटाकर अपने इतिहास को बदलने का प्रयास करती है। इनके लिए भारतीय इतिहास के तार्किक, सुसंगत और विद्यार्थी अनुकूल संस्करण को लाना असंभव था, क्योंकि रचना में एक सकारात्मक गुण है।**

**इस रूप में ये वैचारिक या सैद्धांतिक परियोजना होती है। इतिहास और राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों का पुनरीक्षण वैसे भी अधिक संवेदनशील होता है। ये विषम समकालीन प्रासंगिकता के मुद्दों पर विचार करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करते हैं। उन्हें सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं को इतिहास के पलड़े पर तौलकर, इतिहास और वर्तमान के बीच तार्किक सामंजस्य बनाना सिखाते है।**

**एनसीईआरटी** कक्षा छह से दस तक की इतिहास, समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में बदलाव कर रहा है। एक मजबूत शिक्षा प्रणाली में शिक्षण सामग्री का संशोधन पाठ्यक्रम के लिए समान होना चाहिए। लेकिन भारत में स्कूली पाठ्यक्रम हमेशा नवीनतम शोध के साथ तालमेल बनाए रखते हैं। पक्षपातपूर्ण या संकीर्ण दृष्टिकोण से बचने के लिए स्वतंत्रता के बाद से, हमारी स्कूली पाठ्यपुस्तकें अकसर कला, साहित्य, दर्शन, शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास में भारत की प्रगति को मान्यता देने से बचती हैं। पहले की पाठ्यपुस्तकें भारतीय इतिहास के बारे में एक ऐसा दृष्टिकोण बनाती हैं जो विश्व की सभ्यता पर भारत के गहन प्रभाव को दबा देती है। इसके परिणामस्वरूप हमारी राष्ट्रीय पहचान और ऐतिहासिक कथा के बारे में एक विषम धारणा बनती है। स्कूली विद्यार्थियों को कम उम्र में ऐतिहासिक घटनाओं और संघर्षों की आक्रामकता के संपर्क में लाना उन्हें संकट में डाल सकता है। स्कूली पाठ्यक्रम में शिक्षा के अनुचित चरणों में ऐतिहासिक संघर्षों का परिचय, बच्चों के दिमाग में व्यापक ऐतिहासिक संदर्भ की कमी की धारणा को अमर कर सकता है। एक संतुलित कथा बच्चों के दिमाग में दुश्मनी और पूर्वाग्रह पैदा करने के जोखिम को कम करती है। एकतरफा ऐतिहासिक तथ्य स्कूली बच्चों के बीच सामाजिक सामंजस्य और आपसी सम्मान में बाधा डालेंगे। सार्थक पाठ्यपुस्तक संशोधनों का विरोध एक पुरानी संकीर्ण वैचारिक विचार प्रक्रिया को दर्शाता है, जो भविष्य में ऐतिहासिक शिकायतों और शत्रुता को शाश्वत बनाता है। एक संतुलित, विश्वसनीय और भरोसेमंद ऐतिहासिक कथा, संघर्ष समाधान और आपसी सम्मान के सकारात्मक उदाहरणों को रेखांकित करती है। यह छात्रों को अपने जीवन में सकारात्मक उदाहरणों और सिद्धांतों को लागू करने के लिए प्रेरित करती है। स्कूली छात्रों को एक संतुलित इतिहास पढ़ाना जो संघर्ष-आधारित कथाओं को कम करता है, उन्हें भारत की विरासत के बारे में बेहतर जानकारी के साथ जिम्मेदार और सहानुभूतिपूर्ण नागरिक बनने में सक्षम बनाता है। ऐसी पाठ्य पुस्तकें बच्चों में संज्ञानात्मक और भावनात्मक आधार बनाती हैं, जो भविष्य के आलोचनात्मक विश्लेषण के लिए आवश्यक है। संतुलित कथाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्कूली पाठ्यपुस्तकों को संशोधित करने का कोई भी प्रयास अंत नहीं बल्कि एक शुरुआत है। छात्रों को ऐसी संतुलित पाठ्यपुस्तकों से जो आधार मिलता है, वह उन्हें बाद के वर्षों में एक गहरी ऐतिहासिक समझ बनाने में मदद करेगा। स्कूली पाठ्यपुस्तकों को छात्रों की उभरती जरूरतों को पूरा करने में उत्तरदायी होने के लिए बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने की जरूरत है। पाठ्य पुस्तकों में क्या पढ़ाया जाए और क्या न पढ़ाया जाए, इसकी चर्चा लगातार होती रही है, क्योंकि स्कूल की पाठ्यपुस्तकें ही वह माध्यम हैं, जिनके द्वारा सुविधाजनक विमर्श को आगे बढ़ाया जा सकता है। विवाद तब होता है, जब एक विमर्श आपके लिए सुविधाजनक होता है और दूसरे वर्ग के लिए असुविधाजनक। वर्तमान में इतिहास की पाठ्य पुस्तकों में किए गए कुछ बदलावों से संबंधित विवाद को भी उसी संदर्भ में देखना चाहिए, जब एक वर्ग का सुविधाजनक दृष्टिकोण दूसरे वर्ग के विमर्श के अनुरूप नहीं होता है। देखा जाए तो इस प्रकार का विवाद पहली बार नहीं हुआ है। भारत के शैक्षणिक इतिहास में इस प्रकार के विवाद पहले भी होते रहे हैं। विश्व भर की शिक्षा व्यवस्थाएं अपने-अपने देश के पाठ्यक्रम को समझ और तार्किक दृष्टिकोण पर आधारित बनाना चाह रही हैं, वहीं हमारे देश में विवाद इस बात पर हो रहा है कि किस पक्ष का तथ्य सही है? यहां असुविधाजनक तथ्य को वृत्तांत की सहायता से सदैव छुपाने का प्रयास रहता है। इतिहास को न केवल तथ्यों से समझा जा सकता है और न केवल वृत्तांतों से। इसलिए यह आवश्यक है कि दोनों का उचित मात्रा में समावेश हो, मगर हमारे देश में इतिहास लेखन की शैली में तथ्य और वृत्तांत का विभाजन काफी बारीक है। इस विषय के पुनरावलोकन की आवश्यकता है। जहां पूरे विश्व की शैक्षणिक व्यवस्थाएं अपने स्वरूप को बदल रही हैं और छात्रों को तथ्यों से भरने के बजाय उन्हें इतिहास आधारित दृष्टिकोण से युक्त करने पर जोर दे रही हैं, जिससे छात्रों में इतिहास के प्रति एक वस्तुनिष्ठ दृष्टिकोण विकसित हो सके। आज के तकनीकी दौर में इतिहास बोध होने पर छात्र स्वयं ही ऐतिहासिक तथ्यों की पड़ताल कर सकता है। किसी देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक है कि वह अपने छात्रों को तथ्य आधारित, वस्तुनिष्ठ पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराए, क्योंकि यही छात्र भविष्य के विमर्श को न केवल आगे बढ़ाते हैं।

# लाचार भाई ने अपनी बहन को कंधे पर लादकर अस्पताल ले जाने का भरसक किया प्रयास, रास्ते में ही बहन की मौत

**✲ गरीब के जीवन का भी कोई मोल होता है। खीरी की घटना पर अखिलेश ने योगी सरकार को घेरा**

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** बाढ़ की विभीषिका के चलते आवागमन बंद हो जाने के कारण एक बीमारी लड़की की मौत हो गई। इसके बाद लड़की के दोनों भाई बहन के शव को कंधे पर लादकर पैदल ही चल दिए।इसका जब वीडियो वायरल हुआ तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव सरकार को घेरने से नहीं चूके। अखिलेश यादव ने सरकार को इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था करने की सलाह दे डाली। अखिलेश यादव ने कहा कि जनपद खीरी से एक दुखद समाचार मिला है कि बाढ़ के कारण सही समय पर अस्पताल न पहुंच पाने से एक लड़की की मौत हो गई।

लाचार भाई ने अपनी बहन को कंधे पर लादकर अस्पताल ले जाने का भरसक प्रयास किया लेकि रास्ते में ही बहन की मौत हो गई। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, सरकार से अपेक्षा है कि वो बाढ़ के हालातों में आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त इंतजाम करे और याद रखे गरीब के जीवन का भी कोई मोल होता है। बताते चला मामला मैलानी थाना क्षेत्र के गांव एलनगंज का है। यहां के रहने वाले दो भाइयों ने का अपनी बहन के शव को कंधे पर ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

पूछताछ में भाइयों ने बताया था कि बहन के साथ दो भाई पलिया में रहकर पढ़ाई करते थे। आठ दिन पहले उसकी बहन को टाइफाइड हो गया था। पलिया के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। पिछले दो दिन से उसकी हालत बिगड़ती जा रही थी। इसी बीच बुधवार को शारदा नदी की बाढ़ का पानी पलिया में घुस गया और शहर से निकलने के सभी रास्ते बंद हो गए। मजबूरी में वह बहन का बेहतर इलाज कराने के लिए दूसरे अस्पताल भी नहीं ले जा सका। गुरुवार को बहन की मौत होने पर जब कोई वाहन नहीं मिला तो दोनों भाई उसका शव कंधे पर उठाकर गांव के लिए निकल पड़े। पहले तांगे के जरिए वे शव को अतरिया तक लेकर गए। उसके बाद कंधे पर लादकर पांच किलोमीटर पैदल चले। फिर कुछ दूर तक नाव का सहारा लिया, उसके बाद गाड़ी के जरिए गांव पहुंचे।

# किशोरी को भगा ले गया युवक

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव में समुदाय विशेष का एक युवक दूसरे समुदाय की किशोरी को भगा ले गया। किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर दी।तो पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार है। ऐसे में भी एक दूसरे समुदाय के युवक किशोरी को ले भागा। उन्हें योगी सरकार का भी कोई भय नहीं रह गया है लोक लाज के भय से पिता ने पहले उसे ढूंढने की कोशिश जब नहीं मिला तो थाना पहुंच पुलिस को तहरीर दी। उसे भरोसा था कि पुलिस कार्रवाई करेगी तो उसकी बेटी मिल जाएगी। पिता का कहना है कि जब वह थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी तो थाना अध्यक्ष दीपक तिवारी ने बताया समुदाय विशेष के लोगों का मामला है। ठीक है मैं मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा और लड़की भी बरामदकर ली जाएगी। किशोरी का अब तक कोई पता नहीं है और पुलिस आरोपियों की तलास में लगी है। ग्रामीण बताते हैं कि लड़की स्कूल जाने के लिए निकली थी और गोला में एक विद्यालय में पढ़ती थी वही गोला में ही सब्जबाग दिखाकर किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और और युवक युवती को लेकर कही भागा ले गया। थानाध्यक्ष दीपक तिवारी का कहना है कि आरोपी युवक और उसके भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है विवेचना में जो होगा वह सामने आ जाएगा।

# पांच पशु चिकित्सालय चल रहे हैं एक डॉक्टर के सहारे

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



सिंगाही पशुचिकित्साधिकारी डॉ अवधेश पटेल का गैर जनपद तबादला होने से निघासन क्षेत्र व रमियाबेहड़ ब्लाक क्षेत्र अन्तर्गत पांच पशु अस्पताल एक पशु चिकित्सक के सहारे चल रही है। जिसके चलते पशुपालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी समुचित जानकारी उच्चाधिकारियों को होने के बावजूद भी मौन साधे हुए है। पशु पालन को बढ़ावा देने के लिए तरह-तरह की योजनाएं संचालित की जा रही है। इसमें टीकाकरण, गर्भाधान व बीमार पशुओं का मुफ्त इलाज के लिए चिकित्सकीय सुविधाओं पर लाखों रुपया खर्च किया जा रहा है। शासन की इन सुविधाओं का लाभ जिले के पांच पशु अस्पताल से जुड़े पशु पालकों को नहीं मिल पा रहा है। सिंगाही, तिकुनिया, बेलापरसुआ अस्पताल पशु चिकित्सक विहीन है। यहां पर निघासन अस्पताल के पशुचिकित्सक डॉ.इंद्र देव महर के भरोसे चल रहे हैं निघासन चिकित्सक के पास रमियाबेहड़ अस्पताल का भी कार्यभार है एक ही पशुचिकित्सक और एक फार्मासिस्ट के भरोसे पांच अस्पताल चल रहे है।जिसके चलते पशुचिकित्सक को एक दिन यहां तो एक दिन दूसरे अस्पताल पर डियूटी देनी पड़ रही है।

पशुपालकों को भी काफी परेशानियां हो रही है। जिसके चलते एक जगह सन्तुष्ट तो दूसरी जगह नाराज पशुपालक की समस्या से चिकित्सक कि भी जान सांसत में पड़ी हुई है। ऐसे में डॉक्टर नहीं रहने के कारण ऐसे में पशुओं की छोटी बीमारी भी पशुपालकों के लिए चिंता का कारण हो जाती है। उन्हें अपने पशुओं का इलाज झोलाछाप डॉक्टरों से कराना पड़ता है जिस कारण उनके जेब पर अतिरिक्त बोझ भी बढ़ता है और गलत इलाज के कारण पशुओं के मरने की भी आशंका रहती है। इस मामले में प्रभारी सीवीओ सोमदेव चौहान का कहना है कि अपने जिले से दस पशु चिकित्सक के ट्रांसफर हुए थे जिसमें अपने जिले केवल पांच चिकित्सक आये अस्पतालों में चिकित्सकों के कमी की रिपोर्ट निदेशालय को भेजी गई है। मामला शासन का होने के चलते उनके हाथ भी बंधे हुए हैं। बहरहाल कुछ भी हो अस्पताल के बावजूद पशुओं का इलाज सुलभ न होने से इलाकाई पशुपालकों में नाराजगी है।

# ट्रांसफार्मर फटने से छत पर सो रहा युवक गंभीर रूप से घायल





जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

क्षेत्र के गांव गरबापुर में बस्ती के बीच लगा ट्रांसफार्मर रात में तेज धमाके के साथ फट गया जिससे छत पर सोया युवक गंभीर रूप से झुलस गया है।परिजनों ने इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।वहीं दूसरी ओर मोहल्ला सरैया में रखा ट्रांसफार्मर धुआं दे रहा है।किसी समय बड़ा हादसा की आशंका है।गुरुवार की रात गांव में युवक मोनिस छत पर सो रहा था। 2 बजे करीब अचानक तेज आवाज के साथ घर से कुछ दूरी पर रखा ट्रांसफार्मर फट गया जिसका खौलता हुआ तेल युवक पर गिरने से गंभीर रूप से झुलस गया है। परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले गए जहां हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं मोहल्ला सरैया में घनी बस्ती के बीच रखा ट्रांसफार्मर से धुआं और लपटें निकलने से किसी समय बड़े हादसे को अंजाम मिल सकता है।लोगों ने मामले की शिकायत विभाग को दी है।

# बाढ़ से जलमग्न मार्ग, नाव से ससुराल पहुंची नवविवाहिता

**✲ 4 घंटे नाव के इंतजार में सड़क पर बैठी रही नई नवेली दुल्हन**

**✲ 4 घंटे तक सड़क किनारे बबूल के पेड़ के नीचे बैठी रही**

जन एक्सप्रेस । हरदोई



पाली थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव इन दिनों गर्रा नदी में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित हैं। इन गांवों में जल भराव के कारण आना-जाना बेहद कठिन है। बाढ़ प्रभावित कहारकोला गांव से गुरुवार को राहुल राजपूत की बारात शाहाबाद क्षेत्र के काला गाढा गांव गई हुई, शादी संपन्न होने के बाद शुक्रवार को वह दुल्हन को लेकर पहुंचा तो नई नवेली दुल्हन का सबसे पहले सामना बाढ़ के पानी से हुआ। नाव के इंतजार में पाली-शाहाबाद मार्ग पर नई नवेली दुल्हन करीब 4 घंटे तक बैठी रही। आमतौर पर नई नवेली दुल्हन जब अपने ससुराल पहुंचती है तो ननद और भाभी आदि उनसे बतियाती हैं, इठलाती है पर यहां कहानी कुछ और ही है। यहां चारों तरफ बाढ़ का पानी भरा है। बाढ ने सबकुछ फींका कर दिया। ग्रामीणों का मुख्य मार्गों और शहरी क्षेत्र से संपर्क टूट चुका है।

बाढ के कारण दुल्हन 4 घंटे तक सड़क किनारे बबूल के पेड़ के नीचे बैठी रही, दूल्हा बने राहुल राजपूत के लगातार गांव में फोन करने के बावजूद नाव नहीं पहुंची। सुबह से नाव का इंतजार कर रहे दंपत्ति को लेने दोपहर को नाव पहुंची। राहुल और उसकी नई नवेली दुल्हन नाव पर सवार होकर काहारकोला गांव पहुंचे। इस दौरान राहुल ने बताया कि उनके गांव का कहारकोला और मजरा खजुराही की करीब 3000 आबादी है। बाढ़ के पानी से गांव चारो ओर से घिरा है। नाव ही एकमात्र आवागमन का जरिया है। प्रशासन द्वारा नव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, गांव के ही लोग दो नाव चला रहे हैं।

जिस पर प्रशासनिक अधिकारी और नेता लोग निरीक्षण करने आते हैं वह सवार हो जाते हैं। ग्रामीणों को नाव मिलना बेहद मुश्किल है।

# प्रशासन की टीम लगातार बाढ़ प्रभावितों की मदद में लगी : विधायक





**✲ बाढ़ प्रभावितों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया जाये : डीएम**

जन एक्सप्रेस । हरदोई

डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी के साथ सवायजपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया। शाहाबाद पाली मार्ग में पड़ने वाले आगमपुर विद्युत उपकेंद्र के पास उतरकर जिलाधिकारी ने केन्द्र के बाहर जल प्रवाह की स्थिति देखी। उन्होंने तत्काल लोक निर्माण विभाग को जल प्रवाह को निर्बाध बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अभी तक उप केन्द्र में कोई दिक्कत नहीं हैं। यदि जल स्तर एक फ़ीट से अधिक बढ़ता है तो आपूर्ति बन्द करनी पड़ सकती है।

उन्होंने पुलिया के पास झाड़ियों की कटाई के निर्देश दिए। परेली पेट्रोल पम्प के पास उन्होंने जल प्रवाह की स्थिति देखी तथा प्रधान, सचिव व लेखपाल को निर्देश दिए कि नाव से गावों में भ्रमण कर लोगों को सचेत करें। ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुँचाने के लिए तत्काल एम्बुलेंस को कॉल करें।

इसके बाद विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू के साथ जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी व उपजिलाधिकारी सवायजपुर अरुणिमा श्रीवास्तव ने बाढ़ प्रभावित ग्राम बाबर पुर का भ्रमण किया।

ग्रामीणों से उनकी समस्याओ की जानकारी ली गयी। माननीय विधायक ने कहा कि शासन व प्रशासन की पूरी टीम लगातार बाढ़ प्रभावितों की मदद में लगी हुई है। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को बीमार लोगों के इलाज के लिए लगातार मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल के शुद्धिकरण के लिए कलोरीन की गोलियां वितरित की जाएं। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया जाये। पशुओं के लिए भूसे चारे आदि का उचित प्रबंध किया जाये। जिन लोगों के घर बाढ़ से गिर गए हैं और अन्यत्र कोई रहने के लिए कोई आवास नहीं है, उन्हें आवास दिया जाये।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नदियों का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती गांवो में कटान शुरू





**✲ नदी के किनारे खेतो में खड़ी फसलो को बचाने में जुटे किसान**

जन एक्सप्रेस । हरदोई

**सवायजपुर।** नदियों के लगातार जलस्तर बढ़ने से गंगा, रामगंगा व गम्भीरी नदियों के किनारों पर बसे गांवो में आफत टूट पड़ी है। खेतो में खड़ी फसलों के नुकसान के साथ साथ तटवर्ती गांवो में कटान शुरू हो गया है। हालांकि प्रशासन की तरफ से नदियों के किनारे बसे गांवो के ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के निर्देश दिए गए है तथा बाढ़ राहत चौकियों को सक्रिय कर राजस्व कर्मियों की तैनाती कर दी गयी है।

जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के बेहथर, चंद्रमपुर, मगरौरा, नदना, करनपुर, शहाबुद्दीनपुर, बारामऊ, अलीशेर पुरवा, बेहटा आदि गांव गंगा राम गंगा और गम्भीरी नदी से घिरे हुए हैं। जहां तीन दिनों से नदियों में पानी का जलस्तर लगातार बढ़ जाने से गांवो में कटान शुरू हो गया है। तो वही सरकार की एक बहुत बड़ी परियोजना के तहत बेहटा अरवल में रामगंगा नदी में एक बांध का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि अगर प्रशासन चाहता तो चार-पांच महीने में बांध का निर्माण कार्य सही से पूर्ण हो जाता लेकिन जब नदियों में बाढ़ का तांडव शुरू हो जाता है तब ठेकेदार बोरियों को भरकर किनारो पर लगाने का काम करते हैं लेकिन तब तक कटान बहुत तेजी पर हो जाता है।रामगंगा व गम्भीरी नदी के किनारे खड़ी फसलों में पानी भर जाने से फसलें बर्बादी की कंगार पर पहुंच गई है साथ ही तमाम सम्पर्क मार्गो के टूटने का खतरा मंडरा रहा है।

# चकरोड खाली न हुआ तो होगा आंदोलन

**✲ राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने दिया ज्ञापन**

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने क्षेत्र के मूड़ाजवाहर से बघमरा जाने वाले चक मार्ग की पटाई कराकर उस पर खडण्जा लगवाने के लिए एसडीएम को ज्ञापन दिया है। चेतावनी दी है कि यदि खड़ंजा ना लगा तो 24 जुलाई से सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया जाएगा।राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश सचिव श्रीकृष्ण वर्मा ने एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता को सौपें ज्ञापन में कहा है कि मूड़ाजवाहर से बघमरा जाने वाले चक मार्ग के दोनों ओर खेत स्वामियों द्वारा चकरोड काटकर अपने खेत में मिला लिया गया है। उन्होंने कहा है कि यह चकरोड गोला गोकर्ण नाथ से सिकंदराबाद रोड से निकट मूड़ा अस्सी से मूड़ाजवाहर जाने वाले मार्ग से गाँव बघमरा तक लगभग तीन किलोमीटर चकरोड को खेत स्वामियों के अपने खेत में मिला लेने से चकरोड के सकरे हो जाने से आये दिन गन्ना भरी ट्राली खेत में ही पलट जाती हैं जिस पर खेत स्वामी फौजदारी को अमल हो जातै हैं।इस मामले में तत्कालीन एसडीएम रत्नाकर मिश्रा को 24 मई और 24 जून को ज्ञापन दिया गया था, किंतु ब्लाक गोला के मनरेगा सचिव राजीव श्रीवास्तव ने चकरोड काटने वाले भू माफियाओं के प्राप्त संरक्षण के कारण अब तक चकरोड पटाई और खडण्जा लगवाना तो दूर मौका मुआयना तक नहीं किया गया है। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को दिये गये ज्ञापन में चकरोड के मौका मुआयना व आवश्यक कार्यवाही न किये जाने पर 24 जुलाई को ब्लाक गोला पर सत्याग्रह करने का एलान किया है।

एसडीएम ने कानूनगो अरूणेश मिश्रा से चकरोड की मौका मुआयना कर पैमाइश करने व कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनोज कुमार फौजी, नगर अध्यक्ष राहुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## बाढ़ के पानी में डूबा अस्थायी पुल, आवागमन बाधित

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर।** लहरपुर। गोबरिया पुल के पास बना अस्थायी पुल बृहस्पतिवार को बाढ़ के पानी में डूब गया। इस वजह से इस मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। इससे मार्ग पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने रूट डायवर्जन कर कड़ी मशक्कत के बाद रास्ता खुलवाया। लहरपुर-तंबौर मार्ग पर बना गोबरिया पुल दो वर्ष पूर्व क्षतिग्रस्त हो गया था। तत्कालीन मंत्री जितिन प्रसाद की पहल पर इसका दोबारा निर्माण शुरू हुआ था। वर्तमान में इस निर्माणाधीन पुल के बगल से एक अस्थायी पुल बनाकर यातायात पास कराया जा रहा था। बृहस्पतिवार को यह पुल बाढ़ के पानी में डूब गया। इस वजह से आवागमन बाधित हो गया। दोनों तरफ जाम लग गया। जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से संपर्क साधा। उन्होंने जेसीबी मंगवा कर नवनिर्मित गोबरिया पुल पर मिट्टी डलवाकर पैदल व साइकिल सवारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कराई। इसके साथ लालपुर बाजार से मुगलपुर होते हुए मतुआ की तरफ जाने वाले मार्ग पर रूट डायवर्जन कर दिया। जिस पर बड़े वाहनों को निकला गया। पुलिस ने लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आवागमन को बहाल किया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि गौरिया स्थित शारदा सहायक नहर रेगुलेटर पुल के पास वाहन चालकों को अलर्ट किया जा रहा है।

# प्रवेश हेतु 04 अगस्त तक करे आवेदन

जन एक्सप्रेस । हरदोई

प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरदोई आर0के0 श्रीवास्तव ने बताया है कि जनपद के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में माह अगस्त 2024 से प्रारम्भ प्रशिक्षण सत्र हेतु अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन 10 जुलाई से 04 अगस्त 2024 रात्रि 12.00 बजे तक कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वेबसाइट http://www.scvt-up.in पर अभ्यर्थी को फार्म भरना होगा। अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन से पूर्व ओटीपी से मोबाइल नम्बर का सत्यापन कराना होगा। फार्म भरने के पश्चात ऑनलाईन भुगतान करना होगा। ऑनलाइन भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग/यू0पी0आई0 के माध्यम से किया जा सकता है, जिस हेतु यूनियन बैंक ऑफ इंडिया व स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, के पेमेन्ट गेटवे की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आवेदन शुल्क का भुगतान होने पर अभ्यर्थी अपने फार्म का प्रिंट आउट ले सकेगा। ऑनलाइन आवेदन में सहायता हेतु विवरणी ई-फार्म में वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# खेत से मूंगफली की फसल लेने गया युवक नदी में डूबा

**✲ पैर फिसलने से रामगंगा नदी में डूबने से युवक की मौत**

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरपालपुर। नदियों में जलस्तर बढ़ने के बाद आसपास के लोगो का खतरा बढ़ गया है। नदी के किनारे अपने खेत मे खोदी जा रही मूंगफली की फसल को उठाने गया था जहां वह नदी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से श्रव को नदी से बरामद कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के बारामऊ दहेलिया गांव निवासी लगभग 26 वर्षीय उपेश पुत्र स्वर्गीय भूटान का भाई खेत पर मूंगफली खोद रहा था। बाढ़ का पानी बढ़ने की बजह से उपेश खेत से खोदी जा रही मूंगफली लेने जा रहे थे। रास्ते मे नदी के किनारे अचानक पैर फिसलने से वह नदी में गिर गया जिससे नदी में डूबने से उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना जब परिजनों को लगी तो घर में कोहराम मच गया। उपेश अपने दो भाइयों व दो बहनों में सबसे छोटा था। उपेश की शादी लगभग 10 वर्ष पहले हुई थी जिसकी पत्नी उसे लगभग तीन वर्ष पहले छोड़कर चली गई थी। जिसके दो बच्चे हैं उपेश दिल्ली में रहकर काम करता था। लगभग 15 दिन पहले अपने भतीजे की शादी में अपने घर पर आया हुआ था। डूबने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अरवल थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने गोताखोरों क़ई मदद से शव को नदी से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## शारदा में समाए 30 घर, बालक की डूबने से हुई मौत

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर। रेउसा/तंबौर/लहरपुर।** सड़क पर भरे बाढ़ के पानी में डूबने से लहरपुर में एक बालक की मौत हो गई। वहीं गांजर में सरयू व शारदा नदियों का पानी घटने के साथ अब कटान तेज हो गई है। शारदा की बेकाबू लहरों ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। रतनगंज गांव लहरों के निशाने पर है। शारदा में 30 घर समा गए हैं, जबकि आठ कटान के मुहाने पर हैं। तबाही का मंजर देख ग्रामीण दहशत में हैं। वह गृहस्थी समेटकर सड़क के किनारे डेरा डाल रहे हैं। सिंचाई विभाग कटान की रोकथाम में जुटा हुआ है। उधर, बैराजों से बृहस्पतिवार को 3 लाख 50 हजार 467 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बाढ़ प्रभावितों का कहना है, कि पानी घटने से कटान लगातार तेज होती रहती है। कटान को रोका न गया तो हालात बेहद भयावह हो सकते हैं। लहरपुर के गांव मुशियाना में बृहस्पतिवार सुबह गुजरने वाली शारदा नदी का पानी उफनाकर गांव में घुस गया। सारे रास्ते जलमग्न हो गए। इसी बीच रास्ते से गुजर रहा गांव निवासी हरिश्चंद्र (10) गहरे पानी में डूब गया। साथ के अन्य बच्चों ने डूबने की सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने शव को पानी से निकाला। इसके बाद पुलिस व तहसील प्रशासन को जानकारी दी। नायब तहसीलदार अशोक यादव ने बताया कि बच्चे के डूबने की सूचना मिली है। राजस्व टीम को मौके पर भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर सहायता राशि प्रदान की जाएगी। वहीं सरयू नदी का पानी 24 घंटे में 40 सेमी. कम हुआ है। बृहस्पतिवार को जलस्तर 118 मीटर दर्ज किया गया। शारदा नदी का पानी भी बुधवार की तुलना में घटा है। इससे लहरों ने कटान तेज कर दी है।

# रसखान प्रेक्षागृह में हुआ उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन



जन एक्सप्रेस । हरदोई

रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में दीन दयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बैंक प्रतिनिधियों व बीसी सखी की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उदघाटन किया। बैंक सखी रेखा में पुष्प गुच्छ जिलाधिकारी को भेंट किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंक सखी ग्रामीणों व बैंक के बीच सेतु का काम करती है। बैंक सखी बैंकों से समन्वय बनाये रखें। बैंक भी पूरा सहयोग प्रदान करें। डीसी एनआरएलएम रवि प्रकाश ने भविष्य में जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में बीसी सखी को मजबूत बनाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर लीड बैंक प्रबंधक अरविन्द रंजन व बड़ी संख्या में बैंक प्रतिनिधि व बीसी सखी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता संघ की डीएम के तबादले की मांग का सरकार ले संज्ञान: अमिताभ ठाकुर

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष सिंहासन गिरी सहित अन्य अधिवक्तागण के साथ जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह द्वारा किए गए दुर्व्यवहार को लेकर उग्र अधिवक्ता संघ द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन चौथे सप्ताह में पहुंच गया है परंतु उत्तर प्रदेश सरकार के किसी जिम्मेदार ने अधिवक्ता संघ द्वारा किए जा रहे अनवरत धरना प्रदर्शन का निराकरण कराने की जहमत उठाना मुनासिब नहीं समझा, जबकि सत्ताधारी दल के जनपद में सात विधायक में एक कैबिनेट मंत्री, एक राज्यमंत्री है एक सांसद भी हैं। अधिवक्ता संघ द्वारा डीएम अखण्ड प्रताप सिंह के उपर दर्जनों भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाया जा रहें है। जिलाधिकारी के तबादले की मांग कर रहे अधिवक्ता गणों द्वारा डीएम मुर्दाबाद सहित तमाम उलजलूल संबोधनों से संबोधित किया जा रहा है और उत्तर प्रदेश सरकार के जिम्मेदारों पर भ्रष्टाचारी डीएम का बचाव करने का भी आरोप लगाया जा रहा है।



### डीएम के तबादले तक जारी रहेगा अधिवक्ता संघ के धरने को पार्टी का समर्थन: अमिताभ ठाकुर

पूर्व आईपीएस अधिकारी ने अधिवक्ता संघ की मांगों का अब तक संज्ञान नहीं लेने पर कहा कि इससे स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश सरकार के जिम्मेदारों द्वारा भ्रष्ट जिलाधिकारी को बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजाद अधिकार सेना अधिवक्ता संघ द्वारा डीएम पर लगाए गए सभी आरोपों की जांच की मांग लोकायुक्त के समक्ष रखेगी और पार्टी अधिवक्ता संघ का जिलाधिकारी के तबादले तक समर्थन करती रहेगी।

### यक्ष प्रश्न- सरकार के लिए आमजन से एक डीएम इतना प्रमुख हैं आखिर क्यों...

देवरिया जिले की सीमा प्रदेश के कुशीनगर, बलिया, गोरखपुर सहित पड़ोसी प्रांत बिहार से लगी है। इतने लंबे परिक्षेत्र में फैले सीमा क्षेत्र से फरियादी अपने मुकदमे की स्थिति जानने प्रतिदिन पांच किलोमीटर की दूरी से लेकर पचपन किलोमीटर तक की दूरी तय कर और बीस रुपए से लेकर अस्सी रुपए तक का किराया और अपना बहुमूल्य समय गंवाकर जिला मुख्यालय कचहरी आते हैं और इसी आस में अपने जीवन का किमती समय पूरा दिन गंवा कर मायूस हो सरकार को कोसते हुए वापस हो जाते हैं।



### विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी पड़ सकता है अधिवक्ता संघ की मांगों को दरकिनार करना

अधिवक्ता संघ द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन से आमजन का सार्वाधिक नुकसान हो रहा है, सिविल कोर्ट से लेकर कलेक्ट्रेट, तहसील, ग्राम न्यायालयों के फरियादियों को आर्थिक, शारिरिक और दिमागी उत्पीड़न हो रहा है परंतु सबका साथ, सबका विकास और सबके विस्वास का राग अलापने वाली भाजपा सरकार, आमजन को हो रही परेशानियों और एक जिलाधिकारी के तबादले की मांग कर रहे भारत के सबसे बड़े प्रबुद्ध समाज की बातें सुनने को तैयार नहीं है। जनपद के सामाजिक चिंतकों ने हिंदी दैनिक निष्पक्ष प्रतिदिन संवाददाता से बातचीत में बताया कि अधिवक्ता संघ द्वारा डीएम की तबादले की मांग और समाज के प्रबुद्ध वर्ग द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन से आमजन को हो रही परेशानियों का सरकार को संज्ञान लेते हुए अधिवक्ता संघ की मांगों पर विचार कर अतिशीघ्र धरना प्रदर्शन खत्म कराना चाहिए अन्यथा की स्थिति में सरकार की हठधर्मिता का खामियाजा आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को उठाना पड़ सकता है क्योंकि इस धरना प्रदर्शन की कमान युवा अधिवक्ता गणों ने अपने हाथों में ले लिया है। बीते लोकसभा चुनाव में युवाओं के विरोध का नतीजा ही भारतीय जनता पार्टी को बहुमत की सरकार बनाने से पीछे ढकेल दिया।

### वायरल वीडियो में उत्तर प्रदेश सरकार के जिम्मेदारों की अधिवक्ता ने उधेड़ी बखिया, डीएम के भ्रष्टाचार में लगाए हिस्सेदारी का आरोप

बताते चलें कि धरना प्रदर्शन में बीते दिनों कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुभाष राव द्वारा धरना स्थल से उतर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही पर डीएम द्वारा की जा रही धन उगाही में हिस्सेदारी करने का आरोप भी लगाया जा चुका है,जिसका विडियो क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हो रहा है और आम जनमानस में भाजपा सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

### पूर्व आईपीएस अधिकारी ने धरने में शामिल होकर अधिवक्ता संघ का किया समर्थन

अधिवक्ता संघ द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन का समर्थन करने शुक्रवार को जिले में पहुंचे पूर्व आईपीएस अधिकारी,आजाद अधिकार सेना सुप्रीमो अमिताभ ठाकुर ने अधिवक्ता संघ की मांगों का समर्थन करते हुए धरना प्रदर्शन में शामिल हुए, अधिवक्ताओं द्वारा सिविल लाइंस रोड़ पर लगभग आधे घंटे तक बीच सड़क में धरना दिया गया। धरने में शामिल आजाद अधिकार सेना सुप्रीमो अमिताभ ठाकुर ने कहा अधिवक्ता संघ की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि प्रबुद्ध वर्ग द्वारा जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह पर लगायें जा रहे आरोपों की जांच सरकार को अविलंब कराना चाहिए, और अधिवक्ता संघ द्वारा डीएम के तबादले की मांग को सरकार द्वारा अविलंब संज्ञान लेकर समाज के सबसे प्रबुद्ध वर्ग का सम्मान करना चाहिए। अधिवक्ता गणों द्वारा डीएम के विरुद्ध लगाएं जा रहे आरोपों की जांच उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित कर कराया जाना चाहिए।

# सियार और साही की मांद, खोल रही बंधे के सुरक्षा की पोल

**जिले के कोठा-असवनपार तटबंध का ताजा हाल**

**जन एक्सप्रेस। गगहा, गोरखपुर**

जनपद के गगहा क्षेत्र से होकर गुजरने वाली राप्ती नदी का पानी धीरे धीरे बढ़ता ही जा रहा है। बाढ़ आने की संभावना को देखते हुए नीद से जागे विभाग के कर्मचारी कोठा असवनपार तटबंध को मजबूत करने में जुट गए हैं। हलांकि बांध के मरम्मत का कार्य अभी पूरा नहीं हो सका है। जिसे लेकर कछार के बाशिंदे सशंकित भी है ।बारिश से कुछ दिन पहले तटबंध की मरम्मत के लिए रेन कट पर मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया जो बारिश में बह गया। बारिश बंद होने पर पुनः रेन कट को भरने का काम विभाग द्वारा तेज किया गया है। संभावित खतरों को देखते हुए बांध की साफ सफाई और बोरी में मिट्टी भरकर भंडारण किया जा रहा है। बावजूद तटबंध की सुरक्षा के लिए नाकाफी है। कोठा असवनपार तटबंध में कोल केशव सामने तटबंध में जगह जगह अब भी रैटहोल और साही व सियार के मांद विभाग के तैयारी की पोल खोल रहे हैं।

**झाड़ झंखाड किया जा रहा है साफ, साही सियार की मांद की जाएगी बंद: जेई**

इस संबंध में बाढ़ खंड द्वितीय के सहायक अभियंता



कुमार गौड़ का कहना है कि तटबंध की सुरक्षा के लिए काम चल रहा है। तटबंध पर उगे नरकट व झाड़ झंखाड़ की सफाई कराई जा रही है। इसके बाद साही व सियार के मांद को बंद किया जायेगा।

## परिजनों के सामने ही नदी में डूबा घर का इकलौता चिराग



जन एक्सप्रेस/पनियरा (महराजगंज)। पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रजौड़ा खुर्द के बुद्धू टोला में बृहस्पतिवार की शाम तोरन शेरवाने गए मासूम की नाले में डूबने से मौत हो गई। परिजन नाले में काफी खोज दिन किया परंतु शव का आता पता नहीं चल सका। शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे नल से शव बरामद हुआ। मौके पर पहुंची पनियरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर के अनुसार राजन मौर्य उम्र 10 वर्ष अपने परिवार जनों के साथ घटाई मां के स्थान पर तोरण शेरवाने गया था और नदी में नहाते समय डूब गया बताया गया कि मृतक के परिवार में दो दिन पूर्व शादी थी जिसका तोरन शेरवाने के लिए लोग वहां पहुंचे थे। राजन मौर्य माता-पिता का एकलौता पुत्र था और एक छोटी बहन अंशिका 8 वर्ष की है। घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पीड़ित ने मीडिया के समक्ष सुनाई आपबीती अभियुक्तों के गिरफ्तारी की किया मांग

**✻ विवेचना में अभियुक्तों का नाम निकाले जाने जाने का पुलिस पर लगाया आरोप**

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



जनपद के थाना शाहपुर क्षेत्रांतर्गत जंगल शालिग्राम निवासी हेमंत निषाद एवं मंशा साहनी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि हमारे बहनोई जय नाथ साहनी, यश निषाद लक्ष्य निषाद, प्रीतम निषाद व भोला साहनी के बीच 101 डिसमिल जमीन को लेकर विवाद चल रहा है इसी दौरान उक्त लोगों द्वारा 4 अप्रैल 2024 को शाम 4 बजे कब्जे की नियति से वहां पहुंचे और उक्त जमीन कब्जा करने लगे। मेरे और हमारी पत्नी द्वारा मौके पर जाकर मना करने पर कहां सुनी हुई , सूचना पर पहुंचे पुलिस प्रशासन द्वारा काम बंद कराकर शांति भंग में चालान कर दिया गया। घटना के दूसरे दिन हमारे बहनोई ओर एवं उनके सहयोगियों द्वारा जान से मारने की नीयत से 5 अप्रैल को करीब रात को 10 बजे साजिश के तहत जान से मारने की नियत से घर में घुसकर कुल्हाड़ी ,लोहे की राड़,हथोड़ा एवं धारदार हथियारों से लैस होकर हमला कर दिया, जिससे हम लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिसकी शिकायत हमारी पत्नी द्वारा 112 नंबर एवं 1090 पर फोन जरिए सूचना दी गई इसके बाद हमें थाने लाया गया और वहां उपचार होने के बाद एफ आई आर दर्ज कर घर भेज दिया गया। पिडित ने बताया बताया कि एफआईआर दर्ज होने के कुछ दिन बाद विवेचना अधिकारी सुभाष चंद्र पांडे द्वारा अभियुक्तों का नाम निकालकर उनकी जगह पर अन्य किसी लोगों को मुलजिम बना दिया गया इसकी सूचना न्यायालय जाने के बाद हम लोगों को हुई उसके बाद हम लोग एसएसपी, डीआईजी सहित जिले के समस्त अधिकारियों से मिले लेकिन अभियुक्तों की ना तो गिरफ्तारी हुई ना तो उन लोगों का एफ आई आर में नाम दर्ज किया गया।

पिडित परिवार ने कहा कि हम प्रेस वार्ता के माध्यम से पुलिस प्रशासन के जिम्मेदारों से न्याय की गुहार लगाते हैं कि दोषियों पर कार्रवाई हो और निर्दोष लोगों का नाम निकाला जाए जिससे हम लोगों को न्याय मिल सके।

यक्ष प्रश्न- अगर पिडित की आवाज मीडिया की सुर्खियां ना बने तो आमजन को नहीं मिलेगा न्याय .... आखिर क्यों

आमजन मानस द्वारा सरकार को दिए गए टैक्स के पैसों से अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले पुलिस प्रशासन आखिर क्यों नहीं करता है सुनवाई, अपने परिवार के पालनहार की क्यों नहीं लेता है सुधि। क्या अगर आमजन की पीड़ा को मीडिया प्रमुखता से नहीं उठाए तो क्या पुलिस प्रशासन पिडितो की नहीं करेगा सुनवाई।


# युवती का अपहरण कर शारिरिक शोषण करने वाला युवक हुआ गिरफ़्तार

**अपहरणकर्ता के चंगुल से भागकर मुंबई से गोरखपुर पहुंची थी युवती, ढाई महीने तक नशीला पदार्थ देकर यौन शोषण करने का आरोप**

**जन एक्सप्रेस। गगहा**

गगहा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का भगा अपहरण कर उसका शारीरिक शोषण करने वाले युवक को गगहा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गजपुर इलाके से उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी युवती को कमरे में कैद कर, बेहोशी की दवा खिलाकर, ढाई माह तक करता रहा दुष्कर्म।

जानकारी के मुताबिक, 5 अप्रैल को गगहा थाना के एक गांव की युवती घर से लापता हो गई थी। युवती की मां ने गगहा थाने पर पड़ोस के एक युवक पर अपहरण के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। ढाई महीने तक पुलिस को युवती का कोई सुराग नहीं मिल सका। वहीं 26 जून की सुबह को युवती परिजनों के साथ गगहा थाना पहुंची। युवती ने बताया कि पड़ोस के युवक ने उसे बहला फुसलाकर मुंबई ले जाकर एक कमरे में कैद कर दिया जहां बेहोशी की गोलियां देकर ढाई महीने तक उसके साथ यौन शोषण किया। इस बीच मौका मिलने पर वह युवक के चंगुल से भाग निकली और मुंबई में अपने रिश्तेदार को फोन किया। रिश्तेदारों ने उसे गोरखपुर पहुंचाया था। युवती ने बताया था की आरोपी युवक पहले से शादीशुदा है एवं दो बच्चों का पिता है। पुलिस ने युक्ति का मेडिकल परीक्षण एवं कोर्ट में बयान कराया।



### मेडिकल में सिद्ध होने पर पुलिस ने बढ़ाई दुष्कर्म की धारा

युवती के मेडिकल परीक्षण में उसके साथ नशीला पदार्थ देकर कई बार दुष्कर्म करने की बात सिद्ध हुई इसके बाद पुलिस ने अपहरण के मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई है।

### आरोपी द्वारा युवती के परिजनों को युवती का फोटो वीडियो वायरल करने की दी थी धमकी

युवती के परिजनों का कहना है कि युवती के कोर्ट में बयान के बाद आरोपी युवक ने परिजनों को फोन कर युक्ति का पति जनक वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी दी थी। जिसकी शिकायत परिजनों ने पुलिस की थी। पुलिस पिछले कई दिनों से आरोपी युवक की तलाश में दबीश दे रही थी। नए कानून के तहत वीडियोग्राफी कर युवक की गिरफ्तारी की गई। बृहस्पतिवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# सीएम योगी के जिले में भ्रष्टाचारियों के लूट का खजाना बनी मनरेगा योजना

**✻ खोराबार क्षेत्र के ग्राम सभा सेमरा मानिक चक का है मामला**

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

जनपद के विकास खण्ड खोराबार के सेमरा मानिक चक में मनरेगा योजना के कार्य का अजीबो गरीब मामला सामने आया है जहां दुर्गा मंदिर से झिनकू व जय हिन्द के खेत से झिनकू के खेत तक मनरेगा कार्य के लिए गुरुवार को दर्जनों मजदूरों की मनरेगा की साइट पर हाजिरी भरी गई और उसी सड़क पर शुक्रवार को घास उग गई। कार्यस्थल पर चौबीस घंटे के अंदर घास उगना भ्रष्टाचार की गंगोत्री में डूबे भ्रष्टाचारियों की पोल खोलता रहा है और जिम्मेदार एयरकंडीशन कमरों में बैठ कमीशन की मोटी रकम वसूल कर भ्रष्टाचार में शिष्टाचार की रस्म अदायगी कर रहे हैं।यह सिर्फ एक विकास खण्ड क्षेत्र का मामला नहीं है यहां तो हमाम में सब नंगें है, कोई चंगा नहीं।



पुराने फोटो से फोटो खींचकर किया जाता है अपलोड, नहीं पहचान में आते मजदूर जिले के ही विकास खण्ड सरदार नगर में मनरेगा की साइट पर शाम पांच बजे तक एक भी मस्टरोल नही भरा गया तो वहीं जिले में कुछ ऐसे भी ग्राम पंचायतें हैं जहां मस्टरोल रात में भरा जा रहा तो कुछ ऐसे भी हैं जहां मस्टरोल भर तो दिया जा रहा लेकिन जो फोटो अपलोड हो रहे उसमें कार्य करने वाले व्यक्ति को पहचानना मुश्किल है क्योंकि भ्रष्टाचारियों द्वारा पुराने फोटो से फोटो खींचकर अपलोड किया जा रहा है।

**कार्य स्थल की जांच कराकर दोषियों पर की जाएगी कार्रवाई: डीसी मनरेगा**

इस संबंध में पूछे जाने पर डीसी मनरेगा ने कहा कि उक्त कार्य स्थलों की जांच कराकर संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधान संघ ने मृतक ग्राम प्रधान के परिवार को सौंपी सहयोग राशि

**जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर, महराजगंज**

फरेंदा ब्लॉक क्षेत्र के रामनगर ग्राम प्रधान अभय कुमार उर्फ सोनू के आकस्मिक मृत्यु के बाद ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष की अध्यक्षता में सहयोग राशि ग्राम प्रधान स्वर्गीय अभय कुमार उर्फ सोनू के पिता श्री रामकिशुन को सहायता राशि के रूप में 92 हजार 2 सौ रुपए दिया गया। ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष रामप्रताप यादव की अध्यक्षता में फरेन्दा ब्लॉक के विभिन्न ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान ने मृतक ग्राम प्रधान स्वर्गीय अभय कुमार उर्फ सोनू के पिता रामकिशुन को सहयोग राशि प्रदान की उनके हर सुख-दुख में हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। सहयोग राशि देने वालों में प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप यादव, महेंद्र कुमार, दिनेश चन्द्रा, साधु सरन, रघुनाथ सिंह, सुनील चौरसिया, शाह आलम, अशोक चौरसिया, मनोज कुमार, राकेश यादव, धनंजय यादव, बलराम चौधरी, जयराम प्रसाद, इंदल, जावेद, प्रमोद, पूर्व प्रधान शिव भवन यादव, गंगाराम यादव, प्रमोद चौधरी सहित तमाम लोग रहें।इसके अलावा सचिव प्रमोद यादव, संतोष



कुमार, आशुतोष आर्य, सर्वेश कुमार, अखंड प्रताप, वेद प्रकाश, संतोष कुमार 2 के द्वारा एकत्रित किए गए सहायता राशि 92 हजार दों सौ रुपए ग्राम प्रधान रामनगर स्वर्गीय अभय कुमार उर्फ सोनू के पिता को सहयोग राशि प्रदान किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप यादव, ग्राम प्रधान महेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान दिनेश चन्द्रा, पूर्व ग्राम प्रधान रामनगर शिव भवन यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) अंबिका निषाद पत्रकार विश्वामित्र मिश्र, सचिव प्रमोद यादव, फतेह बहादुर, सिंकन्दर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## आम के लिए बच्चों के साथ बर्बरता: पुलिस ने लिया संज्ञान, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** बगीचे से आम बिनने के लिए बच्चों के साथ बर्बरता करने वाले युवक को थाना चौक पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बच्चों के साथ बर्बरता करने का वीडियो बीते दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस ने घटना का संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार किया है। *घटना 10 जुलाई की शाम करीब 5.30 बजे की है , वायरल विडियो क्लिप के संबंध में पिडित बच्चे की मां द्वारा थाना चौक पुलिस को 11 जुलाई को मिली जब पिपरिया गुरु गोविंद राय चौक, थाना चौक, जनपद महाराजगंज निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनका 7 वर्ष का लड़का, 8 वर्ष व 6 वर्ष के बच्चों के साथ गांव के ही बगीचे में आम बिनने के लिए गए थे। उक्त बगीचे की रखवाली सुदर्शन पुत्र राममुरात निवासी पिपरिया थाना चौक जनपद महराजगंज रहता है।

## हरा भरा प्रदूषण मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए नगर निगम कृत संकल्पित: नगर आयुक्त

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

महानगर को हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाए जाने के लिए नगर निगम गोरखपुर हमेशा संकल्पित रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त, नगर निगम गोरखपुर द्वारा नगर निगम सीमान्तर्गत वृहद वृक्षारोपण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिस हेतु नगर निगम सीमान्तर्गत विज्ञापन कार्य एवं चौराहा सौन्दर्यीकरण का कार्य कर रही फर्मों को प्रोत्साहित करते हुए जनहित में छायादार वृक्षों को मय ट्री गार्ड लगवाने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिसके तहत फर्म- मेसर्स स्पलाईस, हिमालय टिम्बर, मेसर्स श्रीनाथ जी, बैंक रोड, मेसर्स परम्परा ज्वेलर्स, बेतियाहाता, मेसर्स अदिति डिजिटल मीडिया, सिनेमा रोड़ गोरखपुर एवं मेसर्स जेटीएन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, कानपुर द्वारा शुक्रवार को ट्रान्सपोर्ट नगर से महेवा कटनिया बन्धे के किनारे विज्ञापन विभाग टीम, नगर निगम की उपस्थिति में 50-50 अदद पेड़ जैसे गुलमोहर, अर्जुन, अशोक, नीम व करन्जा आदि छायादार वृक्ष मय ट्री गार्ड लगाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षारोपण के इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त-II, प्रभारी अधिकारी विज्ञापन विभाग निरंकार सिंह, सहायक नगर आयुक्त सन्तोष मिश्रा, सम्बन्धित फर्मों के प्रतिनिधि, विज्ञापन विभाग लिपिक दीपक श्रीवास्तव एवं फजले रिजवान खां उपस्थित रहे।



# कई आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता से अब किसानों को खेती में मिल रही बड़ी सहूलियत: गौरव मौर्य

जन एक्सप्रेस। कूरेभार/सुलतानपुर

पहले किसान बैलों की जोड़ी से खेती करते थे लेकिन ट्रैक्टर और कई आधुनिक कृषि यंत्र आने के बाद किसानों को बहुत आसानी हो गई। उचित दर पर अब छोटे किसानों के लिए भी बहुत से आधुनिक कृषि यंत्र आ गए हैं। जिनसे खेती करना बेहद आसान हो गया है। इन सब में एक खास यंत्र है टिलर, जो बागवानी और गन्ने की खेती करने वाले किसानों के लिए बेहद उपयोगी है। कृषि कल्याण बीज भंडार के मालिक और कृषि यंत्र एक्सपर्ट गौरव मौर्य ने बताया कि टिलर छोटे किसानों के लिए बेहद ही उपयोगी कृषि यंत्र है। टिलर 6 हॉर्स पावर से लेकर 10 हॉर्स पावर तक के आते हैं। इनके रेट क्वालिटी और कंपनी के आधार पर तय होते हैं। यह बागवानी और गन्ने की खेती करने वाले किसानों के लिए बेहद ही उपयोगी है। गौरव मौर्य ने बताया कि पहले छोटे किसान बैल की सहायता से खेतों की जुताई किया करते थे, लेकिन अब टिलर के आ जाने से बागवानी और गन्ने की गुड़ाई का काम आसानी से किया जा सकता हैं। टिलर बेहद कम डीजल की खपत करते हुए खेती को आसान बना सकते हैं। टिलर को किसान हाथ से पड़कर चलाते हैं। इसको स्टार्ट करने के लिए एक बैटरी लगी रहती है।





### 45 हजार से 2.5 लाख है कीमत

इस बावत कृषि कल्याण बीज भंडार के मालिक और कृषि यंत्र एक्सपर्ट गौरव मौर्य ने बताया कि टिलर 5 हॉर्स पॉवर से लेकर 16 हॉर्स पावर तक के आते हैं। इनकी कीमत 45 हजार रुपए से लेकर करीब 2 लाख 50 हजार रुपए तक रहती है। टिलर के रेट कंपनी और क्वालिटी के आधार पर होते हैं।

### एक घंटे में करता है कितना काम ?

कृषि कल्याण बीज भंडार के मालिक और कृषि यंत्र एक्सपर्ट गौरव मौर्य ने बताया कि टिलर 600 ग्राम से लेकर 800 मिली प्रति घंटे के हिसाब से डीजल की खपत करते हैं। एक टिलर से 2 घंटे में एक एकड़ खेत की गुड़ाई कर सकतें हैं। टिलर में रोटावेटर और कैल्टीवेटर को जोड़कर गुड़ाई की जाती है। गौरव मौर्य ने बताया कि छोटे किसानों की आय को बढ़ावा देने के लिए सरकार भी लगातार मदद कर रही है। सरकार द्वारा टिलर खरीदने वाले किसानों को 15 हजार रुपए से लेकर 75 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है।

# जनाबे ज़ैनब ने अपने भाई इमाम हुसैन पर किया अपने बेटों को कुर्बान: मौलाना

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



वक़्फ़ इमाबाड़ा हयातनगर मे पांच मोहर्रम की मजलिस रज़ा हुसैन की जानिब से हूई मजलिस को खेताब करते हुये मौलाना बाकर सज्जाद ज़ैदी ने बताया की क़र्बला मे हज़रत अली की बड़ी बेटी जनाबे ज़ैनब ने अपने भाई इमाम हुसैन पर अपने बेटों को कुर्बान कर के भाई के प्रति बहेन की मोहब्बत की एक मिसाल कायम की क़र्बला मे जंग शुरू होने को थी सब चाहने वाले अपनी कुर्बानी देने को बेताब थे वही जनाबे ज़ैनब अपने बेटों के साथ खैमों मे मौजूद थी और अपने बेटों से कह रही थी देखो सबसे पहले अपने मामू पर अपनी जान को कुर्बान कर ताकि मै अपनी माँ बीबी फात्मा के सामने शर्मिंदा ना हूँ

मौलाना ने बताया के दोनों बेटे अपने मामू इमाम हुसैन के पास आये और कहा की मामू हमें मरने की इजाज़त दीजिए दोनों छोटे छोटे बच्चे अपने मामू हुसैन से जंग की इजाज़त लेकर मैदाने क़र्बला मे आये और ऐसी जंग की दुश्मन देखकर हैरान था के इतने छोटे बच्चे और वो भी भूखे प्यासे मगर इनती बहादुरी से लड़ रहें है जनाबे ज़ैनब के दोनों बेटे जनाबे औन, और जनाबे मुहम्मद, काफ़ी देर तक जंग करते रहते भूखे प्यासे कब तक लड़ते रहते ज़ालिमो ने उन्हें चारो तरफ से घेर लिया और तीरो तलवार से मासूम बच्चों पर हमला करने लगे दोनों बच्चे घोड़े से ज़मीन पर ए गये और आवाज़ मामू इमाम हुसैन को आवाज़ दीं इमाम हुसैन अपने भाई जानबे अब्बास के साथ दोनों बच्चों को मदद के लिए आये तब तक दोनों बच्चों की शहादत हो चुकी थी एक बच्चे का जनाज़ा अब्बास ने उठाया और एक बच्चे का जनाज़ा ईमानदार इमाम हुसैन ने उठया और ले कर खैमे मे आये इमाम हुसैन ने अपनी बहन ज़ैनब को बुलाया और कहा लो बहेन तुम्हारे बच्चों ने अपना वादा निभाआ अपनी जान को अपने मामू पर कुर्बान कर दिया इतना सुनना था जनाबे ज़ैनब ने मुसल्ला बिछाया और अल्लाह का शुक्र अदा किया ये सुनकर मजलिस बैठे लोग फूट फूट कर रोने लगे मजलिस के बाद ताबूते औनो, मोहम्मद, निकाला गया जिसकी सभी अज़ादारों ने ज़ियारत की और जनाबे ज़ैनब को उनके मासूम बच्चों की दर्दनाक शहादत का पुरसा पेश किया यह जानकारी कमेटी तमन्ना-ए-मूसा के अध्यक्ष कायम मेंहदी चाँद ने दीं।

# विधायक ने तहसील परिसर में किया वृक्षारोपण

- वृक्षारोपण कार्यक्रम मीटिंग के दौरान शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी का भी उठाया मुद्दा
- यह वृक्ष लगाने का कार्य नहीं है, परिवार संवारने/बचाने का कार्य है: सीताराम वर्मा

जन एक्सप्रेस। लम्भुआ/सुल्तानपुर




स्थानीय तहसील परिसर में विधायक सीताराम वर्मा की अध्यक्षता में %एक वृक्ष मां के नाम% चल रहे कार्यक्रम को लेकर परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक हुई।तहसील परिसर में विधायक ने वृक्षारोपण भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत सभी से एक वृक्ष लगाने की अपील की गई। इस कार्यक्रम के तहत लंभुआ विधायक की अध्यक्षता में हो रहे कार्यक्रम में विधानसभा लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि हम एक वृक्ष ही नहीं लगाते, हम एक परिवार को सजाने और संवारने का काम करते हैं। पेड़ कटने से गाँव की अपेक्षा शहरों में ज्यादा दिक्कत होती है क्योंकि शहर में जनसंख्या ज्यादा होती है। इसलिए ब्रिज लगाना बहुत जरूरी है वहीं यह वृक्ष फल,लकड़ी के अलावा ऑक्सीजन भी देता है।उन्होंने बताया कि जिसके लिए ग्राम पंचायत में निशुल्क पौधे वितरण किया जा रहे हैं। वनरक्षक अधिकारी अतुल कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। नर्सरी से निशुल्क वृक्ष का वितरण किया जा रहा है।

वहीं उन्होंने वृक्ष लगाकर माई लान एप्प पर अपलोड करने की भी बात कही।

मौके पर मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी अजय सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि घर में तीन लोगों के नाम पौधा लगाए, अध्यापकों को संबोधित करते हुए बताया कि बच्चों को ऐसी प्रेरणा दे कि वह घर पर पेड़ लगाने की जिद पर उतर आए। वहीं इस दौरान शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी का भी उठाया मुद्दा। इस मौके पर शिक्षक संघ लंभुआ के अध्यक्ष रणवीर सिंह महावीर रजक, रामसेवक मौर्य रघुनाथ, समेत मंडल अध्यक्ष संजय सरोज, प्रवीण सिंह, शेर बहादुर सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह मामपुर, कृष्णा सिंह, वनरक्षक रामजी यादव कृष्णानंद रवि आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहब की प्रतिमा की खंडित

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

बन्नादेवी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अराजक तत्वों ने बाबा साहब की मूर्ति को खंडित कर दिया। मसूदाबाद बस स्टैंड के पास लगी मूर्ति को आरोपियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रतिमा खंडित होने की सूचना विहिप बजरंगदल कार्यकताओं को प्राप्त हुई, त्वरित रूप से विहिप जिला प्रचार प्रमुख प्रतीक रघुवंशी, बजरंगदल सह संयोजक दीपक राजपूत, गौरक्षा प्रमुख करन चौधरी, सचिन राघव व अन्य कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का अवलोकन किया एवं प्रशासन से तत्काल नई प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। विश्व हिन्दू परिषद, जिला प्रचार प्रमुख प्रतीक रघुवंशी ने कहा कि जिस संविधान से पुलिस प्रशासन चलता है, उन्ही संविधान निर्माता की प्रतिमा की सुरक्षा पुलिस द्वारा न कर पाना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने यह भी प्रश्न किया कि हमेशा मूर्तियों को ही निशाना क्यों बनाया जाता है।

साथ ही वह बोले कि भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा का खंडित होना यह बताता है कि शहर के पुलिस अधिकारी जिनके जिम्मे क्षेत्र की सुरक्षा है। वह इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे है। जबकि सूबे के मुखिया एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के स्पष्ट निर्देश हैं कि पुलिस सुरक्षा में किसी प्रकार की कताई न बरते। शांति व्यवस्था हर हाल में बनी रहनी चाहिए।

इस अवसर पर हिमांशु जाटव, जुगनू जाटव, राजा वाल्मीकि, हिमांशु सिंह, मुकेश जाटव , पंकज जाटव, हनी जाटव आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों के लिए नि:शुल्क पेयजल की मांग

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। अखिल भारतीय पंचायत परिषद के उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता ठाकुर गवेंद्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ अशोक चौहान एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल शर्मा राष्ट्रीय सचिव गवेन्द्र सिंह एडवोकेट महासचिव ठाकुर ध्यान पाल सिंह राष्ट्रीय सचिव नयना नंदकुमार पाटिल उत्तर प्रदेश संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह प्रदेश सहसंयोजक चौधरी महेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश महासचिव ठाकुर नरेंद्र सिंह सोलंकी ठाकुर ने एक पत्र माननीय प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री को लिखा है जिसके अंतर्गत जल जीवन मिशन ग्रामीण योजना 2024 के तहत प्रत्येक ग्राम वासियों को घरेलू जल वॉटर कनेक्शन के माध्यम से पर्याप्त व स्वच्छ जल को उपलब्ध कराना है और यह भी ज्ञात हुआ है कि पानी के कनेक्शन पर ग्रामीण जनों से वॉटर टैक्स लगाकर ग्राम पंचायते ग्रामीणों से वॉटर टैक्स वसूल करेंगी इस तरह का पंचायत से अनुबंध किया जा रहा है और उस टैक्स से टंकी का रखरखाव पाइपलाइन मरम्मत बिजली का बिल ऑपरेटर का मानदेय आदि के ऊपर पंचायत द्वारा खर्च किया जाएगा यह सब कार्य करने में पंचायत के प्रतिनिधियों के लिए आर्थिक व सामाजिक रूप से बहुत ही जोखिम भरा कदम होगा उक्त कार्य को करने में अपने ग्राम पंचायतें असहज महसूस कर रही हैं इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 43000 टंकियां निर्माण होनी है करीब 187 टंकियां बनकर तैयार हो गई है जो पंचायत को हैंडोवर हो गई है और एक करोड़ 60 लाख कनेक्शन भी ग्रामीण को दिए जा चुके हैं ।अखिल भारतीय पंचायत परिषद के पदाधिकारी ने अपने पत्र में माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पत्र में लिखा है इस कार्य से ग्राम पंचायत को आर्थिक परेशानी महसूस होगी तथा उनके विकास कार्य भी प्रभावित होंगे पत्र में यह भी लिखा है। उक्त कार्य को 3 वर्ष तक उसी संस्था को स्वच्छ जल ग्रामीणों को देने की जिम्मेदारी देनी चाहिए।

# अपर जिलाधिकारी ने आलापुर तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का लिया जाएगा

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर



जनपद के आलापुर तहसील क्षेत्र के पूर्वी छोर पर स्थित माझा कम्हरिया एवं आराजी देवारा का अपर जिला अधिकारी सदानंद गुप्ता ने भ्रमण कर लिया जाएगा *पूर्व में घाघरा/सरयू नदी के बढ़ते जल स्तर के मद्दे नजर अराजी देवारा एवं माझा कम्हरिया गांव के कुछ हिस्से में बढ़ने लगा था पानी* *बाढ़ के सम्भावित खतरे के मद्देनजर प्रशासन की ओर से शासन के निर्देश पर बरती जा रही चौकसी, हालांकि इस समय नदी का जलस्तर स्थिर बना हुआ है फिर भी बरती जा रही विशेष हिदायत अपर जिला अधिकारी डॉक्टर सदानंद गुप्ता ने आलापुर उप जिलाधिकारी सदानंद सरोज, क्षेत्राधिकार राम बहादुर सिंह, थानाध्यक्ष राजेसुल्तानपुर विजय तिवारी, पूर्ति निरीक्षक आलापुर डॉक्टर अमरदेव भास्कर एवं आरो सुरेश सिंह तथा खंड विकास अधिकारी जहांगीरगंज अनिल कुशवाहा एवं अन्य मातहत कर्मियों के साथ अराजी देवारा एवं माझा कम्हरिया का भ्रमण कर किया निरीक्षण, ग्रामीणों से ली जानकारी, मातहतों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।

# सेवा ही धर्म संस्था के सदस्यों ने किया वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर



जनपद में वन महोत्सव के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान को गति देनेके लिए जनपद की अग्रणी समाजसेवी संस्था सेवा ही धर्म के सदस्यों ने जनपद को हरा भरा बनाने के उद्देश्य और संस्था द्वारा लिए गए संकल्प के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय रुस्तमपुर रामनगर के विद्यालय परिसर में संस्था के सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख बलराम गौतम और समाजसेवी नीरज मौर्य उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि पौधा लगाना एक छोटा सा प्रयास हो सकता है, लेकिन इसके परिणाम बहुत हितकारी हैं, हर पौधा हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी होता है। वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलित होता है जो मानव जीवन के लिए बहुत लाभकारी होता है। हमें अपने बच्चों को भी पौधारोपण के महत्व के बारे में भी बताना चाहिए ताकि वे भी इस प्रयास में शामिल होकर अपनी धरती को हरित बनाएं पूर्व ब्लाक प्रमुख बलराम गौतम ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने हेतु वृक्षारोपण आवश्यक है।

इस मौके पर विवेक कुमार (सब रजिस्ट्रार), दयाशंकर (प्रधान) अमोला, प्रधानाध्यापिका श्रीमती डाक्टर मंजू यादव, योगेन्द्र प्रसाद, संजय यादव, डॉक्टर मनोज सिंह, अरुण मिश्रा प्रदीप सिंह, राहुल कुमार, आनंद कुमार, कैसर अब्बास, घनश्याम, विपिन सिंह, माया देवी, अमरावती देवी समस्त विद्यालय परिवार के छोटे नन्हे मुन्ने बच्चे मौजूद रहे।

# बाबा जनवारीनाथ धाम में रुद्राभिषेक कर वैश्य समाज ने मनाया मंत्री का पुनर्जन्म दिवस



जन एक्सप्रेस। लम्भुआ/सुल्तानपुर

बाबा जनवारीनाथ धाम में रुद्राभिषेक कर महामृत्युंजय जाप के साथ वैश्य समाज के पदाधिकारी ने कैबिनेट मंत्री नंदकुमार नदी के पुनर्जन्म दिवस के रूप में मनाया। वैश्य समाज के पदाधिकारी राजकुमार अग्रहरि सपत्नीक राधारानी गुप्ता के साथ कस्बे के समीप मौजूद पुरातन स्थल बाबा जनवारी नाथ धाम पर मंत्र उच्चारण के साथ उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद कुमार नन्दी के लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। श्री अग्रहरि ने बताया कि 12 जुलाई 2010 को कैबिनेट मंत्री नंदकुमार नन्दी के ऊपर प्राण घातक हमला हो गया था जिसमें वह सुरक्षित रूप से बच गए। उन्हें आज के दिन नया जीवन मिला था।

आज के दिन पूरे उत्तर प्रदेश में मंत्री नन्दी के समर्थक पुनर्जन्म दिवस के रूप में मना रहे हैं। इस मौके पर आशीष बरनवाल, विनोद अग्रहरि, संजय कसौधन, रूपचंद्र बरनवाल, रामचंद्र अग्रहरि, शुभम बरनवाल समेत दर्जनों की संख्या में वैश्य समाज के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो साथियों की मौत, परिवार में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। बाइक सवार दो साथियों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दोनों को सामुदायिक स्वास्थय केंद्र ले जाया गया जहां से उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल अम्बेडकरनगर रेफर किया गया था। वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोस्तपुर थानाक्षेत्र के पलिया गांव निवासी राज पाल 25 वर्ष पुत्र मुकेश पाल और सुमित यादव 24 वर्ष पुत्र विवेक यादव बाइक से शाहगंज की ओर जा रहे थे। रात करीब 11 बजे के आसपास राज पाल सुमित को लेने उसके घर गया था। बाइक से दोनों निकले थे कि एकाएक तेज रफ़्तार होने के चलते बाइक अनियंत्रित होकर खम्भे से जा टकराई। दोनों सड़क पर गिरे उन्हें गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल अम्बेडकरनगर रेफर किया। वहां पहुंचने पर डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओ का धरना, सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

शाह्जमाल क्षेत्र में विशेषकर ईदगाह के आसपास भारी जलभराव है मोहर्रम का महीना चल रहा है इसके बावजूद नगर निगम ने जलभराव को ख़त्म करने का कोई भी प्रबंध अभी तक नहीं किया है। मोहर्रम के महीने में प्रतिदिन ताजिये निकलते रहते हैं ताजिये लेकर जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसी गंभीर समस्या को लेकर आज हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी पूर्व विधायक विवेक बंसल ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष नवेद खान एवं कांग्रेसजनों के साथ मिलकर शाहजमाल स्थित ईदगाह के सामने धरना दिया तथा उसके बाद नगर आयुक्त को संबोधित एक ज्ञापन ए0सी0एम दुतीय को दिया ढ्ढ ज्ञापन के द्वारा मांग की गई कि शाह्जमाल क्षेत्र व ईदगाह के आसपास के क्षेत्र के जलभराव को तत्काल समाप्त कराया जाये जिससे कि यहाँ के रहने वाले नागरिकों को इस जलभराव से हो रही परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके साथ साथ मोहर्रम के महीने मे निकलने वाले ताज़ियों को कोई परेशानी न हो सके अगर ये समाधान तत्काल नही हुआ तो शाहजमाल क्षेत्र के नागरिकों के साथ मिलकर कांग्रेसजन सड़कों पर आन्दोलन करने के लिए विवश होंगे। इस अवसर पर विवेक बंसल ने कहा कि पूरे महानगर के साथ साथ शाहजमाल क्षेत्र में भी इस जलभराव की समस्या का समाधान जल्दी होना चाहिए ताकि नागरिकों को और मोहर्रम के महीने मे निकलने वाले ताज़ियों को कोई परेशानी न हो सके। जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह व महानगर अध्यक्ष नवेद खान ने कहा कि पूरे महानगर के साथ साथ शाहजमाल क्षेत्र की इस प्रमुख समस्या का समाधान तत्काल होना चाहिए।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह: एक–दूजे के हुए 67 जोड़े, अग्नि को साक्षी मानकर लिए सात फेरे

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शुक्रवार को 67 जोड़े एक-दूजे के हुए। कुड़वार ब्लाक परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बबलू सिह ने माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना व दीप जलाकर किया। शहनाई और गाजे-बाजे के माहौल में सड़सठ जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए साथ साथ जीने मरने की कसमें खाईं। पुरोहित पंडित वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने मंत्रोच्चार के साथ वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराया। प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रताप उर्फ बब्लू सिंह, एडीओ आईएसबी सुभाष सिंह, एडीओ पंचायत सतीश कुमार पाल, राजेश श्रीवास्तव, संतोष पाल, प्रधान गोपाल सिंह, अमित सिंह, आदि ने वर-वधू को पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है।इसके माध्यम से गरीब माँ-बाप की मुश्किलों को कम करने का प्रयास किया जा रहा है और हर वर्ग के लोग योजना का लाभ उठा रहे हैं। एडीओ आईएसबी सुभाष सिंह ने बताया



कि 67 जोड़ों का विवाह कराया गया है। सरकार द्वारा प्रति जोड़े पर 51 हजार रुपये का व्यय किया गया है।

जिसमें 35 हजार रुपये खाते में, 10 हजार रुपये का आवश्यक सामान व 6000 रुपये विवाह समारोह के आयोजन में व्यय किए गए है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत संतोष पाल डीओ समाज कल्याण अभिषेक गिरि, सचिव संतोष, रंजीत, इमरान, भगवानपुर प्रधान अनंत राम चौरसिया, इसरौली प्रधान नरेंद्र मौर्य, ग्रैंड कुड़वार प्रधान अमित सिंह, खादरपुर बसंत प्रधान प्रतिनिधि गोपाल सिंह व जनप्रतिनिधि और समाजसेवी लोग मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों की मदद करने को आगे आयें : संजय सिंह गंगवार

* राज्यमंत्री ने ललौरीखेड़ा क्षेत्र पंचायत की बैठक में भाग लिया अफसरों को दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा है कि दैवी आपदा के समय हम सबको मिलकर एक दूसरे की मदद करनी चाहिए ताकि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों को शासन की योजनाओं के साथ ही समाज के लोगो का भी साथ मिल सके। उन्होनें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम प्रधानों बी0डी0सी0 सदस्यों एवं सगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं से पीड़ितों की मदद एवं राहत पहुचानें की अपील की है। राज्यमंत्री श्री गंगवार आज शुक्रवार को ललौरीखेड़ा क्षेत्र समिति की बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा की हाल ही में क्षेत्र में आयी बाढ़ से किसानों का काफी नुकसान हुआ है फसलें क्षतिग्रस्त हुई है और पशु हानि भी हुई है। उन्होनें अधिकारियों से कहा है कि गांव का सर्वे कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में होने वाले नुकसान का शासन की ओर से प्रदत्त सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुँचायें। उन्होनें क्षेत्र पंचायत की बैठक में ब्लाक क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा भी की और अधिकारियों को विकास एवं निर्माण कार्य तय अवधि में पूरा करने के निर्देश दियें। उन्होनें कहा की विकास एवं निर्माण कार्यो में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होनें सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं का समुचित लाभ आमजनों तक पहुचे इसके लिए अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही करनी चाहिए। बैठक में उन्होनें क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों से क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यो की जानकारी भी प्राप्त की। राज्यमंत्री श्री गंगवार के बैठक में पहुचने पर ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार ने उनका बुके देकर स्वागत किया बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख ने की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, बाल विकास विभाग की मुख्य सेविका, कृषि एवं बिजली विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ब्लाक परिसर में पौधारोपण किया और लोगो से रोपित पौधों की सुरक्षा किये जाने की आवश्यकता बताई। इससे पूर्व राज्यमंत्री श्री गंगवार ब्लाक रोड पर नवनिर्मित गेट का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

# पहली बारिश से ही मेडिकल कॉलेज में टपकने लगा पानी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



उमानाथ सिह राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मेडिकल कॉलेज सिद्दीकपुर में पहली बारिश से ही पानी टपकने लगा । ओपीडी समेत अन्य वार्डो मे जगह पानी जमा हो गया है । जिससे मरीजों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि उमानाथ सिंह राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मेडिकल कॉलेज के भवनो में पहली बारिश से ही पानी टपकने लगा है और लगातार हो रही बारिश से पानी अंदर इतना आया की ओपीडी लाइब्रेरी लैब क्लासरूम समेत अन्य भवनों में पानी जमा हो गया है । जिसमें ओपीडी में पानी करीब 6 इंच भर जाने से लोगों को के नंगे पैर जाना पड़ रहा है। लोगों को समस्याओं का सामना कर रहा है। डॉक्टर से लेकर मरीज सभी परेशान हैं और इस मामले पर निर्माण एजेंसी से भी शिकायत की गई, लेकिन किसी ने उसे ठीक करने की जरूरत नहीं समझी। गुरुवार की रात में जब बारिश हुई तो भारी पानी जमा हो गया। सफाई कर्मियों से लगाकर पानी को निकलवाया जा रहा है। जिससे ओपीडी में लोग ठीक ढंग से आ जा सके। हालांकि छतो के जरिए पानी टपकने से उसके भवनो के निर्माण गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं निर्माण कार्य में घटिया कंक्रीट का प्रयोग किया गया है जिसके चलते सारे भवन से पानी टपक रहे हैं हालांकि निर्माण एजेंसी को यह उम्मीद थी कि दूसरे फ्लोर बन जाने से पानी टपकना बंद हो जाएगा लेकिन दूसरा फ्लोर कंप्लीट नहीं हुआ बारिश से निर्माण कार्यों की पोल खुल गई।

# राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि ने किया विभिन्न ग्रामों का दौरा

* साथ ही सुनी जनसमस्याएं, मौके पर ही की अधिकारियों से वार्ता

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



आज राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के निर्देश पर ग्राम भूड़ा कैमोर भदसरा उडरा समेत कई ग्रामों का भ्रमण कर जन समस्याओं को सुना और मौके से ही विभिन्न सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं से अवगत कराकर उनके समाधान हेतु कहा। भूड़ा में कुछ लोगों के मकान बारिश से गिर थे जिनका स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित राजस्व अधिकारियों से मुआवजे हेतु चल रही प्रक्रिया की स्थिति की जानकारी की कैमोर में बंद पड़े और खंडहर हो चुके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।
दोनों ग्राम वासियों ने कुल आबादी दस हज़ार होने के बाद भी कोई भी चिकित्सक ना होने से हो रही दिक्कतों से अवगत कराया इस हेतु ष्टस्न्ह पीलीभीत से वार्ता करके समाधान कराने की बात हुई। दोनों ग्रामों में नियुक्ति के उपरान्त भी पशु चिकित्सक के ना आने की समस्या भी ग्रामीणों द्वारा उठायी गई। ग्राम भदसरा और उडरा में मोबाइल टावर ना होने की समस्या बताई गई और उडरा में बिजती सम्पर्क मार्ग नदी के कटान से कुछ ही फिट दूर रह जाने की बात उठायी गयी। उडरा में नदी द्वारा किसानों की गन्ने, पोपलर, धान आदि की फसल बर्बाद कर दिए जाने और कृषि भूमि का कटान कर देने की बसासत बताई गई जिसका कटान स्थल पर जाकर मौके पर निरीक्षण किया गया और सम्बन्धित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर सर्वोत्तम सम्भव निस्तारण हेतु कहा गया। कैमोर भरा पचपेड़ा सम्पर्क मार्ग पुल के निर्माण हेतु भी आग्रह आया जिस पर ज्ञापन तैयार करने हेतु कहा गया। इस अवसर पर मा मंत्री जी के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल मझोला के पूर्व चेयरमैन और मझोला प्रतिनिधि अजय गोयल, कैमोर के प्रधान रोहिल अहमद, भूड़ा के प्रधान नरेंद्र कुमार, विक्की शर्मा, कमलेश वर्मा, हरेंद्र सिंह, रामकुमार, अनिल कश्यप, गुरविंदर सिंह, पलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, मनदीप सिंह, अजायब सिंह, अमृत पाल सिंह, मनदीप सिंह, सतनाम सिंह समेत अनेक गणमान्य क्षेत्रवासी साथ रहे।



## बाढ़ में हुए व्यापारियों के नुकसान के मुआवजे को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ज़िला अधिकारी को सौंपा

* उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों ने मुआवजे की की मांग की
* सरकार उन व्यापारियों को मुआवजा देना चाहिए जो इस आपदा के शिकार हुए हैं

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष एम ए जिलानी के आह्वान पर उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ज़िला अधिकारी को दिया। जिसमें पिछले दिनों पीलीभीत जनपद में आई भीषड़ बाढ़ में व्यापारियों का जो नुकसान हुआ हैं। उसको लेकर मुआवजे की मांग की गई हैं। बिना सूचना के अचानक अत्याधिक पानी नानक सागर से छोड़े जाने के उपरांत कुछ ही घंटों में पूरा नगर ही नहीं बल्कि जनपद जलमग्न हो गया जहां नजर जाती थी पानी ही पानी नजर आता था। पानी व्यापारियों की दुकानों और गोदामों तक में भर गया जिससे उसमें रखा करोड़ो का माल बर्बाद हो गया। व्यापारियों द्वारा मांग की गई है कि बाढ़ में व्यापारियों का जो भी नुकसान हुआ हैं। मुआवजे को लेकर मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि व्यापारी को भी मुआवजा मिलना चाहिए, व्यापारियों का भारी मात्रा में नुकसान हुआ हैं। सरकार द्वारा उन व्यापारियों को मुआवजा देना चाहिए जो इस आपदा के शिकार हुए हैं। एक व्यापारी ही है जो टैक्स अदा करता है और यह टेक्स सरकारी खजाने को भरने में सहयोग करता है और जिस तरह से व्यापारी हर तरह की परेशानी में शासन प्रशासन के साथ खड़ा रहता है, साथ ही सरकार का पूरा सहयोग करता है ऐसे में सरकार को व्यापारियों को हुए नुकसान का की और देखना चाहिए ।
ज्ञापन देने बालों में नगर अध्यक्ष रणवीर कुमार पाठक, एडवोकेट आर के शर्मा कानूनी सलाहकार, युवा जिला अध्यक्ष शैली शर्मा युवा नगर अध्यक्ष आशीष लोधी, रशीद अंसारी, मुस्तकीम मलिक , मोहम्मद ममनून, संदीप सक्सेना , गौतम गुहा, सुनील वर्मा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## डेढ़ सौ से अधिक अपूर्ण पीएम आवास की सूची देख नाराज हुए पीडी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**खुटहन।** परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण कृष्ण करुणाकर पाण्डेय ने शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। जनपद में पीएम आवास की प्रगति के मामले में सबसे पीछे रहने पर नाराज़गी ज़ाहिर किया। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर अपेक्षित प्रगति का कड़ा निर्देश दिया। पीडी ने सहायक सेवा पुस्तिकाओं सहित अन्य अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। सभागार में अधीनस्थों के साथ बैठक कर निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कामों को हर हाल में पूर्ण करा लेने का निर्देश दिया। प्रांगण में बने सरकारी आवासों पर अवैध कब्जे की शिकायत पर बीडीओ को पुलिस की सहायता से कब्जाधारियों से तत्काल आवास खाली कराने का निर्देश दिया। उन्होंने परिसर में खाली पड़ी भूमि में अमृत वाटिका लगावाए जाने के लिए बीडीओ गौरवेंद्र सिंह को निर्देशित किया।

## बैंक की बंधक जमीन की भी सब रजिस्ट्रार ने कर डाली रजिस्ट्री

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बदलापुर तहशील के सब रजिस्ट्रार जानकारी होने के बावजूद भी यूनियन बैंक आफ इंडिया की शाखा पुरानी बाजार में बंधक की गयी कृषि योग्य भूमि को बदलापुर के सबरजिस्ट्रार ने रजिस्ट्री कर डाली । अब यह प्रकरण खाशा तूल पकड़ता जा रहा है। इससे जहां बड़े बकाएदारों में गलत संदेश जा रहा है वहीं वसूली प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है।
रामचन्द्र उपाध्याय पुत्र भगौती प्रसाद उपाध्याय का शाखा से कृषि ऋण है। कृषि ऋण की अदायगी न कर पाने के कारण उनकी जमीन को बैंक ने बंधक बना ली है। इस दौरान बकाएदार द्वारा उक्त बंधक वाली जमीन को 15 जून को रजिस्ट्री कर दी गयी। बैंक के नामित वकील अवधेश तिवारी ने उसी दिन बंधक जमीन के बाबत सबरजिस्ट्रार से जमीन की बिक्री रोकवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। इसके बावजूद भी सबरजिस्ट्रार ने बंधक वाली जमीन की रजिस्ट्री कर डाली। बैंक के प्रबन्धक उमेश सिंह ने इस सम्बन्ध में रजिस्ट्री की दाखिल-खारिज रोकवाने के लिए तहसीलदार बदलापुर तथा कार्यवाही हेतु बैंक के एलडीएम, आर एम, जिलाधिकारी आदि प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखा है।

### जलभराव को बीडियो ने मौके पर पहुंच कर करायी निकासी

विकास क्षेत्र के ग्रामपंचायत बरैंया में हुए जलभराव को खण्ड विकास अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने शुक्रवार को मौके पर पहुंच कर निकासी करायी। अब जल निकासी होने से ग्रामीणों की स्थिति सामान्य हो गयी है। बारिश के कारण बरैंया गांव में जलभराव होने से ग्रामीणों के सामने समस्या बन गयी थी। पीड़ित गोबिन्द कुमार मौर्या ने इस बात की शिकायत खण्ड विकास अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद द्विवेदी के वार्डसप मोबाइल पर बताई। खण्ड विकास अधिकारी ने मौके पर पहुंच कर सफाईकर्मियों को लगा कर नाली की साफ सफाई करा कर जल निकासी कराती। उन्होंने पंचायत सचिव राजकुमार को निर्देशित किया कि अविलम्ब नाली की मरम्मत कराएं ताकि पानी की निकासी सुगमता से हो सके।

## अचानक मगरमच्छ निकल आने से मचा हड़कंप, ग्रामीणों के उड़े होश



जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा

जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव मचवाखेड़ा और बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल के निकट पीलीभीत हाईवे पर गुरुवार की रात एक मगरमच्छ दिखाई देने से हड़कंप मचा गया।
मगरमच्छ को देखकर वहां पर भगदड़ गई वही रहागीरो और ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। बताया जा रहा है गांव मचवाखेड़ा के लोग गुरुवार की रात करीब आठ बजे टहलने के लिए हाईवे की ओर निकल गए थे। तभी अचानक गाडी की रोशनी में उनकी नजर वहां घूम रहे मगरमच्छ पर पड़ी। मगरमच्छ को देखकर उनके होश उड़कर फाख्ता हो गए। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बजाज शुगर मिल के गेट पर ड्यूटी कर रहे कर्मचारी भी दौड़ कर देखने लगे।तथा ग्राम प्रधान यशपाल ने बताया कि सूचना देने के बाद भी वन विभाग की टीम तीन घंटे तक नहीं पहुंची। रात में मगरमच्छ खेतों में कहीं गायब हो गया। मगरमच्छ आने से गांव में दहशत का माहौल व.भय का माहौल बना हुआ है।

## करंट की चपेट मे आने से भैस की मौके पर मौत



**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव अमखेड़ा लखनऊ निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी हरप्रसाद ने अधिशासी अभियन्ता को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है की अपनी भैस दूसरी जगह से घर लाते समय विधुत के पोल के पास से गुजरी तो विधुत पोल ने भैस को अपनी ओर खींच लिया और विधुत पोल मे करंट आ रहा था ।जिससे भैस की तुरंत चिपक कर मौत हो गई। तो वही पीड़िता वाल-वाल बच गई और यह विधुत पोल विधायक निधि के द्वारा गांव मे लगाया गया था। इसमे विधुत विभाग और ठेकेदार की लापरवाही साफ दिखाई दे रही है।पीड़िता ने भैस की मौत पर विधुत विभाग से मुआवजा की मांग की है।

## दस दिन में राजस्व की टीम ने विभिन्न देय के वसूले बीस लाख रूपये

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बदलापुर के नायब तहसीलदार वृजेन्द्र सिंह की टीम ने मात्र दस दिन में राजस्व के विभिन्न मदों के बकाएदारों से बीस लाख रुपये से अधिक की वसूली की है। वसूली गरी रकम स्टाम्प कमी के 1,14454 रुपये, रायल्टी के 4,26578 रुपये, मार्ग कर के 1,20570 व बैंक, विद्युत एवं अन्य मदों को मिला कर 20, 08652 रुपये की वसूली की गयी है। नायब तहसीलदार वृजेन्द्र सिंह ने बताया कि वसूली टीम में संग्रह अमीन राजकुमार ,सुरेश गुप्ता, शिवधर तिवारी, संजय मिश्रा आदि लोग शामिल थे।

### शिकायत पर बीडीओ ने अतिक्रमित चकमार्ग पर डलवाई मिट्टी

बदलापुर के खण्ड विकास अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने शुक्रवार को एसडीएम संतवीर सिंह के निर्देशन पर अतिक्रमित चकमार्ग पर लेखपाल के सीमांकन करने के बाद तत्काल पुलिस बल की मौजूदगी में मिट्टी डलवा कर चकमार्ग चालू करा दिया। इससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। मामला विकासखण्ड के ग्रामपंचायत चन्दापुर का है। ग्रामपंचायत में एक सप्ताह पूर्व राजस्वकर्मियों ने चकमार्ग का सीमांकन कर अवैध कब्जेदारों को बेदखल कराया था ।शुक्रवार को गांव के ही रामजियावन ने एसडीएम को जनता दरबार में शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया कि उक्त चकमार्ग को अगल बगल के कतिपय लोग जोत कर अपनी जमीन में मिला लिया है। एसडीएम ने प्रकरण को संजीदगी से लेते हुए राजस्वकर्मियों को पुनः भेज कर सीमांकन कराने के बाद खण्ड विकास अधिकारी को तत्काल उस चकमार्ग पर मिट्टी डलवाने का निर्देश दिया। चकमार्ग पर मिट्टी पड़ जाने से अब ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो गया है।

## बरामदे में सो रही मां-बेटी पर बदमाशों ने मारी गोली, हालत गंभीर

* डाक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया
* पुलिस अधीक्षक घटना स्थल का किया निरीक्षण मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में बीती रात दो बजे नकाबकोश बदमाशों ने धावा बोलकर घर के सामने बरामदे में सो रही मां और बेटी के ऊपर की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया रात में हुई फायरिंग से पूरा इलाका दहल गया। गोली माँ के सीने में लगी है, हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टरों ने बेहतर इलाज के वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर एसपी डॉक्टर अजय पाल शर्मा मौके पर पहुंच गए। सीओ के अनुसार बदलापुर के अनुसार तेजीबाजार थाना क्षेत्र स्थित बारचौली गांव में बीती रात करीब 2:00 बजे घर के सामने बरामदे में सो रही मां और बेटी को नकाबपोश बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दिया जिसमें रेखा विश्वकर्मा पत्नी फूलचंद्र विश्वकर्मा को दो गोलियां लगने की बात बताई जा रही है।
घायल अवस्था में महिला को जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधि कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर दिया है जल्द ही आरोपी पुलिस की पकड़ में होंगे फिलहाल यह मामला जमीनी विवाद से जुड़ा हुआ बताया।

## हाईवे की पुलिया टूटने से आवागमन हुआ बाधित, अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर खुलवाया जाम

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा



**बीसलपुर।** बीसलपुर बरेली मार्ग पर बाढ़ का पानी घटने के बाद आवागमन शुरू हो गया था। सुबह पुलिया टूटने के कारण मार्ग पर लंबा जाम लग गया जिससे आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया। उपजिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर बमुश्किल जाम को खुलवाया। बीसलपुर बरेली हाईवे की पुलिया लाइफलाइन हॉस्पिटल के निकट टूट गई जिससे आवागमन बाधित हो गया। जिस मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मामले की सूचना उपजिलाधिकारी महिपाल सिंह को मिली। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस की मदद से बमुश्किल जाम खुलवाया। जाम खुलने के बाद वाहन चालकों ने राहत की सांस ली।

# डबल इंजन की सरकार में जौनपुर में बिजली व्यवस्था चरमराई

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

* किसान की धान रोपाई बाधित, किसान परेशान
* सरकार का 24 से 18 घंटे का दावा, तीन घंटे भी नहीं मिल रही बिजली

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के शाहगंज विधान सभा समेत समूचे जिले भर में बिजली व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है सरकार 24-18 घंटे बिजली देने का दावा कर रही जबकि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में तीन से चार घंटे भी नहीं मिल पा रही है बिजली और जो दो-तीन घंटे मिल रही है उसमें से सैकड़ो बार कट- पिट हो रहा है। जिससे किसानों के महीनों का धान के बेरन पानी न होने से लग नहीं पा रहे है जिससे किसानों के माथे पर उनका नुकसान साफ साफ दिखाई दे रहा है किसानों का गुस्सा सरकार पर साफ साफ दिखाई दे भी रहा है केंद्र राज्य की डबल इंजन की सरकार का दावा किसानो के फसल के आय दो गुनी का दावा फेल साबित होता भी दिखाई दे रहा है। किसानों को फ्री बिजली देने का दावा भी कागजों पर ही सीमित है।जब किसान समय से धान की रुपाई ही नहीं कर पायेंगे तो कौन सी फसल तैयार होगी वहीं बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौज कर रहे हैं और किसानों के इस संकट के दौरान उनके जन प्रतिनिधि जिनको लोगों ने जिता कर भेजा है वह भी नहीं दिखाई दे रहे हैं और न ही इस मुद्दे पर कुछ बोल रहे हैं पूरे शाहगंज की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त हो गई हैं।समूचे तहशील में अंधेरा छाया है ।इस भीषण गर्मी में अनिश्चितकालीन बिजली कटौती से जनजीवन पूर्णतया अस्त-व्यस्त हैं।अस्पतालों में मरीज परेशान है,आम जनमानस व्यवसाइयों और किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यदि अबिल्म्ब ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था सुधार नहीं होता है तो एक बड़ा आंदोलन खड़ा हो जाएगा जो सरकार के लिए परेशानी का सबक होगा और यदि ही हाल रहा तो आने वाले विधान सभा चुनाव में भी सत्तादल को लोगो की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा।


## महत्वपूर्ण सूचना

मुरादाबाद मंडल के शाहजहाँपुर जं. – लखनऊ एवं रोज़ा – सीतापुर सिटी डबल लाइन सेक्शन एवं रोज़ा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते प्री–नॉन–इंटरलॉकिंग एवं नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के संबंध में दिनांक 05.07.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में रेलगाड़ियों के बहाली / मार्ग परिवर्तन की तिथियों में परिवर्तन किया गया है, जो निम्नानुसार है:–

रेलगाड़ियों की बहाली / मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग (वाया) | बहाली करने की तिथि(यां) (प्रारम्भिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 15211 दरभंगा जं. – अमृतसर जं. जननायक एक्सप्रेस | बुढ़वल जं. – बाराबंकी जं. – लखनऊ – कानपुर सेंट्रल – खुर्जा जं. – हापुड़ जं. – मेरठ सिटी – सहारनपुर तथा विपरित क्रम से | 23.07.2024 से 04.08.2024 |
| 15212 अमृतसर जं. – दरभंगा जं. जननायक एक्सप्रेस | | 25.07.2024 से 06.08.2024 |
| 14603 सहरसा जं. – अमृतसर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | | 26.07.2024 एवं 02.08.2024 |
| 14604 अमृतसर जं. – सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | | 24.07.2024 एवं 31.07.2024 |
| 15531 सहरसा जं. – अमृतसर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | | 21.07, 28.07 एवं 04.08.2024 |
| 15532 अमृतसर जं. – सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | | 22.07, 29.07 एवं 05.08.2024 |

नोट : रेलगाड़ी सं. 15531 का दिनांक 21.07.2024, 28.07.2024 एवं 04.08.2024 को और रेलगाड़ी सं. 15532 का दिनांक 22.07.2024, 29.07.2024 एवं 05.08.2024 को चंडीगढ़ जं. को छोड़कर वाया अंबाला कैंट – सरहिंद जं. – सानेहवाल के रास्ते भी मार्ग परिवर्तित रहेगा तथा विपरित क्रम से।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लूट की घटना का किया जल्द खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

बिल्हौर के अलियापुर से नहर पटरी किनारे मार्ग पर बीते गुरुवार रात करीब 11.15 बजे स्कार्पियो कार नं0 यूपी74के7272 से तीन राहगीरों के साथ बलपूर्वक लूट को अंजाम दिया गया। सूचना पर मामला दर्ज कर पुलिस की तीन टीम तफ्तीश में जुट गई। सर्विलांस टीम व मुखबिरों की सूचना पर शुक्रवार रात करीब 12:50 बजे पुलिस ने ककवन रोड पर नाकेबंदी कर कार सहित आरोपित प्रतीक उर्फ अंशुमान यादव निवासी हिसामुद्दीनपुर थाना ठठिया जिला कन्नौज, घनश्याम पाल निवासी गड़रियनपुरवा थाना रसूलाबाद जिला कानपुर देहात, दीपक उर्फ दीपू यादव व अवनीश उर्फ आकाश यादव निवासी खिरिया थाना ककवन जिला कानपुर को दबोच लिया गया। उनके पास लूट का माल बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने रात के अंधेरे में कार की नंबर प्लेट ढांक कर लूट की वारदात अंजाम देने की बात कुबूली। पुलिस ने उन्हें आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

### अपराधिक इतिहास

अभियुक्त प्रतीक यादव मुकदमा संख्या 306/ 21 धारा 307 भारतीय दंड थाना इंदरगढ़ जिला कन्नौज, मुकदमा संख्या 96 / 24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना ठठिया जिला कन्नौज, मुकदमा संख्या 202/ 2024 धारा 309/ बीएस थाना बिल्हौर कानपुर नगर अभियुक्तगण प्रतीक उर्फ अंशु यादव, दीपक उर्फ दीपू यादव, घनश्याम पाल एवं आकाश द्वारा अन्य जनपदों में की गई घटना से संबंधित आपराधिक इतिहास की जानकारी भी की जा रही है।

### माल बरामदगी

एक अदत मोबाइल फोन विवो कंपनी लूटा हुआ, एक अदत मोबाइल फोन टेक्नो पावा लूटा हुआ, एक अदद मोबाइल फोन बैंकों कीपैड लूटा हुआ, एक अदत पल्सर मोटरसाइकिल की चाबी लूटी हुई एक आदत घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो कार रंग काला नंबर यूपी 74 के 7272, एक आदत लोहे की रात घटना में प्रयुक्त की हुई एक आदत अन्य मोबाइल रू700 जामा तलाशी तथा स्कॉर्पियो कार की चाबी व इलेक्ट्रॉनिक रिमोट की चाबी बरामद हुई है।

### अभियुक्तो को गिरफ्तार करने वाली टीम

बिल्हौर थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी प्रभारी, निरीक्षक अतिरिक्त निरीक्षक सतीश चंद्र यादव, उप निरीक्षक अरविंद कुमार, उप निरीक्षक अंकुर मलिक, उप निरीक्षक राजपाल सिंह, हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल संदीप सिंह, हेड कांस्टेबल रवि कुमार, कांस्टेबल राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। डीसीपी विजय ढुल, एसीपी अजय त्रिवेदी सहित क्षेत्रीय गणमान्य जनो ने टीम की सराहना की है।

## पति पत्नी के विवाद में पति की मौत, अंतिम संस्कार पर रोक

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना ककवन के कुरेह गांव निवासी पति-पत्नी में दो दिन पूर्व विवाद हुआ था जिसमें पत्नी घायल हो गई थी और पति की दूसरे दिन अचानक तबियत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई थी। गुपचुप तरीके से अंतिम संस्कार नानामऊ घाट पर हो रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने रोक लगाकर शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। कुरेह गांव निवासी संतोष कुमार पुत्र धनीराम उम्र 46 वर्षीय पंजाब में रहकर प्राइवेट नौकरी करते थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी सोनी, दो बेटे 16 वर्षीय राज व 5 वर्षीय आर्यन एवं चार बेटियां 15 वर्षीय प्रज्ञा, 13 वर्षीय दिव्यांशी, 10 वर्षीय शिवानी व 8 वर्षीय महक सहित छह बच्चे हैं। संतोष शराब के लती थे।

जो अपने बेटे राज के साथ पंजाब में अलग-अलग रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। बेटा पंजाब से कुछ दिन पहले घर पहुंचा था। वहीं, गुरुवार को उसके पिता भी पंजाब से घर पहुंच गए और शराब के नशे में मां के साथ लड़ने झड़ने लगे। किसी तरह उन्हें शांत कराया गया। शाम को वह अपनी मां और छोटे छोटे भाई बहनों के साथ खेत पर पड़ी मूंगफली की फसल की मढ़ाई के लिए पहुंचा था। इसी बीच उसके पिता एक डंडा लेकर खेत पर पहुंच गए मां पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वह जमीन पर गिर पड़ीं और बेहोश हो गई। गुस्से में उसने पिता से डंडा छीनकर उनके दो-तीन डंडे मार दिए और धक्का दे दिया जिससे वह एक पत्थर पर जा गिरे और उनके सर में चोट लग गई। इसके बाद बेहोश पड़ी मां को इलाज के लिए सीएचसी लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहां उपचार में लापरवाही देख उसने अपनी मां को वापस बिल्हौर लाकर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

तभी पिता की भी तबीयत बिगड़ती गई और छोटे भाई बहनों के बुलावे पर पहुंचे गांव के ही एक चिकित्सक ने उनका उपचार किया। लेकिन कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह मृतक का चोरी छुपे अंतिम संस्कार करने के लिए शव को लेकर नानामऊ स्थित गंगा तट पर पहुंचे। इसी बीच जानकारी पर थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ गंगा तट पर पहुंच गए और शव के अंतिम संस्कार को रोककर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया दिया। उन्होंने परिजनों से घटना के संबंध में पूछताछ कर जांच शुरू की उन्होंने बताया प्रार्थना पत्र आने पर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद में मुकदमा पंजीकृत कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालय फतेहपुर में गंदगी का लगा अंबर, सफाई कर्मचारी लापता



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन खंड शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते स्कूलों में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं विद्यालय में अध्यापक अपने पैसों से प्राइवेट सफाई कर्मचारियों से सफाई करवा रहे हैं इस ओर शिक्षा विभाग के अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और ब्लॉक में सफाई कर्मचारी तो नदारत रहते ही है ब्लॉक के कई स्कूलों का निरीक्षण करने पर मिला कि सभी जगह हाल बेहाल है इसी कड़ी में संविलियन विद्यालय फतेहपुर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है वहीं पर बाउंड्री बाल छोटी होने की वजह से बच्चे छुट्टी के दिनों में अंदर घुस जाते हैं और खेलते खेलते पेड़ों को उखाड़ देते हैं इसकी जब मोहल्ले वालों से कहा गया कि अपने बच्चों से कहे पेड़ों का ना उखाड़े तो वह झगड़ा पर अमादा हो जाते हैं प्रधानाचार्या श्रीमती कमलेश वर्मा, सुधा यादव आदि अध्यापकों ने बताया ब्लॉक के अधिकारियों को भी सूचित कर चुके हैं लेकिन कोई भी सफाई कर्मचारी नहीं आता है।

## जाम लगाने पर 14 नामजद, 150 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**पाटन।** पाटन-पुरवा मार्ग पर चार दिन पहले ट्रक से कुचलकर हुई अधेड़ किसान की मौत के बाद जाम लगाने में पुलिस ने 14 पर नामजद और 150 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। बिहार थानाक्षेत्र के गांव संभूरतनखेड़ा गांव निवासी कालीशंकर (52) की आठ जुलाई को पाटन-पुरवा मार्ग पर ट्रक की टक्कर से मौत हो गई थी। घटना के बाद लोगों ने जाम लगाया था। यही नहीं सिपाहियों से भी अभद्रता की थी। उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह की तहरीर पर बैजुआमऊ निवासी कमलेश, सोमनाथ, शुभम, संगम, चेतन, सोनू, मुन्नू यादव, आदित्य, सुरेंद्र कुशवाहा, राजेश, दिनेश, श्याम देवी, पप्पू प्रधान और रामखेड़ा के भिखारीलाल के साथ ही अज्ञात 100 पुरुष और 50 महिलाओं पर जाम लगाने के साथ सरकारी काम में बाधा डालने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष शिवप्रकाश पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। वीडियो के आधार पर अज्ञात लोगों की भी पहचान की जा रही है।

## द लॉयर्स एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौपा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील के अधिवक्ताओं ने सभा कर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपाकर द लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण कटियार व महामंत्री राजीव कटियार ने बताया कि जनपद कानपुर नगर मे कमिश्नरेट पुलिस प्रणाली लागू हुयी है और आपके अधीन भारतीय दण्ड संहिता की धारा 151, (परिवर्तित धारा 170) व 145, 133 का क्षेत्राधिकारी परगनाधिकारी बिल्हौर से सहायक पुलिस आयुक्त को हस्तान्तरित किया गया है तब से निरन्तर क्षेत्र की जनता प्रताडित हो रही है ।151 की (परिवर्तित धारा 170) की जमानत सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के स्थान पर सहायक पुलिस आयुक्त पनकी नियुक्त किये गये हैं तथा बिल्हौर कोर्ट मोहरिर की सीट पर बैठे हुये बेहद ईमानदार पुलिस कर्मचारी थाने से आयी हुयी चालानी रिपोर्ट को चुपचाप रख लेते हैं तथा मनचाही उगाही करने के उद्देश्य से अधिवक्ताओ से कोई सम्बंध न रखने का उदाहरण देते हैं।

ज्ञापन के माध्यम से द लायर्स एसोशिएशन बिल्हौर ने कहा कि जनहित मे ये मांग करता है कि मुल्जिम को जमानत प्रदान करने हेतु एसीपी पनकी के स्थान पर ए सी पी बिल्हौर को अधिकार प्रदान किये जाये यदि सम्भव न हो तो ए सी पी पनकी कार्यदिवस मे 2 बजे से 5 बजे तक ए सी पी बिल्हौर के कार्यालय मे उपस्थित हो ताकि अधिवक्ताओ के माध्यम से अभियुक्त की जमानत की सुनवाई का निस्तारण सही तरीके से किया जा सके जिससे जनता को भटकना न पड़े। इस मौके पर अध्यक्ष प्रवीण कटियार, महामंत्री राजीव कटियार, कोषाध्यक्ष आनंद शर्मा, अशोक शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता जेपी कटियार, संरक्षक विनोद पटेल, सुशील पटेल, जनार्दन यादव, कैलाश यादव, ऋषि गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष दीपक कटियार, गौरव कुमार, अमरेश कुमार, रितेश गुप्ता, पंकज यादव, समसुल इस्लाम आदि।

## साली की शादी में जा रहे युवक की हादसे में मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बांगरमऊ। साली की शादी में शामिल होने जा रहा युवक वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई।

हरदोई जिले के थाना मल्लावां के लोनार गांव निवासी कमलू (30) बुधवार देर शाम साली की शादी में शामिल होने उन्नाव के फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव पाल्हेपुर गांव जा रहा था। भुड्डा-गहरपुरवा मार्ग पर मुन्नीपुरवा गांव के पास किसी वाहन की टक्कर से वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी फिर कानपुर के निजी अस्पताल लेकर चले गए, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

मृतक पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। दो साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। घटना के समय पत्नी मायके में थी। मौत की सूचना से खुशियां मातम में बदल गईं। शादी की औपचारिकता पूरी कर शादी संपन्न हुई। एसओ राजकुमार ने बताया कि घायल की मौत होने की कोई सूचना नहीं दी गई है।

## अवैध संबंधों का विरोध करने पर पति ने पत्नी को मारा

**चेहरे-गर्दन पर धारदार हथियार से वारजफिर कसा गला**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



थानाध्यक्ष चंद्रकांत सिंह ने बताया कि घटना के बाद से हत्यारोपी पति फरार है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। गिरफ्तारी के भी प्रयास चल रहे हैं।

उन्नाव जिले में एक महिला से नजदीकी का विरोध करने युवक ने पत्नी की गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद वह भाग निकला। सुबह बेटी को घटना का पता चला। मौरावां थानाक्षेत्र के गुलरिहा गांव में गुरुवार रात आरती लोधी (35) ने पति सुरेश के पड़ोसी गांव की महिला से नजदीकी का विरोध किया।

इसको लेकर पति-पत्नी में पहले विवाद हुआ। इसमें सुरेश ने पत्नी आरती के चेहरे और गर्दन के पास धारदर हथियार से वार किया। इसके बाद में गला कसकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। शुक्रवार भोर पहर करीब पांच बजे मृतका की बड़ी बेटी पूनम (14) सो कर उठी और मां का लहूलुहान शव देख चीखते हुए घर से बाहर आई।

मोहल्लेसियों को बताया, तो भीड़ लग गई। हत्या की सूचना पर एसओ ने फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। इसके बाद में सीओ सोमेनेंद्र विश्वास भी मौके पर पहुंचे और बेटी के बयान दर्ज किए हैं।

बेटी पूनम ने बताया कि पिता के एक महिला से नजदीकी है। करीब तीन साल से मां और पिता का इसी बात को लेकर विवाद चल रहा था।

### आठ दिन से मामा के घर में ही था आरोपी

पिता के जुआरी होने से गांव में कई लोगों का उसका पैसा भी उधार हो गया था। इससे वह अक्सर कटरा गांव में रहने वाले मामा (आरोपी की ससुराल) के घर चला जाता था। आठ दिन से वह मामा के घर में ही था। गुरुवार रात ही वह घर आया था। बेटी के मुताबिक 18 साल पहले माता-पिता की शादी हुई। दो भाई वाहनों में सोनम (12), अनुभव (6) हैं।

## हादसों में जा रही जानें, ट्रामा सेंटर पर नहीं ध्यान

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

राजधानी लखनऊ और महानगर कानपुर सहित पांच जिलों और हाईवे, एक्सप्रेसवे सहित अन्य जिला मार्गों से घिरे उन्नाव में रोज कोई न कोई हादसा होता है। बुधवार सुबह एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा हुआ। 18 लोगों की मौत और 23 लोग घायल हुए।

इनमें से आठ को लखनऊ ट्रामा सेंटर और एक को कानपुर हैलट रेफर करना पड़ा। हैरानी का बात है कि नौ साल से ट्रामा सेंटर बना है लेकिन संचालन नहीं हो रहा है। गंभीर घायलों व बीमारों को रेफर करने की मजबूरी है। उत्तर प्रदेश के वर्तमान उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उन्नाव का सांसद रहते वर्ष 2007 में ट्रामा सेंटर की स्थापना के प्रयास शुरू किए थे। काफी कोशिशों के बाद 2016 में 117.49 करोड़ की लागत ट्रामा सेंटर बनकर तैयार हो पाया लेकिन अब तक डॉक्टरों की तैनाती न होने से इलाज की सुविधा नहीं मिल पाई। बुधवार को हुए हादसे के बाद एक बार फिर ट्रामा सेंटर की कमी खली।

### ट्रामा सेंटर में ये सुविधाएं जरूरी

पर्याप्त दवाएं, सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, आर्थोपेडिक्स, रेडियोलॉजिस्ट, एनस्थीसिया, विशेषज्ञ डॉक्टर, वर्किंग ऑपरेशन थिएटर, क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट, ट्रांसपोर्टेबल वेंटिलेटर, सीटी स्कैन, ब्लड स्टोरेज यूनिट, पोर्टेबल डिजिटल एक्सरे मशीन, सेंट्रल ऑक्सीजन लाइन, पैथोलॉजी, ईको कार्डियोग्राफी, ईसीजी और स्पाइन बोर्ड जैसी सुविधाएं होना जरूरी हैं।

### वेंटिलेटर 22 में से छह ही चालू

ट्रामा सेंटर में तीन साल पहले 22 वेंटिलेटर लगाए गए थे। उन्हें आईसीयू में रखवाया गया था, ताकि गंभीर मरीजों का इलाज किया जा सके लेकिन डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्टॉफ न होने से इनका संचालन नहीं हो पा रहा है। केवल छह ही ऐसे हैं जिनका कभी-कभी जिला अस्पताल के ही स्टॉफ के सहयोग से चलाया जाता है।

### बिजली न मिलने से परेशान ग्रामीणों ने किया हंगामा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। नवाबगंज। जबरदस्त बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने अजगैन उपकेंद्र पर हंगामा किया। यहां उनकी समस्याओं को सुनने के लिए ना तो जेई थे और न ही एसडीओ। एसडीओ ने फोन पर 15 दिन में सुधार का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। अजगैन उपकेंद्र में गुरुवार दोपहर नवई फीडर से जुड़े चांदपुर, फिरोजाबाद, सुंदरपुर के उपभोक्ताओं ने पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांवों में भीषण कटौती हो रही है। उमस भरी गर्मी और रोशनी न होने से परेशानी हो रही है। हालत यह है मोबाइल तक चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। रात में बिजली न होने से चोरी की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। आरोप लगाया कि पूर्व सूचना के बाद भी अवर अभियंता आशुतोष तिवारी नहीं पहुंचे। लोगों ने उपखंड अधिकारी रुद्र प्रताप को फोन किया तो उन्होंने छुट्टी पर होने की जानकारी दी। हालांकि आश्वासन दिया कि लाइनों का मरम्मत कार्य चल रहा है। 15 दिन में बिजली संबंधी समस्या हो जाएगा। उपकेंद्र में तैनात जेई आशुतोष तिवारी का अधीक्षण अभियंता कार्यालय से 29 जून को मगरवारा स्थित कुंदन रोड उपकेंद्र में तबादला कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जेई लखनऊ से आते-जाते हैं, इसलिए वह रिलीव नहीं हो रहे हैं।

## गंगा का जलस्तर बढ़ा, पानी गांवों के नजदीक पहुंचा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

लगातार बढ़ रहे जलस्तर से गंगा चेतावनी बिंदु से मात्र 0.54 सेमी दूर रह गई हैं। कटरी क्षेत्र के गांवों के नजदीक पानी पहुंच गया है। फसलें जलमग्न हो गई हैं। कटरी में रहने वालों की परेशानी बढ़ गई है।

गुरुवार सुबह छह बजे गंगा का जलस्तर 111.250 मीटर रिकार्ड किया गया। शाम छह बजे जलस्तर बढ़कर 111.460 मीटर पर पहुंच गया, जो चेतावनी बिंदु 112 मीटर से मात्र 0.54 सेंटीमीटर दूर है। इससे गंगा कटरी के क्षेत्रों में स्थितियां विकराल होने लगी हैं। सदर तहसील के कटरी क्षेत्र के गांवों में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंगा के किनारे बसे गांव देवीपुरवा, बाबूबंगला, वंदनपुरवा, टपरा, कोलवा, पनपथा आदि गांवों में जलस्तर नजदीक पहुंच गया है।

खेतों में फसलें जलमग्न होने लगी हैं। ग्रामीणों के अनुसार, यदि ऐसे ही जलस्तर बढ़ता रहा तो दो दिन में पानी घरों तक पहुंच जाएगा। प्रधान रामशंकर यादव ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इससे गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु के नजदीक तक पहुंच गया है। ग्रामीण फिर से बाढ़ जैसी स्थिति को सोच कर डरे हुए हैं। कटरी क्षेत्र के गांवों के जोड़ने वाली पुलिया भी बाढ़ की जद में आकर डूब चुकी है। दो दिनों में तेजी से बढ़े जलस्तर की वजह से विनोद, संजय, पंकज आदि की फसलों में पानी भर गया है।

### 84 किलोमीटर लंबाई में फैला कटरी क्षेत्र

उन्नाव। जिले में 84 किलोमीटर लंबाई में फैला गंगा कटरी क्षेत्र लगभग हर साल बाढ़ से प्रभावित होता है। अक्टूबर 2010 और सितंबर 2011 में आई प्रलयंकारी बाढ़ में बांगरमऊ, गंजमुरादाबाद, सफीपुर, सिकंदरपुर सरोसी और बीघापुर ब्लॉकों में फैले कटरी क्षेत्र के 300 गांव प्रभावित हुए थे। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री और सहायता पहुंचाने के लिए वर्ष 2010 में सेना की मदद लेनी पड़ी थी जबकि वर्ष 2011 में पीएसी को तैनात किया गया था। (संवाद)

### ये गांव होते प्रभावित

- बांगरमऊ ब्लॉक में कटरी गदनपुर, आहार, अहिरन पुरवा, जगन्नगर, मेलारामकुंवर, अटवा, जमुनिहा बंगर सहित करीब दो दर्जन गांव हैं।
- गंजमुरादाबाद ब्लॉक में भिखारीपुर पतासिया, सिरधरपुर, आलमऊ सराय, दानापुर, दरियापुर, खैरहन, देवखरी, चोरहा, कुशराजपुर सहित 12 गांव।
- फतेहपुर चौरासी ब्लॉक में जाजामऊ, जाजामऊ एहतमाली, जाजामऊ गैर एहतमाली, दबौली, गड़ाई, खग्गापुरवा, धन्नापुरवा, अवधिनखेड़ा, इस्माइलपुर, नौगवां, कटरी, तोरणा सहित 50 गांव।
- सफीपुर ब्लॉक में अल्लीपुर, शेरपुर, रायपुर, सहित 12 से अधिक गांव।
- सदर तहसील में पनपथा, गंगादीनखेड़ा, ललतूपुरवा, बंदनपुरवा, देबीपुरवा, मानाबंगला, बाबूबंगला, चंदीबंगला, कुलवा, बेनीपुरवा, महानंदपुरवा, पेपरा सहित 36 गांव।
- बीघापुर तहसील बक्सर, पाटन आदि क्षेत्रों में करीब 100 गांव।

"अभी जिले में बाढ़ की स्थिति नहीं है। फिर भी तहसीलस्तर पर कंट्रोलरूम खोल दिए गए हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह गंगा के जलस्तर पर नजर बनाए रखें। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति को लेकर तैयारी बनाए रखें।

नरेंद्र सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व

## एक घायल लखनऊ रेफर, पांच एसी बस से घर रवाना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सड़क हादसे का शिकार हुए मृतकों में तीन का गुरुवार को पोस्टमार्टम हुआ। वहीं, इमरजेंसी वार्ड में भर्ती छह घायलों में पांच की हालत में सुधार होने पर एसी बस से बिहार भेजा गया। डीएम, एडीएम व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह बेहटामुजावर थानाक्षेत्र में बिहार प्रांत के शिवहर शहर से 70 सवारियां लेकर दिल्ली जा रही स्लीपर बस ओवरटेक करने के दौरान दूध के टैंकर से टकरा गई थी। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई थी। घायल हुए 23 यात्रियों में 14 को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। सात घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर और एक को कानपुर हैलट रेफर किया गया था। जिला अस्पताल में एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित छह का इलाज चल रहा था। दूसरे दिन गुरुवार को घायलों में बिहार के शिवहर शहर के थाना तरियानी के मौलागंज निवासी सद्दाम (35), थाना आमिरखान के गांव सिगौरी निवासी शबाना (40), उनकी बेटी नगमा (20), बहू चांदनी (22) और नौ माह की पौत्री सनाया की हालत में सुधार होने पर छुट्टी देकर घर भेजा गया। प्रशासन ने घायलों को उनके घर पहुंचाने के लिए एसी बस की व्यवस्था कराई।

डीएम गौरांग राठी, एडीएम न्यायिक विकास कुमार, तहसीलदार अविनाश चौधरी, एआरटीओ मौजूद रहे। नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने रास्ते के लिए जूस और पानी की व्यवस्था कराई। वहीं घायल बीटू कुमार के दाहिने पैर में फैक्चर और बाएं पैर में भी चोट होने से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। अपराध निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि बिहार भेजे गए लोगों के साथ एक सिपाही को भी भेजा गया है।

वहीं, बिहार के करसरी नयागांव डुमरी निवासी नौशाद आलम (38), शिवहर जिले के रामपुर केशव निवासी मो. मुर्तजा (48) और शिवहर के थाना पिपरारी के गांव पकरी निवासी भरत राय (45) के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। तीनों शवों को एसी एंबुलेंस से भेजा गया है।

डीएम गौरांग राठी ने बताया कि घायलों की हालत में सुधार होने पर उन्हें बस से घर भेजा गया है। शेष तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। एक मरीज गंभीर था उसे लखनऊ रेफर करा दिया गया है। व्यवस्था की मरीजों ने तारीफ की।

## मथुरा में आंधी-बारिश का कहर

जन एक्सप्रेस । मथुरा

मथुरा शहर से शुरू हुई बारिश बृहस्पतिवार शाम को देहात में तेज हो गई। साथ में तेज आंधी भी चली। इससे कई जगह लोगों को भारी नुकसान हुआ।हाईवे थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में दीवार के नीचे दबकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं, नौगांव में टिन शेड गिरने से उसके नीचे बैठे दो लोग घायल हो गए। बारिश से शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया। उधर देहात में आंधी और बारिश से जानमाल दोनों का नुकसान हुआ। फरह के बेरी मार्ग पर कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के पोल गिर गए। एक पेड़ स्कूटी पर गिर गया। उसका चालक बाल-बाल बचा। वहीं, सौंख रोड पर भी कई स्थानों पर पेड़ और पोल गिर गए। इसके चलते यातायात अवरुद्ध हो गया।

## शिक्षिका को चाकू मारने वाले को 20 माह की सजा

**नौ अक्तूबर 2004 को वह विद्यालय के बच्चों को पढ़ा रही थीं।**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सहायक शिक्षिका को चाकू मारने वाले को न्यायाधीश ने 20 माह की सजा सुनाई। साथ ही 15 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

असोहा थानाक्षेत्र के गांव संडेली निवासी सीताराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी बहू कालूखेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षिका के पद पर तैनात हैं। नौ अक्तूबर 2004 को वह विद्यालय के बच्चों को पढ़ा रही थीं। दोपहर करीब 1.45 बजे पर कालूखेड़ा निवासी सुरेश वहां आया। उसने स्कूल में पढ़ने वाले उसके बेटे का वजीफा और गेहूं संबंधी रजिस्टर दिखाने के लिए कहा। बहू ने अधिकारी के आने पर रजिस्टर दिखाने की बात कही तो सुरेश आक्रोशित हो गया और चाकू से बहू की पीठ और पेट पर वार करके भाग गया।


उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **06.08.2024** को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 06702024 दिनांक 12.07.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 11/Sr.DEN-IV/LKO/2024-25 2. 16/Sr.DEN-V/LKO/2024-25 3. 06/Sr.DEN-I-LKO/2024-25 4. 16/Sr.DEN-III/LKO/2024-25 5. 17/Sr.DEN-III/LKO/2024-25 6. 19/Sr.DEN-VI/LKO/2024-25 7. 17/Sr.DEN-V/LKO/2024-25 |
| 3 | **कार्य का नामः** 1. लखनऊ मंडल में वरि0 मण्डल इंजी/चतुर्थ/लखनऊ के अधीन ड्रोन/टॉली आधारित LiDAR का उपयोग करके स्थलाकृति का कार्य। 2. लखनऊ मंडल में वरि0 मण्डल इंजी/पंचम/लखनऊ के अधीन ड्रोन/टॉली आधारित LiDAR का उपयोग करके स्थलाकृति का कार्य। 3. लखनऊ मंडल में वरि0 मण्डल इंजी/प्रथम/लखनऊ एवं वरि0 मण्डल इंजी/द्वितीय/लखनऊ के अधीन ड्रोन/टॉली आधारित LiDAR का उपयोग करके स्थलाकृति का कार्य। 4. वरि0 मण्डल इंजी/तृतीय/लखनऊ के अधीन एलसी नंबर 9 सी (एस.ओ.पी-बी.आर.पी.टी.) 31 स्पे (एस.आई.क्यू-जे.एल.एल), 35 स्पे. (एस.आई.क्यू-जेड.बी.डी), 19 स्पे. (बी.टी.पी-के.एस.एफ) पर कुल=05 एल सी गेट पर आई.पी.एस. रूम और बैटरी रूम का निर्माण। 5. लखनऊ मंडल में वरि0 मण्डल इंजी/तृतीय/लखनऊ के अधीन ड्रोन/टॉली आधारित LiDAR का उपयोग करके स्थलाकृति का कार्य। 6. लखनऊ मंडल में वरि0 मण्डल इंजी/षष्ठम/लखनऊ के अधीन ड्रोन/टॉली आधारित LiDAR का उपयोग करके स्थलाकृति का कार्य। 7. अयोध्या कैंटः सहा0 मण्डल इंजी/अयोध्या कैंट के अधीन एस.एस.ई./वर्क्स/अयोध्या कैंट के खण्ड में अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर पुराने स्टेशन भवन को तोड़ना और सर्कुलेटिंग एरिया का पुनर्विकास करना। | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 42,18,000.00 2. Rs. 30,21,000.00 3. Rs. 26,22,000.00 4. Rs. 77,51,058.22 5. Rs. 17,86,000.00 6. Rs. 30,02,000.00 7. Rs. 61,30,074.95 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 84,400.00 2. Rs. 60,400.00 3. Rs. 52,400.00 4. Rs. 1,55,000.00 5. Rs. 35,700.00 6. Rs. 60,000.00 7. Rs. 1,22,600.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधिः** 1 से 4 व 6 के लियेः स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह माह। 4 के लियेः स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चार माह। 7 के लियेः स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दो माह। | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 23.07.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 06.08.2024 15:00 बजे |
| 9 | बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2139/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 25 जून 'संविधान हत्या दिवस' घोषित

## केंद्र सरकार का ऐलान, नोटिफिकेशन जारी, 1975 में इसी दिन लगी थी इमरजेंसी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार 12 जुलाई को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया है। शाह ने लिखा, 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया।

### 'इमरजेंसी लगाने वाले संविधान पर प्यार न जताएं'

इस साल 25 जून को इमरजेंसी की 49वीं बरसी थी। इससे एक दिन पहले यानी 24 जून को 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में विपक्षी सांसदों ने संविधान की कॉपी लेकर शपथ ली थी। इसे लेकर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि इमरजेंसी लगाने वालों को संविधान पर प्यार जताने का अधिकार नहीं है। पीएम मोदी ने एक के बाद एक एक्स पर चार पोस्ट किए। उन्होंने कहा जिस मानसिकता की वजह से इमरजेंसी लगाई गई, वह आज भी इसी पार्टी में जिंदा है। इसके जवाब में कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि देश को दूसरी इमरजेंसी से बचाने के लिए जनता से इस बार वोट किया है। हमारे संविधान ने ही जनता को आने वाली एक और इमरजेंसी रोकने की याद दिलाई है।



### पीएम ने संसद सत्र के पहले दिन इमरजेंसी का जिक्र किया था

संसद सत्र (24 जून से 3 जुलाई) शुरू होने से आधे घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र किया। 25 जून न भूलने वाला दिन है। इसी दिन संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था। भारत को जेलखाना बना दिया गया था। लोकतंत्र को पूरी तरह दबोच दिया गया था। उन्होंने कहा था कि भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में फिर कभी कोई ऐसी हिम्मत नहीं करेगा, जो उस समय किया गया था। भारत की नई पीढ़ी ये कभी नहीं भूलेगी की संविधान को इमरजेंसी के दौरान पूरी तरह नकार दिया गया था।

### पीएम ने इसे काला दौर बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाना इस बात की याद दिलाएगा कि उस दिन क्या हुआ था और भारत के संविधान को कैसे कुचला गया था। ये भारत के इतिहास में कांग्रेस द्वारा लाया गया एक काला दौर था। उधर, कांग्रेस ने सरकार के इस फैसले को एक और सुर्खियां बटोरने वाली कवायद बताया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, यह नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री की एक और सुर्खियां बटोरने वाली कवायद है, जिसने दस साल तक अघोषित आपातकाल लगाया था। उसके बाद भारत के लोगों ने उसे 4 जून, 2024 को एक निर्णायक व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार दी- जिसे इतिहास में मोदी मुक्ति दिवस के रूप में जाना जाएगा।

### कब और किसने 21 महीने के लिए लगाई गई थी इमरजेंसी

25 जून 1975 को देश में 21 महीने के लिए इमरजेंसी लगाई गई थी। तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी के कहने पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने इमरजेंसी के आदेश पर दस्तखत किए थे। इसके बाद इंदिरा ने रेडियो से आपातकाल का ऐलान किया। आपातकाल की जड़ें 1971 में हुए लोकसभा चुनाव से जुड़ी थीं, जब इंदिरा ने रायबरेली सीट पर एक लाख से भी ज्यादा वोट से संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के राजनारायण को हराया था। लेकिन राजनारायण चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचे। 12 जून 1975 को हाईकोर्ट ने इंदिरा का चुनाव निरस्त कर 6 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी। वे 23 जून 1975 को सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई और इंदिरा को प्रधानमंत्री बने रहने की इजाजत दे दी। इसके बाद इंदिरा ने देश में इमरजेंसी का ऐलान कर दिया।

# नेपाल में प्रचंड की सरकार गिरी

## फ्लोर टेस्ट हारने के बाद पीएम पद से इस्तीफा दिया, चीन समर्थक ओली बन सकते हैं प्रधानमंत्री

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, वह संसद में विश्वासमत हासिल करने में नाकाम रहे। वे सिर्फ 1 साल 6 महीने ही प्रधानमंत्री रह पाए। फ्लोर टेस्ट में उन्हें 275 में से सिर्फ 63 सांसदों का साथ मिला। नेपाल की नेशनल असेंबली के 194 सांसदों ने उनके खिलाफ वोट किया। उन्हें सरकार बचाने के लिए 138 सांसदों के समर्थन की जरूरत थी। दरअसल, इस महीने की शुरुआत में चीन समर्थक केपी शर्मा ओली की पार्टी सीपीएम-यूएनएल ने प्रधानमंत्री प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल से गठबंधन तोड़ लिया था। इसके बाद उनकी सरकार अल्पमत में आ गई थी। नेपाल के संविधान के आर्टिकल 100 (2) के तहत उन्हें एक महीने में बहुमत साबित करना था। वे आज इसमें फेल हो गए।



### चीन समर्थक ओली ने देउबा का दामन थामा

ओली की पार्टी सीपीएम-यूएनएल ने देश की सबसे बड़ी पार्टी शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस से गठबंधन करने का फैसला किया है। बता दें कि शेर बहादुर देउबा को भारत समर्थक माना जाता है, वहीं ओली चीन के करीबी माने जाते हैं। देउबा और ओली के बीच में प्रधानमंत्री पद को लेकर बातचीत हुई है। काठमांडू पोस्ट ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि नई सरकार में डेढ़ साल तक केपी शर्मा ओली पीएम बनेंगे। इसके बाद बचे हुए कार्यकाल तक देउबा प्रधानमंत्री बनेंगे।

# आईएएस पूजा खेडकर के पास 22 करोड़ की प्रॉपर्टी

## इनसे सालाना 42 लाख कमाई, जिस ऑडी पर लाल-नीली बत्ती लगवाई, उस पर 26 हजार का चालान



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र के पुणे में 34 साल की ट्रेनी आईएएस ऑफिसर पूजा खेडकर अपने पीएससी सिलेक्शन को लेकर विवादों में हैं। अब उनके नाम करोड़ों की संपत्ति का खुलासा हुआ है। पूजा खेडकर करीब 17-22 करोड़ की प्रॉपर्टी की मालकिन हैं। पूजा ने साल 2023 में जॉइनिंग से पहले सरकार को दिए अपनी अचल संपत्ति के ब्योरे में बताया कि उन्होंने 2015 में पुणे के म्हालुंगे में 2 प्लॉट खरीदे। इसमें उन्होंने एक प्लॉट 42 लाख 25 हजार रुपए और दूसरा प्लॉट 43 लाख 50 हजार रुपए में खरीदा। अभी दोनों प्लॉट की मार्केट वैल्यू 6 से 8 करोड़ रुपए के बीच है। पूजा ने 2018 में पुणे के धनेरी इलाके में 20 लाख 79 हजार रुपए में 4.74 हेक्टेयर जमीन खरीदी। इसकी कीमत 3 से 4 करोड़ रुपए है। पूजा ने 2020 में 44 लाख 90 हजार रुपए में केंधवा में 724 स्क्वायर फीट का एक फ्लैट खरीदा, जिसकी कीमत अभी 75 लाख रुपए है।

### करोड़ों की प्रॉपर्टी से हर साल 45 लाख की इनकम

रिपोर्ट के मुताबिक, अहमदनगर में भी पूजा के नाम तीन प्रॉपर्टी हैं। इनमें दो जमीन उनकी मां ने उन्हें 2014 में गिफ्ट के तौर पर दी। इनकी कीमत करीब 1.25 करोड़ रुपए है। सवेदी में पूजा ने 2019 में 20 लाख 25 हजार रुपए में एक जमीन खुद खरीदी। अभी इसकी कीमत 45 लाख रुपए है। इन सभी 7 प्रॉपर्टी से पूजा हर साल करीब 42 लाख रुपए कमा रही हैं। पूजा के पिता दिलीप खेडकर के नाम पर करीब 40 करोड़ की संपत्ति है। दिलीप खेडकर महाराष्ट्र सरकार के रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी हैं। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा और 2024 में अहमदनगर सीट से वंचित बहुजन अघाडी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए।

### पूजा ऑडी कार के बजाय बोलेरो से वाशिम ऑफिस पहुंचीं

खेडकर ने गुरुवार (11 जुलाई) को विदर्भ क्षेत्र के वाशिम जिला कलेक्ट्रेट में असिस्टेंट कलेक्टर के तौर पर जॉइन किया। विवाद के बाद उन्हें पुणे से यहां ट्रांसफर किया गया है। हालांकि, खेडकर ऑडी की जगह बोलेरो से वाशिम ऑफिस पहुंचीं। गुरुवार (11 जुलाई) को पुणे पुलिस अधिकारी खेडकर की कार पर लाल-नीली बत्ती लगाने और वीआईपी नंबर लेने के आरोपों की जांच करने के लिए पुणे स्थित उनके आवास पहुंचे। हालांकि, पूजा की मां मनोरमा खेडकर ने बंगले का गेट अंदर से बंद कर लिया और पुलिस को धमकी दी कि वह सभी को अंदर डाल देंगी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद पुलिस बिना जांच किए ही वहां से लौट गई।

### जिस ऑडी पर घूमती है, उस पर 26 हजार का चालान

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूजा खेडकर अपनी पोस्टिंग के दौरान जिस ऑडी कार पर लाल-नीली बत्ती और महाराष्ट्र सरकार का स्टिकर लगाकर घूमती थी, उस पर 26 हजार रुपए का जुर्माना बकाया है। 2022 से अब तक तेज गति से गाड़ी चलाने, सिग्नल तोड़ने और पुलिस के पूछने पर रुकने से इनकार करने जैसे ट्रैफिक रूल्स तोड़ने को लेकर ऑडी के 21 चालान पेंडिंग हैं। ऑडी कार एक प्राइवेट इंजीनियरिंग कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है। आरटीओ ने गुरुवार (11 जुलाई) को इंजीनियरिंग कंपनी को नोटिस जारी किया है। आरटीओ के एक अधिकारी ने शुक्रवार (12 जुलाई) को बताया कि पुणे आरटीओ ने पुणे स्थित एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को नोटिस जारी किया है, जिसके नाम पर रू।-12एआर-7000 नंबर वाली ऑडी रजिस्टर्ड है। नोटिस में कंपनी को जांच के लिए ऑडी कार को तुरंत आरटीओ में पेश करने के लिए कहा गया है।

### पूजा खेडकर की जांच के लिए कमेटी बनी

केंद्र ने गुरुवार (11 जुलाई) को विवादों में घिरी ट्रेनी अधिकारी पूजा खेडकर की उम्मीदवारी को वेरिफाई करने के लिए सिंगल मेंबर कमेटी का गठन किया है। पूजा खेडकर पर आरोप है कि उन्होंने विकलांगता और ओबीसी आरक्षण कोटे का दुरुपयोग करके आईएएस में पद हासिल किया। केंद्र ने एक बयान में कहा कि यह जांच एडिशनल सेक्रेटरी रैंक के अफसर करेंगे। इस जांच का मकसद 2023 बैच की अधिकारी खेडकर की उम्मीदवारी के दावों और अन्य डिटेल को वेरिफाई करना होगा। समिति अपनी रिपोर्ट दो हफ्तों में पेश करेगी। पूजा से जब उनकी जांच के लिए गठित कमेटी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। पूजा ने कहा कि मुझे इस मामले पर कुछ भी बोलने का अधिकार नहीं है। सरकारी नियम के मुताबिक मुझे इस मामले पर बोलने की इजाजत नहीं है।

# जून में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.08 प्रतिशत हुई

## यह 4 महीने का उच्चतम स्तर, खाने-पीने का सामान महंगा होने से बढ़ी महंगाई



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

जून में रिटेल महंगाई बढ़कर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह महंगाई का 4 महीने का उच्चतम स्तर है। अप्रैल में महंगाई 4.85 प्रतिशत रही थी। वहीं एक महीने पहले मई में महंगाई 4.75 प्रतिशत रही थी। नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस ने शुक्रवार, 12 जुलाई को ये आंकड़े जारी किए। खाने-पीने का सामान महंगा होने से महंगाई बढ़ी है। खाद्य महंगाई दर 8.69 से बढ़कर 9.36 प्रतिशत हो गई है। वहीं शहरी महंगाई भी महीने-दर-महीने आधार पर 4.21 प्रतिशत से बढ़कर 4.39 प्रतिशत पर आ गई है। ग्रामीण महंगाई दर भी 5.34 प्रतिशत से बढ़कर 5.66 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

### महंगाई कैसे प्रभावित करती है?

महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6त्न है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 94 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी।

### महंगाई कैसे बढ़ती-घटती है?

महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।

### सीपीआई से तय होती है महंगाई

एक ग्राहक के तौर पर आप और हम रिटेल मार्केट से सामान खरीदते हैं। इससे जुड़ी कीमतों में हुए बदलाव को दिखाने का काम कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी सीपीआई करता है। हम सामान और सर्विसेज के लिए जो औसत मूल्य चुकाते हैं, सीपीआई उसी को मापता है। कच्चे तेल, कमोडिटी की कीमतों, मेन्युफैक्चर्ड कॉस्ट के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जिनकी रिटेल महंगाई दर तय करने में अहम भूमिका होती है। करीब 300 सामान ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर रिटेल महंगाई का रेट तय होता है।

# अजीत डोभाल ने अमेरिकी समकक्ष से की बात, वैश्विक चुनौतियों से निपटने को लेकर हुई चर्चा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन से टेलीफोन पर बातचीत की है। दोनों के बीच जुलाई 2024 और इसके बाद होने वाली द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों सहित क्वाड और आगामी उच्च स्तरीय बैठक को लेकर चर्चा हुई।

**दोनों देशों ने वैश्विक चुनौती से निपटने को लेकर चर्चा की: विदेश मंत्रालय:** विदेश मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों देशों के एनएसए भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशो रिश्ते मूल्यों, सामान्य रणनीतिक और सुरक्षा हितों पर आधारित हैं। दोनों अधिकारियों ने शांति और सुरक्षा के लिए वैश्विक चुनौतियों से निपटने और व्यापक रणनीतिक साझेदारी का और विस्तार करने के लिए सामूहिक रूप से काम करने की आवश्यकता दोहराई है।

**दूसरी बार एनएसए बनाए जाने पर चीनी विदेश मंत्री दी बधाई:** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के दूसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाए जाने पर चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने बधाई संदेश भेजा है। वहीं भारत-चीन सीमा मुद्दे के लिए विशेष प्रतिनिधि के रूप में अजीत डोभाल की फिर से नियुक्ति पर वांग यी ने कहा कि चीन और भारत के बीच ऐसे संबंध हैं जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे हैं और जिनका वैश्विक महत्व बढ़ रहा है।

# केजरीवाल को ईडी केस में जमानत

## सीबीआई केस में जेल में ही रहेंगे, सुप्रीम कोर्ट बोला, सीएम बने रहना है या नहीं खुद तय करें

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

शराब नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी है। जस्टिस संजीव खन्ना ने जमानत देते हुए कहा- केजरीवाल 90 दिन से जेल में हैं। इसलिए उन्हें रिहा किए जाने का निर्देश देते हैं। हम जानते हैं कि वह चुने हुए नेता हैं और ये उन्हें तय करना है कि वे मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं या नहीं। जस्टिस खन्ना ने कहा- हम ये मामला बड़ी बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं। गिरफ्तारी की पॉलिसी क्या है, इसका आधार क्या है। इसके लिए हमने ऐसे 3 सवाल भी तैयार किए हैं। बड़ी बेंच अगर चाहे तो केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर बदलाव कर सकती है। केजरीवाल को श्वष्ठ ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। उसके बाद राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें कस्टडी में भेज दिया था। गिरफ्तारी और कस्टडी को केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जिस पर सुनवाई हुई। केजरीवाल को ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत मिली है। उनके खिलाफ दूसरा मामला सीबीआई का है। जिसमें उनकी न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ गई है, इसलिए वे जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे।

### आप ने कहा, कोर्ट ने भाजपा सरकार को सबक सिखाया

केजरीवाल को जमानत मिलने के फैसले के आते ही आम आदमी पार्टी ने कहा- उम्मीद है जल्द ही केजरीवाल को सीबीआई मामले में भी जमानत मिल जाएगी। सुप्रीम कोर्ट से केजरीवाल को मिली अंतरिम जमानत से यह साबित होता है कि आबकारी नीति केस उनके खिलाफ भाजपा की साजिश है। हर अदालत ने केजरीवाल के खिलाफ भाजपा की साजिश को उजागर किया है।



### हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी को सही ठहराया था

केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और उसके बाद जांच एजेंसी की हिरासत में भेजे जाने को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। 9 अप्रैल को दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही करार दिया था। इस फैसले के खिलाफ केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल को केजरीवाल की याचिका पर श्वष्ठ से जवाब मांगा था। हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही बताते हुए कहा था कि इसमें कुछ भी अवैध नहीं था, क्योंकि केजरीवाल कई समन भेजे जाने के बाद भी पूछताछ के लिए श्वष्ठ ऑफिस नहीं आए। इसके बाद श्वष्ठ के पास उन्हें गिरफ्तार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

### शराब नीति केस में सातवीं सप्लिमेंट्री चार्जशीट दाखिल की

इधर, शराब नीति केस में ईडी ने दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सातवीं सप्लिमेंट्री चार्जशीट पेश की। 208 पेज की इस चार्जशीट में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को केस का सरगना और साजिशकर्ता बताया गया है। चार्जशीट में कहा गया कि स्कैम से मिला पैसा आम आदमी पार्टी पर खर्च हुआ है। ईडी ने चार्जशीट में कहा कि केजरीवाल ने 2022 में हुए गोवा चुनाव में आप के चुनाव अभियान में यह पैसा खर्च किया। दावा किया गया है कि केजरीवाल ने शराब बेचने के कॉन्ट्रेक्ट के लिए साउथ ग्रुप के सदस्यों से 100 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगी थी, जिसमें से 45 करोड़ रुपए गोवा चुनाव पर खर्च किए गए थे। ईडी ने जोर देकर कहा कि केजरीवाल ने दावा किया कि आप के पूर्व मीडिया प्रभारी और इस केस के सह-आरोपी विजय नायर ने उनके नहीं, बल्कि मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज के अधीन काम किया था। इसमें यह भी दावा किया गया है कि सीएम ने कहा कि दुर्गेश पाठक गोवा के राज्य प्रभारी थे और फंड का प्रबंधन करते थे और फंड से संबंधित निर्णयों में उनकी खुद कोई भूमिका नहीं थी और उन्हें भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता से रिश्वत नहीं मिली थी।

# स्टालिन के तमिलनाडु की उपेक्षा करने के आरोप को केंद्र ने किया खारिज, कहा, कई योजनाओं का बढ़ाया बजट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने आरोप लगाया था कि दक्षिणी राज्य में विकास परियोजनाओं के लिए केंद्र धनराशि रोक रहा है। केंद्र सरकार ने उनके इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। साथ ही उन्होंने तमिलनाडु में पिछले दिनों योजनाओं के लिए दी गई धनराशि में वृद्धि के बारे में बताया। केंद्र ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के उन आरोपों को खारिज कर दिया है। जिसमें उन्होंने वह दक्षिणी राज्य में विकास परियोजनाओं के लिए धनराशि रोक रहा है। केंद्र सरकार ने बताया कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में तमिलनाडु में रेलवे, राजमार्ग, हवाई अड्डों और सामाजिक एवं ग्रामीण क्षेत्रों की योजनाओं के लिए धनराशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

# बिम्सटेक विदेश मंत्रियों की बैठक का हुआ समापन पीएम मोदी ने भी की विदेश मंत्रियों से मुलाकात

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दो दिवसीय बिम्सटेक विदेश मंत्रियों के साथ बैठक के समापन के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारी बातचीत में बिम्सटेक सहयोग के सभी पहलुओं पर चर्चा हुई। कनेक्टिविटी को मजबूत करने, संस्थागत निर्माण, व्यापार और व्यवसाय में सहयोग, स्वास्थ्य और अंतरिक्ष में सहयोग, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, क्षमता निर्माण और सामाजिक आदान-प्रदान के साथ-साथ नए तंत्रों के गुणों पर भी चर्चा हुई।

### सात देशों का क्षेत्रीय संगठन है बिम्सटेक

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शिखर सम्मेलन की सराहना करते हुए इसे काफी फलदायी बताया और बैठकों को अत्यधिक उपयोगी बताया। बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) समूह के सदस्य देशों के विदेश मंत्री बंगाल की खाड़ी के देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आज दिल्ली में एकजुट हुए। बता दें कि बिम्सटेक एक क्षेत्रीय संगठन है जिसमें सात सदस्य देश शामिल हैं - बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड।

### पीएम मोदी ने भी विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

इससे पहले आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिम्सटेक के सदस्य देशों से मुलाकात की और क्षेत्रीय सहयोग सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के तरीकों के अलावा, बातचीत में कनेक्टिविटी, ऊर्जा, व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान, सुरक्षा और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान को बेहतर बनाने पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में, पीएम मोदी ने बिम्सटेक शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए थाईलैंड को पूरा समर्थन दिया। इस दौरान बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री (एमओएस) पाबित्रा मार्गेरिटा और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी शामिल हुए। इस बैठक के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा- बिम्सटेक विदेश मंत्रियों से मिलकर खुशी हुई। कनेक्टिविटी, ऊर्जा, व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान, सुरक्षा और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। सफल शिखर सम्मेलन के लिए थाईलैंड को पूरा समर्थन दिया।






### जयशंकर ने थाईलैंड के विदेश मंत्री से की मुलाकात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को थाईलैंड के विदेश मंत्री मैरिस सांगियाम्पोंगसा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें दोनों मंत्रियों ने राजनीतिक, रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और निवेश, और पर्यटन सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय मामलों, भारत-आसियान, हिंद प्रशांत और संयुक्त राष्ट्र में सहयोग पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर मुलाकात की तस्वीरें भी साझा कीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)